सूर्योदय 5:38 सूर्यास्त 7:20

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.6 न्यू | 20.2 अधि |
| धर्मशाला | 18.6 न्यू | 29.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,337.95 |
| निफ्टी | 24,821.10 |

सोना 1,00,000 चांदी 1,15,900

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को सौंपी आपदा और नशे की गंभीर रिपोर्ट

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 30 जुलाई 2025 | 15 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 212, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### केरल की नर्स निमिषा की यमन में मौत की सजा रद्द



**एजेंसी,नई दिल्ली।** केरल की नर्स निमिषा प्रिया को जीवनदान मिल गया है। यमन में उनकी मौत की सजा रद्द हो गई है। निमिषा यमन में अपने बिजनेस पार्टनर की हत्या के केस में मौत की सजा का सामना कर रही थी। भारतीय ग्रैंड मुफ्ती कंथापुरम एपी अबूबक्कर मुसलियार के कार्यालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'निमिषा प्रिया की मौत की सजा, जिसे पहले निलंबित किया गया था, अब पूरी तरह से रद्द कर दी गई है। सना में आयोजित एक उच्च-स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया। (अनंत ज्ञान)

### 'प्रलय' के लगातार दो सफल परीक्षण किए

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने मंगलवार को कहा कि उसने ओडिशा तट के पास डॉ. अब्दुल कलाम द्वीप से 'प्रलय' मिसाइल के लगातार दो परीक्षण किए हैं। डीआरडीओ ने कहा कि मिसाइल निर्धारित दिशा में सटीक रूप से आगे बढ़ीं और बिलकुल सटीकता के साथ निर्धारित लक्ष्य पर पहुंचीं। एजेंसी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'प्रलय मिसाइल के लगातार दो परीक्षण 28 और 29 जुलाई 2025 को सफलतापूर्वक किए गए। ये परीक्षण 'यूजर इवेल्युएशन ट्रायल' का हिस्सा थे, जिनका उद्देश्य मिसाइल प्रणाली की न्यूनतम और अधिकतम मारक क्षमता को परखना था। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- भारी बारिश से सुजानपुर-संधोल सड़क बंद, यात्री परेशान पेज 2
- हिमाचल के सभी सरकारी स्कूलों में अब छात्र बोलेंगे स्थानीय बोली -पेज 6
- सियोग में भारी बारिश से खतरे में मकान, दरारें देख सहमा परिवार -पेज 9
- सोलन-सुबाथू रोड पर जानलेवा हुआ सफर -पेज 12





# मंडी में 3 जगह फटे बादल; 4 की मौत, 100 से अधिक वाहन तबाह

## दर्जनों घरों में आया मलबा, लोगों ने खिड़कियां तोड़कर बचाई जान

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**मंडी।** मंडी में 10 घंटे से लगातार हो रही भारी बारिश मंगलवार सुबह कहर बनकर बरपी। गंधर्व जंगल में तीन जगह फटे बादल के कारण 4 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों घरों में मलबा भरने से लोग खिड़कियां तोड़ पर अपनी जान बचा पाए हैं। कहर बनकर बहते मलबे ने 100 से अधिक वाहनों को तबाह कर दिया है।

जेल रोड में पूर्व पार्षद कृष्णा के परिवार पर बादल कयामत बनकर टूट पड़ा है। पूर्व पार्षद का परिवार अपने परिवार की रोजी-रोटी का जरिया ऑटो को नाले में बहने से बचाने के लिए वहां पहुंच गए। कृष्णा का छोटा बेटा बलवीर सिंह पुत्र किशन सिंह, बड़ी बहू सपना पत्नी दर्शन सिंह और पोता अमनदीप सिंह पुत्र दर्शन सिंह की नाले में आई बाढ़ में बह गए और उनकी मौत हो गई, जबकि कृष्णा के बड़े बेटे दर्शन सिंह की टांग टूट गई है, उसका क्षेत्रीय अस्पताल मंडी में उपचार चल रहा है।


मंगलवार सुबह बलवीर सिंह अपने ऑटो को नाले से हटाने के लिए घर से निकला तो उसके पीछे परिवार के अन्य सदस्य उसकी पत्नी, भाई दर्शन सिंह, भाभी सपना, भतीजा अमनदीप भी आटो को निकालने के लिए गए। उस समय नाले में इतना पानी नहीं था। ऑटो को निकालने के लिए घर से रस्सी लाने के लिए बलवीर ने अपनी पत्नी को भेजा। इतने में पीछे से पानी के साथ मलबा, पत्थर आ गए और वे तीनों संभल नहीं पाए, मलबे की चपेट में आ गए। बलबीर और अमनदीप के शव तो बरामद हो गए, लेकिन सपना का कहीं अता पता नहीं चला। इसके पश्चात तलाश करने के बाद सपना का शव भी बरामद कर लिया गया। इसी बीच देर रात एक और मजदूरका शव बरामद हुआ। वहीं, पैलेस कालोनी, मट, सैण मोहल्ला, मंडी-सुंदरनगर रोड पर ठंडी बावड़ी के पास मलबा गिरने से भारी तबाही हुई है, जबकि न्यू विक्टोरिया ब्रिज के पास चट्टानें गिरने से यातायत बाधित रहा।





मंडी में बादल फटने से हुई तबाही के मंजर।

### सीएम सुक्खू ने दिए फौरी राहत के निर्देश



**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंडी शहर में बादल फटने की दर्दनाक घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन को फौरी राहत के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता मुहैया कराई जाए। मुख्यमंत्री ने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। वहीं, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी कहा कि जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने तत्काल राहत और बचाव कार्यों का संचालन किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि आपदा प्रभावितों को इस मुश्किल घड़ी में हरसंभव सहयोग दिया जाएगा, और जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा का पीएम ने दिया जवाब

# दुनिया के किसी नेता ने नहीं, पाक की गुहार पर रुकवाई जंग : मोदी

एजेंसी, नई दिल्ली



संसद के मानसून सत्र में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चली दो दिवसीय चर्चा का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जवाब देते हुए कहा कि 'पहलगाम हमला भारत को हिंसा की आग में झोकने का सुविचारित प्रयास था, देश में दंगे फैलाने की साजिश थी।'

उन्होंने कहा कि वे 'भारत का पक्ष रखने के लिए खड़े हुए हैं और जिन्हें भारत का पक्ष नहीं दिखता, उन्हें आईना दिखाने के लिए खड़े हैं।' मोदी ने साफ शब्दों में कहा कि दुनिया के किसी नेता ने भारत से ऑपरेशन रोकने के लिए नहीं कहा। पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ से हमला रोकने की गुहार लगाई थी, क्योंकि वो हमारा हमला नहीं झेल पा रहा था। आज पाकिस्तान के कई एयरबेस आईसीयू में पड़े हैं। 'दुनिया ने मेक इन इंडिया की ताकत देखी है। भारत में बने हथियारों ने पाकिस्तान की पोल खोल दी।'

उन्होंने तीनों सेनाओं की तालमेल की भी तारीफ की कहा, 'आर्मी, एयरफोर्स और नेवी की एकजुटता ने पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिए।' मोदी ने सिंधु जल संधि को लेकर कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा, 'यह समझौता देश के साथ बहुत बड़ा धोखा था' पीएम मोदी ने सवाल उठाया, 'आखिर किस सोच के तहत 80 फीसदी पानी पाकिस्तान को दे दिया गया?'

उन्होंने कहा, 'जिस देश ने भारत को दुश्मन कहा, उसी को हमने पानी दिया। क्या यह कोई समझदारी थी?' वहीं, मोदी ने कांग्रेस की ऐतिहासिक गलतियां भी गिनाईं। मोदी डिफेंस में भारत का आत्मनिर्भर होना आज के समय में विश्व शांति के लिए भी जरूरी है। मैं पहले भी कह चुका हूं भारत युद्ध का नहीं, बुद्ध का देश है।

### राहुल बोले-दम है तो पीएम मोदी कहें ट्रंप झूठे



**लोकसभा** में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दूसरे दिन बहस में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाषण दिया। राहुल ने कहा कि ट्रंप ने 29 बार कहा है कि हमने युद्ध रुकवाया। अगर दम है तो प्रधानमंत्री यहां सदन में यह बोल दें कि वह झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर पीएम मोदी में इंदिरा गांधी की तरह 50 प्रतिशत भी दम है तो कह दीजिए कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत का एक भी फाइटर जेट नहीं गिरा है। वहीं, उन्होंने देर रात संसद के बाहर कहा कि पीएम मोदी ने चीन के खिलाफ एक भी शब्द नहीं बोला। वहीं, प्रियंका ने कहा कि लोग सरकार के भरोसे पहलगाम गए थे, लेकिन सरकार ने उन्हें भगवान भरोसे छोड़ दिया। पहलगाम में जब लोगों को मारा जा रहा था, तब वहां एक भी सुरक्षाकर्मी नहीं दिखा। पीएम 'ऑपरेशन सिंदूर' का श्रेय लेने आगे आ जाते हैं, जिम्मेदारी लेने क्यों नहीं आते।

# हिमाचल में 'शून्य' स्टूडेंट्स संख्या वाले 100 स्कूल बंद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता और संसाधनों के कुशल उपयोग को ध्यान में रखते हुए एक बड़ा कदम उठाया है। राज्य में 'शून्य' छात्र संख्या वाले 100 प्राइमरी और मिडल स्कूलों को बंद कर दिया गया है, जबकि पांच या उससे कम छात्रों वाले 120 प्राइमरी स्कूलों को पास के बेहतर सुविधाओं वाले स्कूलों में मर्ज किया गया है।

यह निर्णय न केवल शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में है, बल्कि बच्चों को एक अधिक प्रभावी और समावेशी शैक्षणिक वातावरण देने की कोशिश भी है। छोटे स्कूलों में अक्सर शिक्षक और संसाधनों की कमी शिक्षा की गुणवत्ता पर असर डालती थी। अब इन संसाधनों को अधिक प्रभावी ढंग से उन स्कूलों में लगाया जाएगा जहां उनकी आवश्यकता अधिक है। सरकार की यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों से भी मेल खाती है, जिसमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्थानीय संस्कृति और भाषा को बढ़ावा देने की बात कही गई है। हाल ही में घोषित 'बैग फ्री डे' पर पहाड़ी बोली सिखाने का फैसला इसी दिशा में एक उदाहरण है।



### चुनौतियां होंगी कम

**स्कूलों** के पुनर्गठन से बच्चों को पुस्तकालय, खेल का मैदान, डिजिटल लर्निंग और प्रशिक्षित शिक्षकों जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इससे न केवल उनका शैक्षणिक प्रदर्शन बेहतर होगा, बल्कि भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए वे अधिक सक्षम बन सकेंगे। यह निर्णय शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी और न्यायसंगत बनाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है।

### मंत्रिमंडल की बैठक में दूसरे दिन भी लिए कई अहम फैसले

# हिमाचल में जल रक्षक बनेंगे पंप अटेंडेंट



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जल शक्ति विभाग में लंबे समय से कार्यरत 1,386 जल रक्षकों को पंप अटेंडेंट के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दी गई है, जिन्होंने 31 दिसंबर 2024 तक 12 वर्षों की सेवा पूरी कर ली है।

राज्य सरकार ने वर्ष 2025 के लिए मंडी मध्यस्थता योजना के तहत सेब की खरीद दर 12 रुपए प्रति किलोग्राम तय की है। साथ ही, किन्नू, माल्टा, संतरा, गलगल और विभिन्न किस्मों के आम की भी खरीद दरें निर्धारित की गई हैं, जिससे बागवानों को सीधा लाभ मिलेगा। आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए राज्यभर में भवनों के संरचनात्मक सुरक्षा ऑडिट और भूकंप-रोधी निर्माण कार्य अनिवार्य किए गए हैं।

होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा, अग्निशमन और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल को आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तहत एकीकृत किया जाएगा। देहरा के बनखंडी में प्रस्तावित दुर्गेश-अरण्य प्राणी उद्यान के विकास के लिए 325 वृक्षों के स्थानांतरण को मंजूरी मिली है। वहीं, देहरा में नया आरटीओ कार्यालय स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया। स्वास्थ्य क्षेत्र में कैंसर रोगियों को राहत देने के लिए 18 जिला अस्पतालों में कीमोथेरेपी सुविधा से युक्त डे केयर सेंटर स्थापित किए जाएंगे। कुल्लू के तेगुबेहड़ में 50 बिस्तरों वाला क्रिटिकल केयर ब्लॉक और एक एकीकृत जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला को मंजूरी मिली है।

डेयरी क्षेत्र में चार नए दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र खोलने और हिम दुग्ध संघ में ईआरपी सॉफ्टवेयर लागू करने का निर्णय भी लिया गया।

### पुलिस भर्ती में 'चिट्टे' का डोप टेस्ट अनिवार्य

**मादक** पदार्थों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत अब पुलिस भर्ती में 'चिट्टे' का डोप टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही, सभी नए सरकारी कर्मचारियों को शपथ पत्र देना होगा कि वे नशा नहीं करते हैं। प्रत्येक जिले में नशा मुक्ति केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे।

# एचआरटीसी की सुपर लग्जरी बसों का 20 प्रतिशत तक घटा किराया



डिप्टी सीएम एचआरटीसी के निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) ने यात्रियों के हित में कई बड़े फैसले लिए हैं। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में निदेशक मंडल की बैठक में सुपर लग्जरी बसों के किराए में 15 प्रतिशत की सीधी कटौती की घोषणा की गई। इसके अलावा, 'हिम बस प्लस कार्ड' धारकों को 5 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट मिलेगी, जिससे कुल 20 प्रतिशत तक की राहत मिलेगी।

एचआरटीसी ने डिजिटल सेवाओं को भी बढ़ावा दिया है। विद्यार्थियों, सरकारी कर्मचारियों और व्यापारियों के रियायती यात्रा पास अब ऑनलाइन बनाए जा सकेंगे। किराया भुगतान भी डिजिटल माध्यम से संभव होगा।

निगम ने परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए बसों के निरीक्षण कार्यक्रम को ऑनलाइन कर दिया है। साथ ही, जीपीएस आधारित मॉड्यूल से बसों की रियल टाइम ट्रैकिंग संभव होगी। कर्मचारियों के लिए 'हिम एक्सेस एचआरटीसी' सॉफ्टवेयर लॉन्च किया गया है, जिसके माध्यम से वे अपने वेतन और व्यक्तिगत विवरण ऑनलाइन देख सकेंगे।

यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 7 करोड़ रुपए की लागत से बस अड्डों की मरम्मत और सीसीटीवी कैमरों की स्थापना की जाएगी। आरएफआईडी कार्ड प्रणाली लागू कर सुरक्षा और सुविधा में और सुधार लाया जाएगा।

## राजनीति

### समस्याएं सुनने के बहाने जमीन तलाशने की कसरत तेज

# हमीरपुर हलके में कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति में गर्माहट

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**हमीरपुर।** हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू की अचानक चहल-कदमी बढ़ने से कांग्रेस की भीतरी सतह में गर्माहट है। समस्याएं सुनने और उन्हें हल करवाने के बहाने जिस राजनीतिक बिसात को बिछाने की कसरत शुरू हो चुकी है, निश्चित तौर पर राजनीति में उनके विरोधियों को इस पर उलझन पैदा हुई होगी, लेकिन यह तो होना ही था अब क्योंकि आगामी विधानसभा चुनावों की संभावनाओं को लेकर कांग्रेस की राजनीति में यहां अच्छी खासी उठापटक शुरू हो चुकी है। बिट्टू हमीरपुर से ताल्लुक रखते हैं।

पिछले आम चुनावों और उसके बाद हुए उपचुनाव में कांग्रेस को लगातार नुक्सान झेलना पड़ा था, लेकिन इसके पीछे के कारण भी कांग्रेस के जवाबदेह नेताओं और कर्ताधर्ताओं को मालूम हैं।

### सीएम के राजनीतिक सलाहकार 'बिट्टू' की यकायक बढ़ी चहल-कदमी



### डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा भी दिख रहे सक्रिय



**वैसे** हमीरपुर जिले की कांग्रेस राजनीति में कई चीजें भले ही पार्टी के मूलभूत ढांचे को नागवार गुजर रही हों, लेकिन सत्ता के केंद्र बिंदु हमीरपुर के रूप में सुनील शर्मा बिट्टू की राजनीति निश्चित रूप में बदली हुई परिस्थितियों में अब चमक दिखाने का काम कर रही है। उनके राजनीतिक करियर के लिए भी यह चीज इसलिए अहम है, क्योंकि सत्ता की मुख्य पायदान पर बैठकर अगर उन्होंने समय रहते आगामी विधानसभा चुनावों के लिए बिसात बिछाने से दूरी बनाए रखी, तो फिर अपनों और जमीनी आधार की 'टोह' वे कैसे ले पाएंगे? शायद इसी कड़ी में अब वीकेंड पर उनके कार्यक्रम अलग-अलग पंचायतों और गांवों में हो रहे हैं। ऐसा नहीं है कि लगातार दो मर्तबा पार्टी प्रत्याशी रहे डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा 'साइलेंट' हो गए हों। वे चुनाव हारने के बाद भी मुकम्मल तौर पर सक्रिय रहे हैं। हर छोटे-बड़े कार्यक्रमों में उनकी मौजूदगी अपने विधानसभा क्षेत्र में लगातार बनी हुई है। देखने वाली बात अब यही है कि कांग्रेस की हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में इस तरह की 'ऊहापोह' वाली यह राजनीति किस करवट बैठेगी? बिट्टू का कहना है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर वे क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनने में अब लगातार बने हुए हैं।

### विरोधियों को जाल में फंसाने के लिए करनी होगी मशक्कत

**दरअसल,** मुख्यमंत्री के इस गृह जिले में सत्ता की मौजूदगी में राजनीति का जिस दमखम और मजबूत नेतृत्व के बीच में शंखनाद होना चाहिए था, उसकी कमी सही लोगों की पहचान और समय पर उनके प्रभाव का फायदा नहीं लेने की वजह से हमेशा नुकसान होता रहा है, मगर इस बार बदली हुई परिस्थितियों में भी यदि कांग्रेस के कर्णधारों ने सूझबूझ नहीं दिखाई, तो फिर पार्टी के कार्यकर्ताओं को 'चैन' कैसे मिलेगा, साथ ही विरोधियों को सत्ता के प्रभाव के जाल में फंसाने के लिए भी मशक्कत करनी चाहिए। इसके लिए जिस तुरुप चाल का महत्व रहता है, उसकी कमी कहीं न कहीं देखी जा रही है। ऐसा नहीं हुआ, तो कांग्रेस की एक और 'कहानी' अधूरी रह जाएगी।

### राजनीति के माहौल को बदलने की कोशिश

**उपचुनाव** के बाद यह भी चर्चा हुई कि कांग्रेस उम्मीदवार के खिलाफ अपनी ही पार्टी के किन लोगों ने ईमानदारी से काम नहीं किया खुद प्रत्याशी रहे डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा भी कहते रहे कि सही समय आने पर भंडाफोड़ किया जाएगा। खैर ऐसा तो चुनावों के बाद होता ही है। कांग्रेस के भीतर सही समय कब आएगा, इसका सभी को पता है। अब क्योंकि उपचुनाव हुए भी लंबा समय बीत चुका है। आहट अब आगामी विधानसभा चुनावों की चाहवानों के लिए आने लगी है। ऐसे में सत्ता के मुख्य पायदान पर बैठकर भी चुपचाप समय गुजार दिया जाए तो फिर उसे राजनीति नहीं कहा जा सकता। कारण यही है कि अब राजनीति के माहौल को बदलने के लिए बिट्टू भी अच्छे खासे सक्रिय हो चुके हैं। पिछले दो-तीन महीने से इसका प्रभाव हमीरपुर की राजनीति में उनके समर्थकों को खास अंदाज में दिखने लगा है, वैसे महत्वपूर्ण भी मानते हैं और भी अभी कहते हैं कि बिट्टू सत्ता में बैठे हैं। काबीना मंत्री के दर्जे जैसा उनका स्टेट्स है। हमीरपुर में आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी का प्रत्याशी कौन होगा, इस पर भी अपनी-अपनी हरकत उनके समर्थक दिखा रहे हैं।




## न्यूज ब्रीफ

### दूसरे के श्मशानघाट पर शव जलाने पर विवाद

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र में एक घटना सामने आई है, जहां 75 वर्षीय अमरो देवी की मृत्यु के बाद उनके शव को जलाने से रोक दिया गया। सूचना के अनुसार दूसरे पक्ष को श्मशानघाट में भारी बरसात के चलते पानी भर जाने की वजह से वहां अंतिम संस्कार करने में दिक्कत आ रही थी। लोग डेड बॉडी को दूसरे पक्ष के बने श्मशानघाट में जलाने के लिए ले गए, जिसके चलते विवाद हो गया। हालांकि स्थानीय प्रधान कडसाई पंचायत राम रतन और ननावां प्रधान रतन चंद शर्मा ने पुलिस और प्रशासन के साथ मिलकर स्थिति को संभाला। अंततः पुलिस और प्रशासन की उपस्थिति में अंतिम संस्कार किया गया। प्रधान राम रतन ने बताया कि श्मशानघाट के निर्माण के लिए जमीन की आवश्यकता है, जिसके लिए प्रशासन को प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन अभी तक जमीन उपलब्ध नहीं हो पाई है। बारिश के कारण जहां शव जलाए जाते थे, वहां पानी भर गया था, जिस कारण लोग शव को वहां जलाने से कतराने लगे और विवाद हो गया। डीएसपी बड़सर लालमन शर्मा का कहना है कि शव जलाने लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था, उसे सुलझा लिया गया है। किसी के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है।

### जिले में भारी बारिश से 2.14 करोड़ का नुकसान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिले के अधिकांश क्षेत्रों में सोमवार आधी रात के बाद और मंगलवार तड़के हुई भारी बारिश के कारण काफी क्षति हुई है। मंगलवार दोपहर तक जिला एमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (डीईओसी) में प्राप्त सूचनाओं के अनुसार गत 24 घंटों के दौरान जिले भर में 2.14 करोड़ रुपए से अधिक के नुकसान का अनुमान है। उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि इस मॉनसून सीजन के दौरान हमीरपुर में नुकसान का आंकड़ा 103.59 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। इस दौरान जिला में जलशक्ति विभाग को सर्वाधिक 59.95 करोड़, लोनिवि को 41.07 करोड़, बिजली बोर्ड को 81.69 लाख और शिक्षा विभाग को 23.68 लाख रुपए की क्षति हुई है। बागवानी विभाग ने विभिन्न फसलों को हुए 18.06 लाख रुपए और कृषि विभाग ने 1.15 लाख रुपए के नुकसान की रिपोर्ट प्रेषित की है। 6 कच्चे मकान ध्वस्त हुए हैं, जिससे लगभग 8 लाख रूपए के नुकसान का अनुमान है। 33 अन्य कच्चे मकानों और 10 पक्के मकानों को आंशिक रूप से क्षति पहुंची है, जिससे लगभग 26.66 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। जिले भर में 78 डंगे भी गिरे हैं, जिनमें लगभग 65.81 लाख रुपए की क्षति हुई है। 51 गोशालाओं के ध्वस्त होने से लगभग 27.23 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उपायुक्त ने आपातकालीन स्थिति में टोल फ्री नंबर 1077 अथवा दूरभाष नंबर 01972-221277 पर संपर्क करने की अपील भी की है।

### सलासी में ईएसआईसी का जागरूकता शिविर आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) का लाभ निजी क्षेत्र के सभी पात्र कर्मचारियों तक पहुंचाने के लिए ईएसआईसी की ओर से कई जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 30 जुलाई को सलासी स्थित होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर में एक जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। ईएसआईसी कार्यालय हमीरपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर एक बजे आयोजित किए जाने वाले इस शिविर में नियोक्ताओं यानि विभिन्न उद्यमों के मालिकों एवं उच्च अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। शिविर के दौरान निगम के वरिष्ठ अधिकारी प्रतिभागियों को ईएसआईसी की योजना स्प्री-2025 यानि स्कीम फॉर प्रोमोशन ऑफ रजिस्टेश्र्शन ऑफ इंप्लॉयर्स एंड इंप्लॉयीज के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। स्प्री-2025 योजना के तहत एक जुलाई से 31 दिसंबर तक विशेष जागरूकता एवं पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है।

### लोहारली में नाग पंचमी पर पूजा व प्रसाद वितरित

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** झलान पंचायत के अंतर्गत गांव लोहारली में नाग पंचमी के पावन अवसर पर धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से विशेष पूजा-अर्चना की गई, जिसमें नाग देवता से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की गई। पूजा के उपरांत श्रद्धालुओं को खीर, हलवा और चने का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में गांव के युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस धार्मिक आयोजन में मनोहर लाल, रक्षा, सृष्टि, प्रश्नोतम, तारा चंद, संदीप, कुलदीप सहित कई अन्य ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। पूरे क्षेत्र में इस अवसर पर भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिला।

### अंडर-19 स्टेट बास्केटबाल प्रतियोगिता 3 से

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** टौणी देवी में 3 से 5 अगस्त तक तीन दिवसीय स्टेट अंडर-19 बास्केटबाल प्रतियोगिता होने जा रही है। प्रतियोगिता का आयोजन जय माता टौणी देवी बास्केटबाल कमेटी कर रही है। विजेता टीम को 21 हजार रुपए की नकद राशि, ट्रॉफी और खिलाड़ियों को मोमेंटो तथा उपविजेता टीम को 15 हजार रुपए, ट्रॉफी और मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट को भी विशेष सम्मान दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर की 12 आमंत्रित टीमें ही हिस्सा ले रही हैं। जय माता टौणी देवी बास्केटबाल कमेटी के अध्यक्ष कैप्टन विजय कुमार मलकानिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संसार चंद सोनी, महासचिव राजेश कुमार बहल, कोषाध्यक्ष सुनील चौहान, संयुक्त सचिव संजय चौहान, प्यार चंद कपिल ने बताया कि सभी टीमों के रहने, खाने और एंट्री निशुल्क है।

### छात्रों को विभिन्न छात्रवृत्तियों बारे किया जागरूक

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय महाविद्यालय नादौन में 28 व 29 जुलाई को छात्रवृत्ति कमेटी द्वारा छात्रवृत्ति अवेयरनेस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं को भारत सरकार व हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न छात्रवृत्तियों के बारे में अवगत करवाया गया। कार्यशाला का उद्घाटन महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. अनिल कुमार गौतम ने किया। कमेटी के कन्वीनर प्रो. भगवती शर्मा ने बताया कि विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियां में एससी-एसटी ओबीसी ईडब्ल्यूएस कल्पना चावला इत्यादि छात्रवृत्तियां प्रमुख हैं। इस कैंपेन के माध्यम से विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति भरने का तरीका वह उसकी योग्यताओं के बारे में अवगत करवाया गया। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति पोर्टल छात्र-छात्राओं के लिए खुल चुका है और वह समय रहते छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस मौके पर कमेटी के सदस्य प्रोफेसर नीतिका धवन, प्रोफेसर प्रदीप कुंडल, प्रोफेसर शर्मा, प्रोफेसर नरेश धीमान, प्रोफेसर अंजू शर्मा, प्रोफेसर रजनी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### संजय पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के प्रिंसिपल नियुक्त



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर मुख्यालय में स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में नए प्रधानाचार्य के रूप संजय कुमार ने कार्यभार संभाल लिया है। संजय कुमार पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय योल कैंट से स्थानांतरित होकर आए हैं। शिक्षा और नेतृत्व के क्षेत्र में उनके विशिष्ट करियर के साथ, वे अपने साथ अनुभव की समृद्धता, दूरदर्शी सोच और छात्रों के समग्र विकास के प्रति गहन प्रतिबद्धता लेकर आए हैं। संजय कुमार ने पूर्व में विभिन्न शैक्षणिक और प्रशासनिक भूमिकाओं में सेवा दी है।

### जेईई मेन के आधार पर बीटेक की 193 सीटें आवंटित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में मंगलवार को जेईई मेन के आधार पर बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) के सामान्य वर्ग और बेटी है अनमोल व ऑल इंडिया कोटा वाले अभ्यर्थियों की काउंसलिंग हुई। पहले चरण की काउंसलिंग के तीसरे दिन 193 अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर सीटें आवंटित की गई। वहीं, साथ ही एमटेक की काउंसलिंग भी आयोजित की गई, जिसमें 16 अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई।

### टीजीटी अभ्यर्थी 31 अगस्त तक कर सकेंगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शिक्षा निदेशक शिमला अधियाचना प्राधिकारी ने पत्र के माध्यम से सूचित किया है कि हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण, राज्य भर के कई क्षेत्रों में सड़क, बिजली और इंटरनेट कनेक्टिविटी बुरी तरह बाधित हुई है। जिसके कारण कई टीजीटी पात्र उम्मीदवार टीजीटी विज्ञापित पदों के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए इन पदों पर आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाने के अनुरोध पर, हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग ने ऑनलाइन भर्ती आवेदन (ओआरए) जमा करने की अंतिम तिथि 31.08.2025, रात्रि 11.59 बजे तक बढ़ाने का निर्णय लिया है।

### कोमल कौशल को संस्था ने किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, भोटा।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्याड़ की छात्रा कोमल कौशल को द विलेज ऑफ ड्रीम्स संस्था ने एक लाख रुपए का चेक देकर सम्मानित किया। यह पुरस्कार संस्था ने कोमल को जमा दो की परीक्षा में प्रदेश भर में 10वां रैंक प्राप्त करने पर दिया है। इस उपलब्धि को लेकर इस संस्था द्वारा इस स्कूल परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह की अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल सुनील दत्त शर्मा ने की। संस्था की ओर से न केवल छात्रा को ही सम्मानित किया गया, बल्कि इसके उत्कृष्ट परिणाम में सहयोग देने वाले तीन शिक्षकों क्रमशः संदीप कुमार, अशोक कुमार व अजय कुमार को भी 25-25 हजार रुपए का चेक देकर सम्मानित किया गया।

---

बोर्ड कर्मियों ने प्रदेश सरकार को दी चेतावनी; 7 अगस्त तक का दिया अल्टीमेटम, बड़ा आंदोलन तय, बोले-

# खुद सब्सिडी ले रहा अधिकारी, बाकियों की कर रहा बंद

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज, इंजीनियर और पेंशनर्स की ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने प्रदेश सरकार और प्रबंधन पर जबरदस्त हमला बोला है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए इन नेताओं ने कई अधिकारियों की कारगुजारी की पोल खोली। उन्होंने यह भी कहा कि ठेकों में बड़े स्तर पर अनियमितताएं बरती जा रही हैं। ठेकेदारों को उनके काम की पेमेंट के मामले में भी पिक एंड चूज हो रहा है। एक निदेशक पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

नेताओं ने कहा कि वह अधिकारी खुद सब्सिडी ले रहा है, लेकिन औरों की सब्सिडी बंद कर रहा है। जिस रेस्ट हाउस में वह रह रहा है, उस पर उसका पूरा कब्जा है। इसके अलावा वह हाउस रेंट भी वेतन के साथ ले रहा है। इसके खिलाफ बड़ी कार्रवाई होनी अब जरूरत बन गई है, ताकि इस बात का पता चल जाए कि बोर्ड प्रबंधन में अधिकारियों की कारगुजारी कैसी है। उनके काम किस स्तर के हैं। जेएसी के संयोजक कामेश्वर दत्त शर्मा, राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष विद्युत पेंशनर्स फोरम कुलदीप सिंह खरवाड़ा, राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष विद्युत पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन दिलीप सिंह ढटवालिया ने कहा है कि जिला हमीरपुर इकाई ने ज्वाइंट एक्शन कमेटी के संयोजक ई. लोकेश ठाकुर व सह-संयोजक हीरा लाल वर्मा के खिलाफ प्रेस कॉन्फ्रेंस करने पर मेजर पेनल्टी के लिए चार्ज शीट फ्रेम करने के खिलाफ कड़ा विरोध किया और इसे प्रबंधन वर्ग द्वारा प्रताड़ना की भावना से ट्रेड यूनियन के अधिकारों पर बड़ा हमला बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पहले प्रबंधन वर्ग बोर्ड के कार्यालयों के बाहर कर्मचारी संगठनों द्वारा धरना-प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा चुका है, जो लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला है।

ज्वाइंट एक्शन के राज्य पदाधिकारियों की बैठक गत 20 जुलाई को हमीरपुर में हुई थी और बैठक के बाद पदाधिकारियों द्वारा लिए गए फैसलों की जानकारी मीडिया को दी। इसमें कर्मचारियों के मुद्दों के अतिरिक्त बिजली बोर्ड में पनप रहे भ्रष्टाचार पर चर्चा हुई और इस पर रोक लगाने की मांग की गई थी, जिससे प्रबंधन वर्ग के कुछ अधिकारियों को बहुत तकलीफ हुई। उन अधिकारियों द्वारा आनन-फानन में उपरोक्त पदाधिकारियों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करने और गत 20 जुलाई को स्टेशन लीव न लेने पर कारण बताओ नोटिस दे दिया गया। इसमें 24 घंटे के अंदर जवाब मांगा गया।

पदाधिकारियों द्वारा जैसे ही इसका जवाब दिया गया, के तुरंत बाद कुछ घंटों में ही ट्रांसफर कर इन पदाधिकारियों की सेवाएं अध्यक्ष व निदेशक वित्त बिजली बोर्ड के साथ अटैच की जाती हैं और अगले दिन मेजर पेनल्टी के लिए चार्जशीट तैयार की जाती है। यह सारी प्रक्रिया में निदेशक वित्त व अध्यक्ष बिजली बोर्ड के चैंबर में आनन-फानन में होती है।

संबंधित कर्मचारियों को बुला-बुलाकर हस्ताक्षर कराए जाते हैं। जिस जल्दबाजी से कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलने पर कार्रवाई की गई, उससे बिजली बोर्ड के प्रबंधन में क्या चल रहा है, महज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।



प्रदेश बिजली बोर्ड इंप्लाइज, इंजीनियर और पेंशनर्स की ज्वाइंट एक्शन कमेटी प्रेस कॉन्फ्रेंस करती हुई।

### प्रबंधन को दिया दो हफ्ते का समय

ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने प्रबंधन वर्ग को दो हफ्ते का नोटिस दिया है और फैसला लिया है कि यदि प्रबंधन वर्ग इस बीच इन कार्यालय आदेशों को वापस नहीं करता और ज्वाइंट एक्शन कमेटी द्वारा दी गई मांगों पर वार्ता के लिए नहीं बुलाया जाता है तो 7 अगस्त को इन आदेशों के खिलाफ शिमला में हजारों कर्मचारी, अभियंता, पेंशनर्स और आउटसोर्स कर्मचारी विशाल विरोध प्रदर्शन करेंगे और उसके बाद एक बड़े राज्यव्यापी एक्शन की ओर बढ़ने का भी फैसला लिया गया है।

### भ्रष्ट अधिकारियों को दिखाएं बाहर का रास्ता

**कमेटी** की जिला इकाई ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि बोर्ड में चल रहे घटना क्रम का संज्ञान लेते हुए भ्रष्ट अधिकारियों को बोर्ड से बाहर का रास्ता दिखाया जाए और जेएसी के नेतृत्व के खिलाफ दी गई चार्जशीट को तुरंत वापस लेकर उनके कार्यालयों की पहले वाली स्थिति बहाल की जाए। उन्होंने मांग की है कि बोर्ड के कार्यस्थलों में शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन पर लगाई गई रोक को तुरंत वापस लिया जाए।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये रहे मौजूद

**जेएसी** की इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष, बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम के जिला महासचिव विजय शर्मा, जोगिंदर शर्मा, सीएस चंदेल, अशोक शर्मा, दीपक चौहान, पंकज राणा, राहुल कपिल, संजय धीमान, आउटसोर्स के जिला अध्यक्ष आशीष शर्मा, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड कर्मचारी यूनियन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष नंदलाल, उप महासचिव मनीष गुप्ता, कृष्ण पाल, राजकुमार, डिंपल, सुमित, विशाल, आशीष पठानिया लेखराज भी मौजूद थे।

## लैप्स न किए जाएं 300 से अधिक अर्जित अवकाश : संघ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश के करीब दो लाख सरकारी कर्मचारियों को अर्जित अवकाश बैंक की जरूरत है। अपने सेवा काल में 300 दिनों से अधिक संचित किए गए अर्जित अवकाश को समाप्त लैप्स करने की बजाए कर्मचारियों के अवकाश बैंक (लीव बैंक) में सुरक्षित रखने की नीति बनाई जाए। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश सरकार से दोहराई है।

संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय तथा विभिन्न उच्च न्यायालयों द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय किए जा चुके हैं। विशेष रूप से इसी वर्ष सिक्किम राज्य बनाम रिनजिंग शेरिंग भूटिया मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्वीकार किया है कि यदि सेवा नियमों में कोई स्पष्ट निषेध नहीं है, तो 300 दिनों से अधिक अर्जित अवकाश को भी सुरक्षित रखा जा सकता है या उपयुक्त प्रयोजन हेतु प्रयोग में लाया जा सकता है। संघ का कहना है कि अवकाश बैंक की व्यवस्था लागू कर राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर सकती है कि कर्मचारियों की वर्षों की निष्ठा व सेवा भाव व्यर्थ न जाए।

## सुजानपुर नप में भ्रष्टाचार चरम पर : राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने नगर परिषद सुजानपुर पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में भ्रष्टाचार अब खुलकर सामने आने लगा है और नगर परिषद के पार्षद स्वयं इसकी पोल खोल रहे हैं। राजेंद्र राणा ने कहा कि वार्ड नंबर 6 में 15वें वित्त आयोग के तहत आए फंड से कुएं के जीर्णोद्धार की योजना थी, लेकिन मरम्मत के नाम पर केवल टाइलें लगवाकर काम निपटा दिया गया। हैरानी की बात यह है कि टाइलें टेंडर प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही लगवा दी गईं, जो सरकारी नियमों की अवहेलना और साफ तौर पर भ्रष्टाचार का संकेत है। उन्होंने कहा कि ऐसे कई कार्य हैं, जिनके लिए बजट आवंटित हो चुका है, लेकिन या तो कार्य अधूरे हैं या केवल कागज़ों पर पूरे किए गए हैं। अगर प्रदेश की कांग्रेस सरकार में ईमानदारी बाकी है, तो उसे इन गंभीर मामलों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

## हम काम करने के लिए सत्ता में आए हैं, लटकाने के लिए नहीं : रणजीत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

विधायक कै. रणजीत सिंह सुजानपुर के वार्ड नं. 6 के बल्ला राठिया में पहुंचे तो उनके सामने स्थानीय निवासी बेनी चंद ने अपना दुख बताया। बेनी चंद ने बताया कि मैं 15 साल से एक सड़क बनवाने के लिए लगा हूं, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। पूर्व विधायक के पास भी गए तो उन्होंने सिर्फ टालमटोल किया। अधिकारियों के पास जाते तो वह भी पूर्व विधायक के पास जाने को कहते, लेकिन सब के पास जाने के बाद भी कोई फायदा नहीं हुआ।

विधायक कै. रणजीत सिंह ने विश्वास दिलाया कि वह हमारी समस्या का समाधान करेंगे। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि आज तक आपके कार्यों को सिर्फ टाला गया है, लेकिन मैं वैसा नहीं हूं, मैं आपको 15 साल और एक साल का अंतर बताऊंगा। जो मैं बोलूंगा वह करूंगा, जो नहीं होगा वह मैं बोलूंगा भी नहीं।

विधायक ने कहा कि इस दौरान सड़क-बिजली की समस्या जो स्थानीय जनता ने रखी है, पूरी हो जाएगी, लेकिन जमीन आपको देनी पड़ेगी। अंत में विधायक ने कहा कि हर समस्या का समाधान होगा क्योंकि हम काम करने आए हैं, लटकाने के लिए नहीं।



बल्ला राठिया में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक।

## भोटा स्कूल जिलेभर में प्रथम, देखा लाइव प्रसारण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोटा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पांचवें वर्ष के समागम पर यूट्यूब लाइव के माध्यम से भारतीय शिक्षा मंत्रालय के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पांच वर्ष की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को बढ़ावा देते हुए विदेशी विश्वविद्यालय से शिक्षा को जोड़ने का लक्ष्य बताते हुए शिक्षा के क्षेत्र को विस्तृत करने की जानकारी भी वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से दी।

इस शिक्षा नीति से शिक्षा के स्तर तथी सीखने की अधिगम क्षमता के स्तर को भी बढ़ावा मिला है। इस आभास बैठक में भारत के सभी राज्यों के शिक्षा मंत्रियों से इस बैठक में परिचय करवाया गया। प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से भी बच्चों को इस आभास बैठक के माध्यम से परिचय इस बैठक का आयोजन स्कूल प्रधानाचार्या सनम द्वारा किया गया। जिला समन्वयक अधिकारी सुनील कुमार व रिटायर्ड एसडीएम नरेश ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस बैठक में नगर पार्षद, एसएमसी और बच्चों के अभिभावक, एनसीसी कैडर के छात्र, स्काऊट एड गाइड के छात्र और एनएसएस के छात्र उपस्थित रहे।

स्टाफ सदस्यों में सुनील कुमार, शकुंतला रामो, मीनाक्षी, बबली, आदर्श लखनपाल सुन्नत सभी उपस्थित रहे, क्योंकि यह स्कूल इस सिलसिले में हमीरपुर जिले में प्रथम स्थान पर आया है, इसलिए इसका आयोजन यहां पर लाइव कार्यक्रम की झलक दिखाकर किया गया। यह जानकारी जिला समन्वयक अधिकारी सनील कुमार ने अपना भाषण में दी। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए प्रधानाचार्या सनम और सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोटा में कार्यक्रम को लाइव देखते गणमान्य व अन्य।

## भारी बारिश से सुजानपुर-संधोल सड़क बंद, यात्री परेशान

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बीती रात से जारी बारिश के कारण सुजानपुर-संधोल मार्ग पूरी तरह बंद हो गया। लोक निर्माण विभाग द्वारा सुजानपुर संधोल मार्ग को खोलने के लिए मशीनरी भेजी है, जो जगह-जगह पड़े मलवे को उठाने का कार्य कर रही है। इस रोड पर जगह-जगह लहासे गिरे हैं तथा जगह-जगह पेड़ उखड़ कर सड़क पर आ गए हैं।

कक्कड़ के एसडीओ संसार चंद ठाकुर ने बताया कि कई जगह पर सड़कें भारी वर्षा के कारण अवरुद्ध हुई हैं, जिनको खोलने के लिए विभाग युद्धस्तर पर कार्य कर रहा है। कई रोड खोल दिए गए हैं, जबकि सुजानपुर-संधोल मार्ग को खोलने का कार्य किया जा रहा है। सड़क पर जगह-जगह लैंडस्लाइड होने से मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। कई स्थानों पर सड़क पर पत्थर आ गए हैं। इससे गाड़ियों की आवाजाही पूरी तरह रुक गई है। जो गाड़ियां जहां खड़ी थीं, वहीं फंस गई हैं, जिससे यात्री परेशानी में हैं। सुजानपुर में ब्यास नदी और इसकी सहायक नदियां तथा खड्डें उफान पर हैं।

लैंडस्लाइड के कारण सुजानपुर जंदड़ू रोड, ऊहल, कक्कड़ टौणी देवी, बजरौल और जंगलबेरी रोड भी पूरी तरह बंद हो गए। क्षेत्र में बीती रात से लगातार बारिश होने से लोगों की परेशानियां बढ़ गईं। कई गांव बाहरी दुनिया से कट गए हैं। एसडीओ संसार चंद ठाकुर ने बताया कि सुजानपुर टौणी देवी रोड वाया जंगल बेरी खोल दिया गया है।



सुजानपुर-संधोल सड़क बंद होने के बाद लोनिवि की मशीनरी बाधित मार्ग को खोलने का प्रयास करते हुए।

### बकनियार में लहासा गिरने से मकान को खतरा

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** मंगलवार सुबह से जारी बारिश से हमीरपुर जिले में नुकसान होना शुरू हो गया है। ऊहल के पास भटेड़ पंचायत के बकनियार गांव में लहासा गिरने से मकान को खतरा हो गया है। भटेड़ पंचायत के उपप्रधान अनिल चौहान ने बताया कि सुबह साढ़े तीन बजे के करीब लवकेश कुमार पुत्र शाली राम के घर के पीछे लहासा गिर गया। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से मलबा हटाया जा रहा है, फिलहाल मकान को बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।



## पूर्व भाजपा विधायक की विकास कार्यों पर अनभिज्ञता बन रही हंसी का पात्र : विजय

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज विस क्षेत्र के कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विजय बन्याल ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों पर पूर्व भाजपा विधायक द्वारा दिए जा रहे बयानों को भ्रामक, तथ्यहीन और हास्यास्पद करार दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक लगातार ऐसे कार्यों का श्रेय लेने की कोशिश कर रही हैं, जिनसे उनका कोई वास्ता नहीं रहा और न ही उनके समय में इन कार्यों की कोई ठोस पहल हुई थी।

बन्याल ने कहा कि पूर्व विधायक की विकास कार्यों के प्रति अनभिज्ञता उन्हें जनता के बीच हंसी का पात्र बना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेता बिना किसी तथ्यों व आंकड़ों के झूठे दावे कर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही हैं। विजय ने कहा कि पूर्व भाजपा विधायक यह दावा कर रही हैं कि भोरंज बस अड्डे के लिए धनराशि उन्होंने अपने कार्यकाल में स्वीकृत करवाई थी, लेकिन स्थानीय पंचायत ने एनओसी नहीं दी। शायद पूर्व विधायक को यह जानकारी नहीं है कि सरकारी भूमि के लिए स्थानीय पंचायत की एनओसी की जरूरत नहीं होती। इसके अलावा भी अन्य खोखले दावे किए जा रहे हैं।

बन्याल ने दोहराया कि कांग्रेस सरकार जनहित में योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है और भोरंज के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## राहुल गांधी पाकिस्तानी प्रोपेगंडा के बन गए पोस्टर ब्वॉय : अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

'ऑपरेशन सिंदूर' पर लोकसभा में चर्चा के दौरान भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अब **Leader of Opposition** नहीं, बल्कि **Leader Opposing Bharat (LOB)** बन चुके हैं। उनका कहना था कि राहुल गांधी के बयानों को पाकिस्तान अपनी राजनीति में कवर फायर की तरह इस्तेमाल कर रहा है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या के बाद भारतीय सेना ने सात मई को पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के 9 ठिकाने ध्वस्त किए। यह भारत की निर्णायक कार्रवाई थी, लेकिन विपक्ष ने इसे लेकर देश के बजाए पाकिस्तान को ताकत दी।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पाकिस्तान समर्थक एजेंडे के पोस्टर ब्वॉय बन चुके हैं। उन्होंने कांग्रेस के ऐतिहासिक निर्णयों को देश के लिए आत्मसमर्पण करार देते हुए 20 'सरेंडर' गिनाए, जिनमें 1948 में कश्मीर मुद्दे को UN ले जाना, 1962 में चीन को अक्साई चिन देना और 1971 के युद्ध के बाद 93,000 पाक सैनिकों को छोड़कर अपने 54 सैनिक न ले पाना शामिल है। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने बार-बार भारत की संप्रभुता और सुरक्षा के साथ समझौता किया, जबकि आज की मोदी सरकार आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई कर रही है।

हमने विश्व को साफ शब्दों में बता दिया अब भारत के विरुद्ध आतंकवाद के किसी भी घटना को भारत पर हमला, भारत के विरुद्ध युद्ध माना जाएगा और भारत अपने तरीके से इन आतंकी हरकतों का जवाब देगा। भारत की तरफ आंख उठाकर देखने वालों को वह कीमत चुकानी होगी, जिसका दर्द उनकी आने वाली नस्लों को भी होगा।




पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह लोकसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए।

---

**कार्रवाई** जिला पुलिस ने दंपती को गिरफ्तार कर कोर्ट में किया पेश, चार दिन के रिमांड पर भेजा, काफी दिनों से आ रही थीं शिकायतें

# वार्ड नंबर दो में घर से अफीम, चिट्टा, चरस और नकदी बरामद

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हमीरपुर शहर में नशे का कारोबार कर रहे युवा दंपती को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार शाम पुलिस ने आशीष देव पुत्र रोशन लाल निवासी मकान संख्या 98 वार्ड नंबर 2 कृष्णानगर तहसील व जिला हमीरपुर के घर पर रेड की थी। इसकी कार्रवाई मंगलवार सुबह तक चली।

पुलिस ने घर की तलाशी के बाद व अन्य सारी जानकारी जुटाने के बाद आशीष के घर से 5 ग्राम अफीम, 74 ग्राम चिट्टा व 607 ग्राम चरस बरामद हुई है, वहीं 219260 की नकदी भी मिली है। इस कारोबार में संलिप्त आशीष की पत्नी कल्पना शर्मा को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई की चर्चा पूरा दिन बाजार में चलती रही।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार हमीरपुर शहर के वार्ड नंबर 2 में लंबे समय से नशे के कारोबार की सूचनाओं मिल रही थी। पुलिस लंबे समय से यहां जांच भी कर रही थी। इसी जांच के चलते दंपती के घर पर छापा मारा था। पुलिस से यह भी जानकारी मिली है कि आशीष दो बार नशा निवारण केंद्र में भी रह चुका है व एक बार पहले भी इससे चिट्टा बरामद किया था, लेकिन चिट्टे की मात्रा कम होने की वजह से इसे छोड़ दिया है। घर से इतने सारे नशीले पदार्थ मिलना आम बात नहीं है। मिली जानकारी अनुसार आरोपी व्यक्ति की उम्र 33 वर्ष है जबकि महिला की ऊपर उम्र 27 वर्ष है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ने बताया कि पुलिस ने वार्ड नंबर दो में रेड की थी। इसकी सारी रात कार्रवाई चलती रही।

कार्रवाई के दौरान 5 ग्राम अफीम 74 ग्राम चिट्ठा व 607 ग्राम चरस 219260 की नकदी बरामदी की है। उन्होंने बताया कि दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कार्रवाई करते हुए मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से दोनों को चार दिन के रिमांड पर भेज दिया गया है।

### सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने वालों के काटे चालान

**जिला** पुलिस हमीरपुर द्वारा जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्राधिकार में धूम्रपान व तंबाकू उत्पादों के सेवन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सभी शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों, बस अड्डों, सभी शैक्षणिक संस्थानों के आसपास के क्षेत्रों व सार्वजनिक स्थलों में औचक निरीक्षण किए। निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 32 लोगों के चालान कर कुल 3200 जुर्माना वसूला गया। जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए भी सभी थाना क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर नशाखोरी व तंबाकू के सेवन के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता अभियान के तहत आज भी सभी थानों के भिन्न-भिन्न स्थानों पर लोगों को जागरूक किया गया।

### निजी बस में सवार युवक से चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, भोटा।** भोटा के बजूरी नाले के पास एक निजी बस में सवार युवक से पुलिस ने 15 ग्राम चिट्टा बरामद करने में सफलता हासिल की है। आरोपी युवक का नाम दीपक कुमार पुत्र इंद्र उम्र 26 वर्ष निवासी बीपीओ अपर भांवला तहसील सरकाघाट जिला मंडी बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक निजी बस योगेश बस सर्विस ऊना से वाया भोटा होकर हमीरपुर जा रही थी। दोपहर लगभग 12 बजे जब यह बस सर्विस भोटा के बजूरी नाले के पास पहुंची तो वहां पर पहले से तैनात पुलिस ने इस बस को तलाशी के लिए रोक लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उक्त युवक से चिट्टा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसकी पुष्टि पुलिस सहायता कक्ष भोटा की प्रभारी निर्मला ठाकुर ने की है।

### तेज रफ्तार से सड़क हादसा, एक की मौत

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रविंदर सिंह के साथ अनिल कुमार पुत्र आत्मा राम भल्लू पुल से मोटरसाइकिल पर पीछे बैठकर घर जजरी के लिए जा रहे थे। तेज रफ्तारी के चलते बाइक नाले में जा गिरी। घटना में रविंद्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई है। बड़सर पुलिस टीम ने सब को कब्जे में लेकर हमीरपुर में पोस्टमार्टम करवा कर रिश्तेदारों को सौंप दिया है। डीएसपी बड़सर लालमन शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है।




*पंचायतनामा की इस सीरीज में आज बात बिलासपुर शहर से सटी ऐतिहासिक चांदपुर पंचायत की, जहां के स्वतंत्रता सेनानी संतराम संत ने न केवल आजादी की लड़ाई लड़ी, बल्कि पहले प्रधान बनकर विकास की नींव भी रखी। विडंबना यह कि यह पंचायत आजादी के 77 साल बाद भी बुनियादी सुविधाओं बिजली और पानी के लिए जूझ रही है। हालांकि, यह पंचायत छोटे वाहनों के हब के रूप में जानी जाती है, जहां मारुति समेत लगभग हर ब्रांड के शोरूम मौजूद हैं। पंचायत में लगने वाले बिजली के कटों से इन शोरूमों के साथ-साथ आम लोग भी बिजली संकट से बेहाल हैं। एक तो यहां पानी की यहां है और ऊपर से बिजली के अघोषित कट लगते रहते हैं। सात वार्डों-चांदपुर, भंदवाड़, मेहन क्यारा, खन्न, कोठी और घुग राड़ (एक व दो) में हालात जानने जब अनंत ज्ञान की टीम ग्राउंड जीरो पर पहुंची और लोगों से बातचीत की, तो विकास की तस्वीरें बेहद चौंकाने वाली थीं।*

# चांदपुर में दोहरी मार : जल संकट और बिजली कटौती से हाहाकार

विशेष रिपोर्ट
अरुण डोगरा रीतू
अनंत ज्ञान ब्यूरो
स्थान : चांदपुर (बिलासपुर)




चांदपुर पंचायत द्वारा बनाए गए पक्के रास्ते

## बिजली-पानी ने बिगाड़ी जीवन की गति

**बिजली** कटौती और अनियमित जलापूर्ति पंचायतवासियों की दिनचर्या को अस्त-व्यस्त कर रही है। गांववासी संजीव कुमार कहते हैं, बच्चों की पढ़ाई के लिए ऑनलाइन माध्यम जरूरी हो गया है, लेकिन बिजली कट लगने से उनका भविष्य अंधकारमय है। स्मार्ट गांव की बात होती है, लेकिन अभी तो हम बुनियादी रोशनी तक के लिए तरस रहे हैं।


संजीव कुमार

## पुराने कार्य भी लगातार हो रहे पूरे

**जोगेंद्र** पाल पंचायत के पूर्व प्रधान बताते हैं, पंचायत में बहुत बेहतर कार्य हो रहे हैं। कुछ कार्य उनके समय में आरंभ हुए थे वह भी उनके बाद आए प्रधान इंदू डोगरा और अर्पण गौतम तथा वर्तमान में ललिता ठाकुर द्वारा पूरे किए जा रहे हैं। क्षेत्र के हर वार्ड के लिए सड़क का निर्माण हुआ है और वह पक्की भी की गई है।


जोगेंद्र पाल

## कई बार उच्च अधिकारी नहीं सुनते

**संतराम** भारती, जो क्लिनिक चलाते हैं ने कहा कि कार्य तो हो रहे हैं, लेकिन कई बार जो उच्च स्तर के अधिकारी हैं वह नहीं सुनते। वैसे उन्हें तो कोई काम पंचायत से पड़ता नहीं, लेकिन पंचायत फिर भी ठीक कार्य कर रही है। उच्च अधिकारियों को भी सोचना चाहिए कि निम्न कार्य तभी हो सकते हैं अगर वह उन्हें स्वीकृति दें।


संत राम भारती

## पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ

**सीताराम,** एक बुजुर्ग भावुक होकर कहते हैं, कभी सोचा नहीं था कि उनके वार्ड में सड़क भी बन गई है तथा रास्ते भी पक्के हो गए हैं। पंचायत में बेहतर कार्य किया है लेकिन पानी की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा। हालांकि, वर्तमान पंचायत के समय कार्य पूरा हुआ भी है, लेकिन फिर भी इसमें कमी है। वहीं बिजली के कट बार-बार लगने से गर्मियों के मौसम में बड़ी परेशानी होती है।


सीता राम

## सिस्टम की सुस्ती से उठा विश्वास

**देवी** राम, जो वार्ड स्तर पर सामाजिक गतिविधियों से जुड़े हैं, कहते हैं, प्रधानजी ने पहल तो की है, लेकिन सिस्टम की सुस्ती से लोगों का विश्वास उठता जा रहा है। गांव में हर कोई बस इतना चाहता है कि मूलभूत सुविधाएं समय पर मिलें।


देवी राम

## पानी के लिए महिलाओं की जद्दोजहद

**पंचायत** के कुछ वार्डों में नल से पानी की सप्लाई होती है, लेकिन यह न तो नियमित है और न ही पर्याप्त। वार्ड नंबर 1 की रहने वाली तृप्ता देवी कहती हैं, बाकी काम तो सारे ठीक हो रहे हैं, लेकिन पानी की समस्या लगातार बनी रहती है।


तृप्ता देवी

## इतिहास के साये में विकास की प्रतीक्षा

**चांदपुर** वही पंचायत है जहां के पहले प्रधान और स्वतंत्रता सेनानी संतराम संत का सपना था- एक आत्मनिर्भर और आदर्श गांव बनाना। बालक राम ठाकुर, जो पंचायत इतिहास से भली-भांति परिचित हैं। कहते हैं जब संतराम संत प्रधान बने थे, उन्होंने सड़कों और स्कूल के लिए जमीन दान दी थी, लेकिन आज उनके नाम की पंचायत में ही बुनियादी सुविधाओं की इतनी कमी है, ये सोचकर शर्म आती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान पंचायत बेहतर कार्य कर रही है, लेकिन पंचायत में आज भी बिजली पानी की सुविधाएं ठीक ढंग से लोगों मुहैया नहीं हो पा रही हैं। पंचायत में लग रहे बिजली बार-बार के कटों से लोग काफी परेशान रहते हैं।


बालक राम

## हर वार्ड में बेहतर कार्य करने की कोशिश : ललिता ठाकुर

**वर्तमान प्रधान ललिता ठाकुर** कहती हैं कि उन्होंने अपने कार्यकाल में हर वार्ड में बेहतर कार्य करने की कोशिश की, लेकिन तंत्र की सुस्ती से कार्य धीमी गति से चले। मुस्लिम बस्ती के लिए सड़क का निर्माण लंबित पड़ा था जिसे पूरा करवाया गया। इसके अलावा अन्य वार्डों में भी सड़कों को पक्का करवाया गया। पानी की समस्या और बिजली की समस्या के लिए बिजली बोर्ड और जल शक्ति विभाग के अधिकारियों से कई दौर की बैठकें की हैं। कुछ काम शुरू हुए हैं, लेकिन संसाधनों और मंजूरी की प्रक्रिया धीमी है। खंड विकास कार्यालय से तथा उपायुक्त कार्यालय से पंचायत के लिए जो भी फंड आए थे उनका सदुपयोग करके लोगों की समस्याओं को सुलझाया गया है। चुनाव लड़ने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उस समय देखा जाएगा, जैसी स्थिति होगी वैसा निर्णय लिया जाएगा।


ललिता ठाकुर

## पानी की समस्या को सुलझाने को बहुत प्रयास किए : अर्पण गौतम

**पूर्व प्रधान अर्पण गौतम** का कहना है कि निश्चित रूप से बेहतर विकास कार्य वर्तमान समय में हो रहे हैं, लेकिन पानी की समस्या को सुलझाने के लिए उन्होंने अपने स्तर पर भी बहुत प्रयास किए। इस पंचायत के लिए कोल डैम से पानी उठाकर सप्लाई दी जा रही है, लेकिन उस सप्लाई में व्यवधान पड़ता है। इसके बारे में उन्होंने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों से भी लंबी वार्ता की है। कुछ सुधार तो हुआ है, लेकिन अभी और आवश्यकता है। अपने कार्यकाल में उन्होंने 50 वर्षों से चली आ रही इस क्षेत्र की सबसे बड़ी मांग शमशानघाट का निर्माण 14 लाख रुपए की लागत से करवाया था। इसके अलावा गोपाल संत गो सदन का कार्य भी पंचायत के तहत जारी है, जिसमें कई दानी सज्जन भी भूमिका निभा रहे हैं। अगर पंचायत के प्रधान की सीट ओपन होती है तो वह इस बार चुनाव लड़ेंगे।


अर्पण गौतम

### अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क का पर्दाफाश, हेरोइन तस्करी में शामिल 6 आरोपी गिरफ्तार

# ड्रग तस्करों की 4.78 करोड़ की संपत्ति जब्त

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

**इंदौरा।** जिला पुलिस नूरपुर के एसपी अशोक रतन द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है।

इस कार्रवाई में पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल 4.78 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति जब्त की है। जब्त की गई संपत्तियों में नकदी, सोने-चांदी के जेवर, जीवन बीमा पॉलिसियां, बैंक खाते, और जमीन शामिल है।



नशा तस्करों का सीज किया गया घर और जब्त गाड़ी।

## बरामद संपत्ति का विवरण

16 अप्रैल 2025 को पठानकोट में की गई छापेमारी में 4,90,000 नकद, 1 किलो 42.93 ग्राम सोना, 99.45 ग्राम चांदी, दो मोबाइल फोन, 2 लाइफ इंश्योरेंस बॉन्ड (वार्षिक प्रीमियम 4,50,000) बरामद किए। इसके अतिरिक्त, जांच में यह पाया गया कि लवविंद्र कोहली ने तस्करी से अर्जित जेवरात व नकदी को गगन शर्मा नामक व्यक्ति के पास छिपा रखा था। पुलिस ने गगन के घर छापा मारकर 1.15 करोड़ नकद, जेवरात और अन्य सामग्री जब्त की। इन आरोपियों की कुल 4,78,87,726 रुपए मूल्य की संपत्ति को नियमानुसार जब्त किया गया है। संपत्ति की जब्ती को एनडीपीएस एकट के तहत सक्षम प्राधिकारी, नई दिल्ली द्वारा पुष्टि दी गई है। जब्त की गई संपत्ति में सोने-चांदी के जेवरात, बैंक खाते (52 लाख), बीमा पॉलिसियां (1.08 करोड़), जमीन और मकान (90 लाख), दो लग्जरी कारें (24.5 लाख) शामिल हैं।

## 262 ग्राम हेरोइन के मामले में शुरू हुई थी जांच

**यह** कार्रवाई 27 अक्तूबर, 2024 को शुरू हुई थी, जब पुलिस थाना डमटाल के अंतर्गत एक तस्कर कंवलजीत सिंह पुत्र महेंद्र सिंह, निवासी अमृतसर, पंजाब को 262 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया था। तलाशी और पूछताछ के दौरान इस मामले में और भी आरोपी सामने आए। 18 अप्रैल 2025 को आरोपी राजेश कुमार को धर्मशाला से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद 13 अप्रैल 2025 को आरोपी राज कुमार को, 15 अप्रैल 2025 को लवविंद्र कोहली को इंदौरा से गिरफ्तार किया गया। यह नेटवर्क दुबई से ऑपरेट किया जा रहा था। वहीं आरोपी मोहित सिंह निवासी पठानकोट को गिरफ्तार किया गया, उसके घर से नकदी, जेवर और दस्तावेज बरामद हुए।

## अब तक 24 करोड़ की संपत्ति जब्त

**एसपी** जिला नूरपुर अशोक रतन ने बताया के अब तक 13 मामलों में कुल 23.97 करोड़ की अवैध संपत्ति जब्त की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा और नशे के कारोबार से जुड़े हर व्यक्ति को कानून के दायरे में लाया जाएगा।

# राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को सौंपी आपदा और नशे की गंभीर रिपोर्ट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्राकृतिक आपदा की विभीषिका और नशे के बढ़ते जाल से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश के लिए आज दिल्ली में एक महत्वपूर्ण मुलाकात हुई। राज्य के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर प्रदेश की वर्तमान स्थिति और भविष्य की चुनौतियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।

राज्यपाल ने राज्य में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के साथ आपदा से हुए नुकसान और 'नशामुक्त हिमाचल' के उनके महत्वाकांक्षी अभियान को लेकर जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया है कि प्रदेश के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में हर संभव राहत और सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रधानमंत्री ने चिंता व्यक्त की और राज्य को केंद्र से हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।



## जागरूकता की पहल

राज्यपाल शुक्ल ने प्रधानमंत्री को 'नशामुक्त हिमाचल' अभियान के तहत राज्य सरकार और उनके द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों की भी जानकारी दी। नशे के खिलाफ इस व्यापक जागरूकता अभियान को अब पंचायत स्तर तक कार्यान्वित किया जा रहा है, ताकि इस गंभीर समस्या के प्रति जागरूक किया जा सके।

## नशाखोरी के खिलाफ रणनीति

राज्यपाल ने काशी में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' सम्मेलन की जानकारी साझा की। यह आयोजन वर्ष 2047 तक नशामुक्त समाज बनाने में एक निर्णायक भूमिका निभाएगा।

# सेब उत्पादकों के हितों की रक्षा को प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध : सुक्खू

अनंत ज्ञान, शिमला

हिमाचल प्रदेश सरकार ने सेब उत्पादकों के हितों की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने आज सेब उत्पादक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की, जिसने पूर्व विधायक राकेश सिंघा के नेतृत्व में अपनी विभिन्न मांगों और समस्याओं से अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया और कहा कि सरकार किसानों, बागवानों और सेब उत्पादकों के साथ खड़ी है।

उन्होंने यह भी बताया कि सरकार पहले ही सेब उत्पादकों को राहत दिलाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा चुकी है और न्यायालय के आदेशों के बाद एक भी सेब का पेड़ नहीं काटने दिया जाएगा। करसोग और कुल्लू घाटी में कथित पेड़ कटान की जांच के लिए वन विभाग को निर्देश दिए गए हैं।

## भूमि देने का आग्रह

**मुख्यमंत्री** ने इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार से भूमिहीन आपदा प्रभावित परिवारों को एक से पांच बीघा भूमि आवंटित करने की अनुमति देने का आग्रह किया। राज्य का 68 प्रतिशत भाग वन क्षेत्र में आता है, इसलिए पुनर्वास के लिए वन मानकों में ढील देना आवश्यक है। प्रदेश के सभी भाजपा सांसदों से भी केंद्र सरकार के समक्ष इस मामले को प्रभावी ढंग से रखने का आग्रह किया है।

## सहयोग होगा प्रदान

**राजस्व** मंत्री जगत सिंह नेगी ने भी सेब उत्पादकों को सरकारी सहयोग का आश्वासन दिया और बताया कि मुख्यमंत्री स्वयं इस मुद्दे को लेकर संवेदनशील हैं। उन्होंने पौंग बांध विस्थापितों की तर्ज पर इन प्रभावितों को भी वन अधिकार अधिनियम-2006 के तहत राहत प्रदान करने पर विचार करने का सुझाव दिया।

# बादल फटने से अनाथ हुई 10 माह की नीतिका बनी 'राज्य की संतान'

**अनंत ज्ञान, शिमला।** मंडी जिले में बादल फटने से आई भयानक बाढ़ ने जहां भारी तबाही मचाई, वहीं एक 10 माह की मासूम नीतिका के जीवन में ऐसा सूनापन भर दिया, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इस त्रासदी में नीतिका ने अपने माता-पिता और दादी को खो दिया, लेकिन चमत्कारिक रूप से वह बच निकली। अब हिमाचल प्रदेश सरकार ने इस बच्ची को 'राज्य की संतान' घोषित किया है और उसकी शिक्षा व पालन-पोषण का पूरा खर्च उठाने का ऐतिहासिक फैसला किया है। जानकारी के अनुसार मंडी के तलवाड़ा गांव में बादल फटने के बाद आई बाढ़ की भयावहता के बीच, छोटी सी नीतिका का मलबे से सही-सलामत मिलना किसी चमत्कार से कम नहीं था।



जहां इस आपदा ने कई जिंदगियां लील लीं, वहीं नीतिका ने अपनी आंखों के सामने अपने 31 वर्षीय पिता रमेश, 24 वर्षीय मां राधा देवी और 59 वर्षीय दादी पूर्णु देवी को खो दिया। इस हृदयविदारक घटना में सब कुछ खो देने वाली नीतिका के लिए अब हिमाचल सरकार सहारा बनी है। हिमाचल प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति की वर्षगांठ पर पहुंचे रोहित ठाकुर, कहा-

# रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए तैयार होंगे छात्र

अनंत ज्ञान, शिमला

भारत की शिक्षा प्रणाली को नई दिशा देने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की पांचवीं वर्षगांठ का जश्न मनाने के लिए आज नई दिल्ली स्थित भारत पर्यटन परिसर में अखिल भारतीय शिक्षा समागम-2025 का आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जो राज्य में शिक्षा के उन्नयन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यह समागम शिक्षा को अधिक सुलभ, व्यावहारिक और कुशल बनाने के महत्वपूर्ण लक्ष्य के साथ आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य छात्रों को बदलते वैश्विक परिदृश्य में रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए तैयार करना और एक मजबूत, ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था के लिए नींव रखना है।


नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की 5वीं वर्षगांठ पर भाग लेते रोहित ठाकुर।

## समागम का उद्देश्य भविष्य की शिक्षा

**इस** महत्वपूर्ण समागम का केंद्रीय उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों को दोहराना और शिक्षा प्रणाली में किए जा रहे बदलावों पर प्रकाश डालना था। इसका प्राथमिक फोकस यह सुनिश्चित करना है कि भारतीय छात्र न केवल अकादमिक रूप से सफल हों, बल्कि उनमें उन कौशलों का भी विकास हो जो उन्हें 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने और वैश्विक कार्यबल में प्रतिस्पर्धी बनने में सक्षम बनाएं। इस सम्मेलन में देश भर से शिक्षा क्षेत्र के दिग्गज, नीति निर्माता और मंत्री एक छत के नीचे आए।

## स्टोन क्रशर और औद्योगिक उपभोक्ताओं को हाईकोर्ट की राहत

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने लक्ष्मी स्टोन क्रशर की याचिका पर सुनवाई करते हुए, बड़े और मध्यम औद्योगिक उपभोक्ताओं से बिजली शुल्क की बढ़ी हुई दरें वसूलने पर अंतिम रोक लगा दी है।

न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश सुशील कुकरेजा की खंडपीठ ने यह आदेश प्रदेश बिजली शुल्क अधिनियम 2009 की धारा 11 की उपधारा 2 के उल्लंघन के कारण दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार और विद्युत बोर्ड लिमिटेड को अब 16.5 फीसदी से अधिक बिजली शुल्क एकत्र करने से रोक दिया है। इस फैसले से राज्य के उद्योगों को बड़ी राहत मिली है। मामले की अगली सुनवाई 28 अगस्त को होगी।

याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि 20 जुलाई 2017 से बिजली शुल्क 11 फीसदी निर्धारित किया गया था, जिसे 1 सितंबर 2023 को बढ़ाकर 25 फीसदी और फिर 18 जनवरी 2024 को 37.5 फीसदी कर दिया गया। सरकार की इन बढ़ी हुई दरों के कारण उद्योगों पर भारी वित्तीय बोझ पड़ रहा था, जिससे उनके संचालन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा था।

फैसला

### सरकार का यू-टर्न और सुप्रीम कोर्ट की लड़ाई

# सेब बागानों पर सरकार का 'नो-कट' आदेश

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के हरे-भरे सेब के बागानों में अब एक नया अध्याय शुरू हो गया है। कभी माफियाओं द्वारा वन भूमि पर अवैध रूप से लगाए गए इन बागानों को काटने के उच्च न्यायालय के कड़े आदेश थे, लेकिन अब राज्य सरकार ने एक बड़ा यू-टर्न लेते हुए यह साफ कर दिया है कि एक भी सेब का पौधा नहीं कटेगा।

यह घोषणा उन हजारों सेब उत्पादकों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है, जिनकी आजीविका इन बागानों से जुड़ी है, पर इसने वन संरक्षण और कानूनी फैसलों को लेकर एक नई बहस छेड़ दी है

दरअसल, हिमाचल के कई वन क्षेत्रों में, खासकर सेब उत्पादक जिलों में, लंबे समय से वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण का मुद्दा गरमाया हुआ है। स्थानीय स्तर पर इन्हें 'सेब माफिया' का काम भी बताया जाता है, जिन्होंने सरकारी वन भूमि पर कब्जा कर बड़े-बड़े सेब के बागान खड़े कर दिए। इस गंभीर स्थिति पर संज्ञान लेते हुए, हिमाचल उच्च न्यायालय ने ऐसे सभी अवैध बागानों को हटाने और पेड़ों को काटने के स्पष्ट आदेश दिए थे। इन आदेशों के बाद कुछ जगहों पर कार्रवाई शुरू भी हुई थी, जिससे सेब उत्पादकों में भारी बेचैनी थी।



अब स्थिति पूरी तरह बदल गई है। राज्य सरकार ने खुले तौर पर घोषणा की है कि वह सभी सेब उत्पादकों के साथ खड़ी है, और किसी भी कीमत पर एक भी सेब का पौधा नहीं काटा जाएगा। सरकार ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार के साथ मिलकर सुप्रीम कोर्ट तक कानूनी लड़ाई लड़ने का फैसला किया है।

## पर्यावरणविदों की चिंता बनाम आजीविका का सवाल

**हालांकि,** दूसरी ओर वन विभाग और पर्यावरणविद् इस फैसले पर गंभीर चिंता व्यक्त कर रहे हैं। उनका मानना है कि यह कदम वन भूमि पर अतिक्रमण को बढ़ावा देगा और राज्य के नाजुक पारिस्थितिक संतुलन को और बिगाड़ेगा। वे सवाल उठा रहे हैं कि क्या आजीविका के नाम पर अवैध कब्जों को वैधानिकता दी जा सकती है, और क्या यह वन संरक्षण कानूनों का उल्लंघन नहीं है।

## नतीजों का इंतजार

**यह** देखना दिलचस्प होगा, आगे चलकर इस मामले का क्या नतीजा निकलता है और सरकार वन संरक्षण तथा स्थानीय लोगों की आजीविका के बीच संतुलन कैसे बिठाती है। क्या हिमाचल के ये सेब के बागान, जो कभी अवैध माने जाते थे, कानूनी रूप ले पाएंगे? यह सवाल अभी भी कायम है।


# शिमला में किसानों और बागवानों ने किया सचिवालय का घेराव

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला में किसानों और बागवानों ने सचिवालय का घेराव कर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

हिमाचल किसान सभा और सेब उत्पादक संघ के नेतृत्व में ये लोग बेदखली और घरों की तालाबंदी रोकने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और जब उन्होंने बैरिकेड्स हटाकर आगे बढ़ने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया।

इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हल्की धक्का-मुक्की भी हुई। किसानों और बागवानों का कहना है कि सेब के बगीचे सिर्फ अतिक्रमण नहीं हैं, बल्कि ये मिट्टी को स्थिर रखने में मदद करते हैं और हजारों किसानों की आजीविका का मुख्य स्रोत हैं।

सेब उत्पादक संघ राज्य कमेटी के संजय चौहान ने बताया कि मानसून के मौसम में पेड़ों की बड़े पैमाने पर कटाई से हिमाचल में भूस्खलन और मिट्टी के कटाव का खतरा बढ़ जाता है, क्योंकि हिमाचल एक भूकंपीय और पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र है। उनका तर्क है कि सेब के बगीचे राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और वन्यजीवों के लिए आवास भी प्रदान करते हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### द्रकाटा में बह रही श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान की गंगा



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** रानीताल के समीपवर्ती गांव द्रकाटा में चल रही साप्ताहिक श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पांचवें दिन मंगलवार को भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा वाचक पंडित आदर्श शर्मा (शिमला) ने जब उत्तरा के गर्भ में परीक्षित की रक्षा का प्रसंग सुनाया तो श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। श्रीकृष्ण जन्म के इस पावन अवसर पर नृत्य, भजन और संगीतमय प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजन लोकमित्र केंद्र नाग मंदिर, रानीताल की ओर से स्व. कैप्टन चंद्रलाल शर्मा की स्मृति में किया जा रहा है। मुख्य यजमान प्रकाशो देवी ने बताया कि 31 जुलाई को सुबह 10 बजे पूर्णाहुति के साथ कथा का समापन होगा और बाद में श्रद्धालुओं के लिए भंडारा भी आयोजित किया जाएगा।

### युवाओं से किया नशे से दूर रहने का आह्वान

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में पर्वतीय महिला विकास ट्रस्ट के सौजन्य से मानसिक स्वास्थ्य एवं नशा निवारण विषय पर नुक्कड़ नाटक एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य, नशा मुक्ति तथा सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने तथा नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया। छात्र रमेश व छात्रा अंकिता ने अपने अनुभव साझा कर सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया। इस आयोजन में एंटी ड्रग एवं प्रहरी क्लब के समन्वयक डॉ. केवल कृष्ण तथा क्लब के अन्य सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। समापन पर प्राचार्य डॉ. कौंडल ने पर्वतीय महिला विकास ट्रस्ट की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।

### रेड रन युवा उत्सव मैराथन : नारायण व नैंसी प्रथम



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला में सीएमओ डॉ. राजेश गुलेरी की अध्यक्षता में युवा उत्सव मैराथन रेड रन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश एड्स नियंत्रण सोसायटी और राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश के सहयोग से आयोजित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं और आमजन में एचआईवी/एड्स एवं तपेदिक (टीबी) के प्रति जागरूकता फैलाना था। मैराथन में जिलेभर के 14 रेड रिबन क्लबों (कॉलेजों) से आए 60 विद्यार्थियों (30 छात्र एवं 30 छात्राएं) ने भाग लिया। मैराथन की शुरुआत डॉ. राजेश गुलेरी ने हरी झंडी दिखाकर की, जिसकी कुल दूरी 5 किलोमीटर रही। छात्राओं में नैंसी चौधरी प्रथम, अदिति ठाकुर द्वितीय, स्नेहा तृतीय व रेनू शर्मा ने चौथा, जबकि छात्र वर्ग में नारायण, विजय, विकास और प्रिंस कुमार ने क्रमशः पहला, दूसरा, तीसरा व चौथा स्थान पाया।

### करियाड़ा नाग मंदिर में हवन यज्ञ संपन्न

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** देवभूमि हिमाचल के ऐतिहासिक और आस्था के प्रतीक करियाड़ा नाग मंदिर में नाग पंचमी पर मंगलवार को भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। मंदिर प्रबंधक कुलदीप सिंह गुलेरिया के नेतृत्व में विधिवत पूजा-अर्चना व नाग देवता का अभिषेक किया गया और पूरे क्षेत्र की समृद्धि व देश की खुशहाली के लिए विशाल हवन का आयोजन हुआ। इस पावन अवसर पर हिमाचल प्रदेश के कोने-कोने से ही नहीं, बल्कि पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, ऊना और जम्मू से भी सैकड़ों श्रद्धालु मंदिर में आकर नाग देवता के दर्शन कर शीश नवाने पहुंचे। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से देश-प्रदेश में शांति, सुख और नशामुक्त समाज की कामना के साथ आहुति डाली।

### बैजनाथ मंदिर से जूते चुराने वाला धरा

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** शिव मंदिर बैजनाथ में जूता चप्पल चोर धर लिया गया है। बैजनाथ शिव मंदिर में पिछले लंबे अरसे से जूता-चप्पल चोरी के कई मामले सामने आ रहे थे। मंगलवार को भी ऐसा ही वाक्य पेश आया, जब कांगड़ा से आए हुए श्रद्धालु के जूते चोरी हो गए। मंदिर प्रशासन ने तुरंत हरकत में आते हुए अपने सीसीटीवी कैमरे खंगाले तथा इस जूता चोर को पकड़ने के लिए अपने लोगों को मुस्तैद कर दिया। थोड़ी ही देर बाद उक्त व्यक्ति जब दोबारा वहां आया तो वहां पर मौजूद मंदिर कर्मचारियों ने उसे दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी पहचान अजय कुमार निवासी पंजाब गुरदासपुर के रूप में हुई है।

### उपभोक्ता 31 तक जमा करवाएं बिजली बिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड उपमंडल सिद्धपुर (योल) के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने बिजली बिल का भुगतान 31 जुलाई तक सुनिश्चित करें। विद्युत उपमंडल सिद्धपुर के सहायक अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के बिजली बिल लंबित हैं, वे तत्काल प्रभाव से अपना बकाया भुगतान करें, अन्यथा उनके बिजली कनेक्शन बिना किसी पूर्व सूचना के नियमानुसार काट दिए जाएंगे। बिजली बिल का भुगतान उपमंडल कार्यालय सिद्धपुर (योल) के कैश काउंटर पर किया जा सकता है या फिर बोर्ड की वेबसाइट व विभिन्न ऑनलाइन पेमेंट ऐप्स के माध्यम से भी भुगतान किया जा सकता है।

### विधायक के पिता के निधन पर शोक जताया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश विधानसभा के उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने सुंदरनगर से विधायक राकेश जम्वाल के पिता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में पठानिया ने कहा कि यह दुखद समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार को इस असीम दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। पठानिया ने कहा कि इस कठिन समय में वह एवं उनका समस्त सहयोग सदैव राकेश जम्वाल के साथ खड़ा है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

# बीमा कंपनी को उपभोक्ता को 9 फीसदी ब्याज सहित देने होंगे 1,43,800 रुपए

## जिला उपभोक्ता आयोग की अदालत ने सुनाया फैसला

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** बीमा कंपनी द्वारा उपभोक्ता को 9 फीसदी ब्याज सहित 1,43,800 रुपए का भुगतान करना होगा। इसके साथ ही कंपनी द्वारा उपभोक्ता को मानसिक उत्पीड़न के तहत 10,000 रुपए व मुकदमे के तौर पर भी 10,000 रुपए का भुगतान करना होगा।

यह आदेश उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य आरती सूद और नारायण ठाकुर की अदालत ने दिए हैं। जानकारी के अनुसार, उपभोक्ता आयोग में एक शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत दर्ज करवाई गई थी कि उसने अपनी कार को 19 फरवरी, 2023 से 18 फरवरी, 2024 तक एक

**मानसिक उत्पीड़न पर देने होंगे 10,000 रुपए**



बीमा कंपनी से बीमित करवाया था। 6 मई, 2023 को भारी बारिश और आंधी के दौरान एक पेड़ कार पर गिर गया, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और एक व्यक्ति की मृत्यु भी गई। इस घटना के बाद शिकायतकर्ता उपभोक्ता ने समय पर बीमा दावा किया और सभी आवश्यक दस्तावेज कंपनी को सौंप दिए। इसके साथ ही उपभोक्ता ने एक सर्विस सेंटर द्वारा दी गई मरम्मत की अनुमानित लागत 3,60,822 रुपए होने की भी बात बताई।

शिकायतकर्ता ने बताया कि इस मामले को लेकर बीमा कंपनी ने अपना पक्ष रखते हुए यह दावा खारिज किया कि अब संबंधित वाहन शिकायतकर्ता का न होते हुए उस व्यक्ति का है, जो वाहन से संबंधित किस्तें भर रहा है।

ऐसे में शिकायतकर्ता का वाहन पर कोई बीमा हित नहीं रहा है। आयोग के समक्ष मामले को लेकर बीमा दस्तावेज और वाहन के पंजीकरण प्रमाणपत्र का अवलोकन करने के बाद पाया कि वाहन का मालिकाना हक अब भी शिकायतकर्ता के नाम पर है और बीमा भी उन्हीं के नाम पर है, जबकि यह किस्तें भी शिकायकर्ता के खाते से ही कट रहीं थी।

ऐसे में आयोग ने इस मामले में बताया कि बीमा कंपनी द्वारा दावा अस्वीकार करना व सेवा में गंभीर कमी सामने आ रही है। इसके साथ ही आयोग ने यह भी माना कि शिकायतकर्ता 3,60,822 रुपए के अनुमान के पक्ष में सर्वेयर की रिपोर्ट से बेहतर कोई सबूत नहीं दे सके, जिसमें 1,43,800 की मरम्मत लागत आंकी गई थी।

ऐसे में इस मामले में उपभोक्ता के पक्ष में आयोग द्वारा फैसला सुनाते हुए उपरोक्त आदेश जारी किए गए हैं।

# 1349.50 फुट तक पहुंचा पौंग झील का जलस्तर

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

**पौंग** बांध का जलस्तर मंगलवार को 1349.50 फुट पहुंच गया है, जो कि खतरे के निशान से महज 31 फुट दूर रह गया है।

वहीं, 1360 फुट को टच करते ही बीबीएमबी पौंग बांध के मैन गेट खोल सकता है। मौजूदा समय में पौंग झील में 201495 क्यूसिक पानी आ रहा है, जबकि 16974 क्यूसिक पानी छोड़ा जा रहा है। मंगलवार को देहर खड्ड उफान पर रही तथा देहर खड्ड का पानी दोनों सिरों को छूता हुआ निकला। लगातार बढ़ रहा पानी बीबीएमबी व प्रशासन के लिए भी परेशानी बन रहा है, जबकि निचले क्षेत्रों मंड, म्यानी, इंदौरा के साथ साथ पंजाब के होशियारपुर जिला के लोगों की भी सांसें सूख रही हैं। 1360 फुट के आसपास जलस्तर पहुंचने पर झील से पानी छोड़ा जा सकता है। पौंग झील में 1410 फुट तक पानी स्टोर करने की क्षमता है,



**लोगों को ब्यास किनारे न जाने के आदेश**

जबकि 1390 फुट के निशान तक पहुंचते ही पानी को छोडने शुरू कर दिया जाता है। एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती ने कहा कि पौंग झील में जलस्तर लगातार बढ़ रहा है तथा इसके चलते निचले इलाकों की जनता को सतर्क रहने को कहा गया है। रे, स्थाना व टैरेस में बीबीएमबी द्वारा हूटर लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल टरबाइनों के माध्यम से पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं लोगों को ब्यास किनारे न जाने के आदेश दिए हैं।

# छठी से बारहवीं कक्षा तक पढ़ाने के आदेश पर स्कूल प्रवक्ता संघ का विरोध

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा**

**डरोह।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ, जिला कांगड़ा ने हाल ही में शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी उस आदेश का कड़ा विरोध किया है, जिसमें प्रवक्ताओं को आवश्यकता अनुसार, कक्षा छठी से बारहवीं तक पढ़ाने को कहा गया है। संघ के अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास, महासचिव बलजीत सिंह अटवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार, वित्त सचिव तिलक राज राणा समेत सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने इसे तुगलकी फरमान बताया।

**आदेशों को बताया तुगलकी फरमान**

प्रवक्ता संघ का कहना है कि पहले से ही प्रवक्ता आवश्यकता अनुसार कक्षाएं ले रहे हैं, ऐसे आदेश न केवल अनुचित हैं, बल्कि इनसे प्रवक्ताओं के मनोबल पर नकारात्मक असर पड़ता है और शिक्षा की गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। प्रवक्ताओं ने मांग की कि यदि उन्हें कक्षा 6 से 12 तक पढ़ाने को बाध्य किया जाता है, तो प्रधानाचार्य और मुख्याध्यापक के सभी पद 100 फीसदी पदोन्नति के आधार पर प्रवक्ताओं को ही दिए जाएं। प्रवक्ताओं ने तर्क दिया कि विभिन्न कक्षाओं के लिए अलग-अलग स्तर के शिक्षक नियुक्त होते हैं, जो विद्यार्थियों की आयु और मनोवैज्ञानिक स्थिति के अनुसार प्रशिक्षित होते हैं। ऐसे में जबरदस्ती प्रवक्ताओं पर सभी कक्षाएं पढ़ाने का दबाव व्यवहारिक नहीं है। साथ ही उन्होंने यह भी पूछा कि अगर प्रवक्ता छठी से बारहवीं तक पढ़ाएंगे, तो टीजीटी की जिम्मेदारी क्या होगी? संघ ने चेतावनी दी कि अगर आदेशों को सार्वभौमिक किया गया, तो प्रवक्ता एकजुट होकर उग्र विरोध करेंगे। प्रवक्ताओं ने एकमत होकर यह भी मांग की कि प्रवक्ता से प्रधानाचार्य की पदोन्नति शीघ्र की जाए एवं लंबित वित्तिय लाभ भी अविलंब जारी किए जाएं।

# बज्रेश्वरी मंदिर में बारिश में भी उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**

**कांगड़ा।** कांगड़ा स्थित श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर में चल रहे श्रावण अष्टमी मेलों में श्रद्धालुओं की अपार श्रद्धा देखने को मिल रही है। मेलों के पांचवें दिन सुबह से ही भारी बारिश के बावजूद भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ, जैसे ही सुबह मंदिर के कपाट खुले, श्रद्धालु शांतिपूर्वक लंबी कतारों में लगकर मां ब्रजेश्वरी के दर्शन के लिए उमड़ पड़े।

कांगड़ा की तहसील चौक से लेकर नेहरू चौक तक श्रद्धालु टोलियों में ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते-गाते मंदिर पहुंचे। मां के जयकारों से पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा। एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल के निर्देशानुसार, मंदिर प्रशासन ने भारी बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाओं को बखूबी संभाले रखा। मंदिर



मंदिर प्रशासन ने बारिश के बावजूद व्यवस्थाओं को बखूबी संभाला।

अधिकारी नीलम राणा और कनिष्ठ अभियंता विजय कुमार बारिश में भी व्यवस्थाओं की देखरेख में लगातार सक्रिय रहे। मंगलवार को मंदिर में मिंजर विसर्जन की परंपरा भी श्रद्धा और विधिपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर अधिकारी नीलम राणा की कार्यनिष्ठा ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। सेवानिवृत्ति से मात्र दो दिन पहले भी उन्होंने मेलों की व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी, जबकि आमतौर पर कर्मचारी इस समय छुट्टी पर चले जाते हैं। एसडीएम कांगड़ा ने मंदिर अधिकारी की निष्ठा की प्रशंसा करते हुए कहा कि नीलम राणा जैसे अधिकारी सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके समर्पण से कांगड़ा मंदिर प्रशासन की छवि और भी सशक्त हुई है।

## एससी/एसटी से संबंधित मामलों को शीघ्र निपटाने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 एवं नियम 1995 के तहत जिले में गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की बैठक उपायुक्त कार्यालय के सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम के तहत न्यायालय एवं पुलिस से संबंधित लंबित व रद्द मामलों के बारे में समीक्षा की गई। विनय ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित मामलों को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि न्याय में देरी न्याय न मिलने के समान है, इसलिए संबंधित मामलों की तफ्तीश कर उनका समय पर निपटान सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर जिला कल्याण अधिकारी साहिल मांडला, पुलिस अधिकारी आदि जिला न्यायवादी अधिकारी, गैर सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।

# मानसून में तबाह हुए मकान पीड़ितों को मिलेगा नया घर

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

**मानसून** में तबाह हुए मकानों के परिवारों के लिए केंद्र सरकार से राहत भर खबर आई है। अब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मानसून में नुकसान के जद में आए पीड़ितों को नए मकान मिलेंगे। जिला कांगड़ा के खंड विकास अधिकारी फतेहपुर सुभाष अत्री ने बताया कि उन्हें विभाग से आदेश जारी हुए हैं कि जिन लोगों के मकान मानसून में तबाह हुए हैं या कोई नुकसान हुआ है, अगर वे मकान बनाना चाहत है तो उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान आवंटित किया जाएगा।



**खंड विकास अधिकारी सुभाष अत्री ने दी जानकारी**

पीड़ित व्यक्ति को इसकी जानकारी स्थानीय पंचायत में सचिव को देनी होगी, पंचायत सचिव उसे वेरिफाई करेगा। इसके लिए अंतिम तिथि फिलहाल 31 जुलाई तक तय की गई है। यह सारा प्रोसेस ऑनलाइन रहेगा।

## फतेहपुर में 5685 नए पात्र लोग चयनित

**विकास** खंड फतेहपुर की 66 पंचायतों में 5685 नए पात्र लोग प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए चयनित हुए हैं। सुभाष अत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान आवंटन के लिए पात्र लोगों को चयनित करने का अभियान चला हुआ था, जिसमें 5685 लोगों की पहचान हुई है। चयनित लोगों को चेक करने के लिए दो पंचायतों में जायजा लिया गया। पात्र लोगों की जांच कर रहे हैं। पात्र लोगों की इस सूची को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जिसे मंजूरी के लिए उपरोक्त विभाग को भेजा जा रहा है।

## डीएवी स्कूल नगरोटा सूरियां में छात्रों को लगाए टेटनस के टीके

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** डीएवी स्कूल नगरोटा सूरियां में मंगलवार टेटनस टॉक्सॉइड (टीटी) टीकाकरण अभियान का आयोजन हुआ। यह टीकाकरण कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग नगरोटा सूरियां के सहयोग से आयोजित किया गया। यह टीकाकरण कक्षा पहली, पांचवी वी व दसवीं के लिए किया गया। करीब 145 से अधिक छात्रों को वैक्सीन दी गई। टीकाकरण प्रशिक्षित स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों द्वारा किया गया था और किसी भी संभावित दुष्प्रभाव की निगरानी के लिए टीका लगवाने के बाद छात्रों पर 20-30 मिनट तक नजर रखी गई। विद्यालय प्रशासन ने टीकाकरण प्रक्रिया को सुचारु रूप से चलाने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ मिलकर काम किया और स्वस्थ विद्यालय वातावरण बनाए रखने में टीकाकरण के महत्व पर जोर दिया। स्कूल के प्रधानाचार्य शेखर मोदगिल व समस्त शिक्षकों ने आए हुए स्वास्थ्य अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# किसान क्रेडिट कार्ड का उठाएं लाभ : डॉ. कुलदीप

## कृषि जागरूकता शिविर में किसानों को दी कृषि तकनीकों की जानकारी




गांव खर्ती में उपनिदेशक कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में किसानों के लिए कृषि जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान, अजय पाल**

**पालमपुर।** सतत कृषि को बढ़ावा देने और किसानों को व्यावहारिक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से मंगलवार को गांव खर्ती में कृषि जागरूकता शिविर का आयोजन डॉ. कुलदीप सिंह धीमान (उपनिदेशक कृषि, कांगड़ा) की अध्यक्षता में किया गया।

शिविर का उद्देश्य किसानों को सतत कृषि, फसल सुरक्षा, उन्नत फसल उत्पादन तकनीक, मृदा एवं जल संरक्षण, नवीन कृषि इनपुट तथा किसान कल्याण योजनाओं के बारे में सीधे विशेषज्ञों से जानकारी देना था। शिविर का समन्वय डॉ. रुपिका शर्मा, विषयवाद विशेषज्ञ कांगड़ा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रधान राजकुमारी एवं उपप्रधान संजीव कुमार ने कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम के आयोजन की सराहना की। डॉ. कुलदीप सिंह धीमान ने विभाग की सभी प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी और किसानों से किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ उठाने का आग्रह किया, ताकि उन्हें समय पर ऋण सुविधा मिल सके। डॉ. दीप ने आधुनिक फसल उत्पादन तकनीकों पर चर्चा करते हुए उच्च मूल्य फसलों का समावेश, संतुलित पोषण प्रबंधन, जल उपयोग की दक्षता और क्षेत्र विशेष फसलें गेहूं, धान व मक्का के रोग एवं कीट प्रबंधन के उपायों के बारे में जानकारी दी।

वहीं, किसानों ने अपनी समस्याएं रखीं और विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किया।

# रक्कड़ में ऑल्टो से 140 ग्राम चरस बरामद, दो लोग गिरफ्तार



रक्कड़ पुलिस टीम के साथ चरस के साथ गिरफ्तार दो आरोपी।

**अनंत ज्ञान, गरली**

**रक्कड़** पुलिस ने दो लोगों को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार सुबह एक ऑल्टो कार को रोका।

तलाशी के दौरान कार से 140 ग्राम चरस बरामद हुई। गाड़ी में मौजूद विजय कुमार और मनीष कुमार (रक्कड़ निवासी) मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी विजय कुमार (गरली निवासी, उम्र 52 वर्ष) ब्लॉक परागपुर की महिला पंचायत प्रधान का पति है। महिला प्रधान ने रिश्ते से ऊपर कानून और समाज की रक्षा को प्राथमिकता दी। पचायत प्रधान ने स्पष्ट कहा कि नशा बेचने वाला चाहे मेरा पति ही क्यों न हो, कानून से कोई ऊपर नहीं, समाज के बच्चों को बचाना मेरी पहली जिम्मेदारी है। प्रधान के इस बयान की इलाके भर में खूब सराहना हो रही है।

## बीए और बीएससी प्रथम वर्ष के परिणाम में डीएवी कांगड़ा ने लहराया परचम



**अनंत ज्ञान। कांगड़ा।** प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा घोषित किए गए बीएससी और बीए प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा के विद्यार्थियों ने परचम लहराया है। बीएससी प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में हिमानी ने 89 फीसदी अंक लेकर महाविद्यालय में प्रथम स्थान, कोमल ठाकुर ने 86.75 फीसदी अंक लेकर द्वितीय स्थान और अमिता चौधरी ने 85.37 फीसदी अंक लेकर महाविद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। बीए प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में अंकिता ने 84.25 फीसदी अंक लेकर महाविद्यालय में प्रथम स्थान, यशवी ने फीसदी अंक लेकर द्वितीय स्थान और रुद्रांशी ने 81.87 फीसदी अंक लेकर महाविद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# डल लेक में राधाष्टमी मेले के लिए बनाएं ट्रैफिक प्लान : पठानिया



उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने विकासात्मक प्रदर्शनी लगाने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**उपमुख्य** सचेतक केवल सिंह पठानिया ने श्री दुर्वेश्वर महादेव मंदिर डललेक में 30 तथा 31 अगस्त को आयोजित होने वाले राधाष्टमी पर्व में पुख्ता सुरक्षा प्रबंध करने तथा वाहनों की आवाजाही को लेकर ट्रैफिक प्लान तैयार के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को मिनी सचिवालय में डल लेक में राधाष्टमी मेले की तैयारियों के लिए आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए पठानिया ने कहा कि डल लेक में राधाष्टमी पर्व पर स्नान करना धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा है। इस स्थान पर मणिमहेश के समतुल्य ही स्नान के महत्व का धार्मिक ग्रंथों में भी उल्लेख मिलता है। वर्तमान सरकार ने कांगड़ा जिले को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया है। इसी दृष्टि से डल लेक में आयोजित किए जाने वाले राधाअष्टमी पर्व को भव्य रूप प्रदान किया जाएगा। इसके लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विकासात्मक प्रर्दशनियां आयोजित करने का निर्णय लिया है। पठानिया ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मेले के सफल आयोजन के लिए मंदिर न्यास के सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य योजना तैयार करें तथा विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नोडल अधिकारी तैनात करें ताकि मेले का सफल आयोजन सुनिश्चित किया जा सके। सभी विभाग अपने अपने विभागों से संबंधित विकासात्मक प्रदर्शनी भी लगाएं ताकि आम जनमानस को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मिल सके।

## फतेहपुर अस्पताल में चिकित्सा सेवाओं की नई मिसाल

# डॉ. गूंजन जैन ने की जटिल हर्निया की सफल सर्जरी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

**सिविल** अस्पताल फतेहपुर स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से एक आदर्श उदाहरण बनकर उभरा है। हाल ही में यहां नियुक्त सर्जन डॉ. गुंजन जैन ने महज एक माह में 40 सर्जरी कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। डॉ. जैन ने आईजीएमसी शिमला में सेवाएं देने के बाद पीजी की पढ़ाई पूरी कर फतेहपुर अस्पताल में कार्यभार संभाला। उनकी नियुक्ति से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली है और इंदौरा, जवाली, नूरपुर समेत दूर-दराज के मरीज भी उपचार के लिए यहां आ रहे हैं। वहीं, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. गुरजीत सिंह संधू की सेवाओं से अस्पताल में प्रतिदिन 20-30 मरीजों को प्लास्टर लगाए जा रहे हैं। डॉ. संधू की मौजूदगी में अस्पताल के बाहर मरीजों की लंबी कतारें आम हो गई हैं, जो स्वास्थ्य सेवाओं में आए सुधार को दर्शाता है।



डॉ. गूंजन जैन

### राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी ने दी बधाई

**विधायक** एवं राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया ने भी अस्पताल की प्रशंसा करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि डॉ. जैन ने दो जटिल हर्निया ऑपरेशन (नाभिकीय और वंक्षण) सफलतापूर्वक किए हैं। इस उपलब्धि में ओटी स्टाफ डॉ. हेमंत शर्मा और शुभम शर्मा का भी विशेष योगदान रहा।



# मेक माई ट्रिप के साथ एग्रीमेंट का प्रोसेस अंतिम चरण में

## डीडीओ को सरकारी संस्थानों से एमओयू करने के निर्देश; कई होटल करीब 40 वर्ष पुराने, मरम्मत की है जरूरत

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** प्रदेश की दूसरी राजधानी में शुमार धर्मशाला स्थित हेरिटेज प्रॉपर्टी कश्मीर हाउस में हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) ने मंगलवार से कार्य करना शुरू कर दिया है। एचपीडीसी मुख्यालय में 70 लोगों में से स्टाफ में से 30 को धर्मशाला में ज्वॉइनिंग के निर्देश जारी किए गए थे, जिनमें से 25 ने ज्वॉइन कर लिया है।

डीडीओ को सरकारी संस्थानों से एमओयू के निर्देश जारी किए गए हैं। एचपीटीडीसी की कई इकाइयां ढाई से चार दशक पुरानी हैं, जिन्हें मरम्मत की जरूरत है। धर्मशाला में एचपीटीडीसी मुख्यालय के संचालन के पहले दिन एमडी डॉ. राजीव कुमार ने विशेष बातचीत में बताया कि एचपीटीडीसी मुख्यालय धर्मशाला आ चुका है, जबकि एक जोनल ऑफिस शिमला में भी रखा जाएगा, इस बारे में बीओडी की बैठक में निर्णय लिया गया है। शिमला में नीति निर्धारण सहित अन्य कार्यों के लिए विभिन्न विभागों के साथ को-ऑर्डिनेशन बिठाना पड़ता है, जिसके लिए शिमला में जोनल ऑफिस होना जरूरी है।


एचपीटीडीसी के एमडी डॉ. राजीव कुमार।

- **प्रदेश में प्राइम लोकेशन पर अधिकतर इकाइयां**
- **एक जोनल ऑफिस शिमला में भी रखा जाएगा**

### ई-ऑफिस पर चलता है एचपीटीडीसी

**एमडी** डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि एचपीटीडीसी पहला कारपोरेशन है, जो पूरी तरह से ई-ऑफिस पर चलता है। कारपोरेशन के पुराने डाटा की स्कैनिंग चल रही है।, जिसका काम एचपी इलेक्ट्रोनिक कारपोरेशन द्वारा एक एजेंसी के माध्यम से करवाया जा रहा है। धर्मशाला में एचपीटीडीसी ने मंगलवार से सुचारु रूप से कार्य शुरू कर दिया है। बैठने सहित अन्य व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं तथा 10-15 दिन के भीतर एचपीटीडीसी का पूरा सेटअप धर्मशाला में हो जाएगा।

### एडीबी के आ रहे कई नए प्रोजेक्ट

डॉ. राजीव ने बताया कि सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू और एचपीटीडीसी के चेयरमैन कैबिनेट रैंक आरएस बाली की सोच पर्यटन को बढ़ावा देने की है। एडीबी के भी कई प्रोजेक्ट आ रहे हैं, उसी के तहत पैसा खर्च किया जा रहा है। मनाली के दो होटलों को पूरी तरह नए तरीके से बनाया जा रहा है, नगर कैसल की रेनोवेशन हो रही है, उस पर भी 80 करोड़ के करीब पैसा खर्च होगा।

### पर्यटन पर पड़ेगा असर, मॉनिटरिंग होगी आसान

**एचपीटीडीसी** के एमडी ने कहा कि पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित किए जा रहे जिला कांगड़ा में एचपीटीडीसी के एमडी का ऑफिस होगा तो निश्चित तौर पर इसका असर पर्यटन पर पड़ेगा, क्योंकि धर्मशाला से मॉनिटरिंग आसान होगी। धर्मशाला, पालमपुर, हमीरपुर और चंबा में स्थित होटलों में जो कमियां नजर आएंगी, उन्हें दूर करने का प्रयास किया जाएगा। कांगड़ा जिले में पर्यटन क्षमता को बढ़ावा देकर उसका दोहन किया जाएगा।

### सरकारी कार्यक्रम ले रहा एचपीटीडीसी

**पिछले** तीन साल में एचपीटीडीसी का टर्न ओवर 76 करोड़ से 100 करोड़ से ऊपर जा रहा है। छोटी इकाइयों में जहां मरम्मत की जरूरत थी, उनमें सुधार लाया गया है। डीडीओ को निर्देश दिए गए हैं कि सरकारी संस्थानों से एमओयू करें। कई सरकारी कार्यक्रम हो रहे हैं, उन्हें भी एचपीटीडीसी अपने पास ले रहा है।

### एमएमटी अधिकारियों से हो चुकी हैं बैठकें

**उन्होंने** बताया कि मेक माई ट्रिप (एमएमटी) के साथ भी एचपीटीडीसी एग्रीमेंट करने वाला है, इसके लिए एमएमटी के उच्च अधिकारियों से साथ बैठकें हो चुकी हैं। इस दिशा में एचपीटीडीसी के चेयरमैन की सोच के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं।

### कुछ होटलों की मरम्मत का कार्य शुरू

**डॉ.** राजीव ने कहा कि एचपीटीडीसी की अधिकतर इकाइयां प्राइम लोकेशन पर हैं, जिनमें से कई होटल 25 से 40 वर्ष पहले के बने हुए हैं तथा कई होटलों को मरम्मत की भी जरूरत है। पिछली बीओडी की बैठक में सरकार से फंडस अरेंज करने पर बात हुई थी और यदि फंडस नहीं आते हैं तो लोन लेकर होटलों की मरम्मत की जाएगी। कुछ होटलों की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है।

# बच्चों को शिक्षा से वंचित करने की मंशा पाले है सरकार : कमल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**शाहपुर** से भाजपा नेता कमल कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश के सैकड़ों स्कूलों को फिर से बंद करने का आदेश दिया है। शाहपुर विधानसभा से लंजोत व घडघूह स्कूल को बंद करने से स्पष्ट है कि सरकार की मंशा आम परिवार के बच्चों को शिक्षा से वंचित करना है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जॉब ट्रेनी पॉलिसी के खिलाफ युवाओं का विरोध प्रदर्शन जारी है। उनका कहना है कि यह नीति बेरोजगार युवाओं के साथ कुठाराघात है और सरकार बार-बार टेस्ट के नाम पर युवाओं के साथ भद्दा मजाक कर रही है। सरकार के मंत्री अनाप-शनाप ब्यानबाजी करने में लगे हुए हैं। भाजपा के कार्यकर्ताओं झूठे पर केस दर्ज किए जा रहे है। सरकार अपनी जिम्मेदारियों को पूरी तरह से भूल चुकी है। इस सब का खमियाजा कांग्रेस को आने वाले पंचायत चुनावों से लेकर विधानसभा में पूरी तरह से भुगतना होगा तब जनता इनको आईना दिखाएगी।

## कर्मचारियों के लिए प्रेरक प्रशिक्षण आयोजित




**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** वरिष्ठ महाप्रबंधक बीएसएनएल बीए धर्मशाला के कार्यालय में गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के लिए मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत प्रेरक प्रशिक्षण पर पुनश्चर्या पाठ्यक्रम, बैच संख्या 1, चरण-2, आयोजित किया गया।

# किसानों और पशुपालकों को दें आधुनिक तकनीक की जानकारी : डीसी बैरवा

## बोले, मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट के शुरू होने पर पशुपालक होंगे लाभान्वित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**उपायुक्त** हेमराज बैरवा ने कहा कि पशुपालन के क्षेत्र में किसानों तक आधुनिक तकनीक की जानकारी पहुंचाना सुनिश्चित करें, ताकि इस क्षेत्र में गुणवत्ता पूर्ण उत्पादन के साथ पशुपालक अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सकें।

मंगलवार को डीआरडीए के सभागार में पशुपालन विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा डेयरी ढगवार में शीघ्र ही 1.5 लाख लीटर की क्षमता वाला दूध प्रसंस्करण संयंत्र अगले वर्ष जून में शुरू हो जाएगा।

इसके मध्यनजर उन्होंने किसानों को उत्तम नस्लों के पशु पालने को प्रेरित किया, ताकि इस संयंत्र का भरपूर लाभ लिया जा सके। डीसी ने पशुपालन विभाग को आधुनिकीकरण के लिए पशु चिकित्सा संस्थानों में हूफ कटर मशीन स्थापित करवाने के बारे में भी निर्देश दिए। पशु आहार वितरण व पशु बीमा परियोजनाओं को धरातल पर किसानों के हक में अमलीजामा पहनाने के भी निर्देश दिए। इस सेमिनार में जिले के विभिन्न इलाकों से पधारे प्रगतिशील पशुपालकों ने पशुपालन के विविधिकरण पर बल देते हुए जिलाधीश से सूअर पालन और मुर्गी पालन की दिशा में उपयुक्त कदम उठाने का सुझाव दिया। बैठक में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि ने किसानों को पशुपालन के क्षेत्र में उद्यमिता के लिए बोर्ड के नियामक ढांचे की विस्तृत जानकारी प्रदान की। मुर्गी पालन से संबंधित किसानों ने जिलाधीश के माध्यम से वैरियर पर वसूले जाने वाले टैक्स में कटौती एवं पालमपुर क्षेत्र में मुर्गी पालन के आधुनिकीकरण के लिए एक हैचरी खोलने के लिए भी विस्तृत चर्चा की गई।


पशुपालन विभाग की ओर से आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता करते डीसी।

# नाग पंचमी पर परौर शिव मंदिर में विशेष पूजन

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा**

**डरोह।** नाग पंचमी के अवसर पर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए व काल सर्प योग दूर करने के लिए पिछले तीन दिनों से चल रहा विशेष पूजन और अनुष्ठान संपन्न हो गया।

परौर शिव मंदिर में पंडित राजिंद्र शर्मा के सानिध्य में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा पूजन कार्य संपन्न करवाया गया। पूजा के सह संचालक पंकज शास्त्री ने बताया कि श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा एवं अभिषेक करने से भक्तों की इच्छाएं अवश्य पूरी होती हैं। मंगलवार को कालसर्प योग पूजा पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुई। पंकज ने बताया कि इस विशेष पूजा में लगभग 21 यजमानों सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भाग लिया।


पिछले तीन दिनों से चल रहा विशेष पूजन और अनुष्ठान संपन्न हो गया।

# ईको टूरिज्म सोसायटी का आपदा राहत कोष में ₹50 लाख का योगदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेश** सरकार की ईको टूरिज्म सोसायटी ने राज्य आपदा राहत कोष में 50 लाख रुपए का योगदान दिया है। यह सहायता प्रदेश में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस उदार और समयानुकूल योगदान के लिए ईको टूरिज्म सोसायटी के सदस्यों का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि ऐसे योगदान समाज के प्रति गहरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का परिचायक हैं। आपदा की घड़ी में इस प्रकार की एकजुटता और करुणा से पीड़ितों को त्वरित राहत एवं पुनर्वास में महत्वपूर्ण सहायता मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईको टूरिज्म सोसाइटी जैसे संस्थानों का सहयोग अन्य संस्थाओं और नागरिकों को भी आगे आकर सहयोग देने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर ईको टूरिज्म सोसायटी के कार्यकारी समिति सदस्य संजीव गांधी ने कहा कि हम न केवल राज्य में ईको टूरिज्म को स्थानीय समुदाय की भागीदारी से प्रोत्साहित कर रहे हैं, बल्कि समाज की सेवा और लोगों के समग्र कल्याण के लिए भी पूरी तरह समर्पित हैं। संकट की इस घड़ी में हम अपने लोगों के साथ खड़े हैं।



सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू को आपदा राहत कोष में 50 लाख रुपए का चेक सौंपा।

# लंबागांव में बादल फटने से दो घरों को भारी नुकसान

- **प्रशासन ने प्रभावित परिवार को तिरपाल और तीन हजार रुपए की राहत सहायता की प्रदान**

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

**लंबागांव** में सोमवार रात करीब डेढ़ बजे बादल फटने से दो घरों को भारी नुकसान पहुंचा है। विकास खंड लंबागांव की पंचायत लोअर लंबागांव के वार्ड नंबर दो में बादल फटने से भारी मलबा राम स्वरूप पुत्र प्रीतम चंद और सुमेश कुमार पुत्र जैसी राम के घर में आ गया।

रामस्वरूप निर्धन परिवार से संबंध रखता है और बीपीएल परिवार में आता है। पिता का देहांत काफी वर्ष पहले हो चुका है और कुछ समय पहले माता वंसरा देवी का भी देहांत हो गया है।

रामस्वरूप का एक भाई भी है, जिसकी अभी शादी नहीं हुई है। राम स्वरूप ने बताया कि बीती रात भारी बारिश से करीब डेढ़ बजे जब सभी सोए हुए थे, तब घर में पानी आया और थोड़ी देर के बाद अचानक भारी मलबा घर के अंदर तक पहुंच गया। इसकी सूचना पंचायत को प्रशासन को दी। प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए प्रभावित परिवार को तिरपाल और तीन हजार राहत सहायता की प्रदान की। पंचायत के उपप्रधान हरि दास ने कहा कि ग्रामवासियों की मांग है कि इस गांव को आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित करे। वहीं, पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने प्रभावित परिवारों से बातचीत कर हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया है।


लोअर लंबागांव पंचायत में बादल फटने से घर में घुसा मलबा। प्रशासन ने प्रभावित परिवार को राहत सहायता प्रदान की है।

## बिजली बोर्ड के 200 ट्रांसफार्मर बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा-चंबा में बारिश के कारण बिजली बोर्ड के करीब 200 ट्रांसफार्मर बंद हैं। बिजली बोर्ड जिला कांगड़ा-चंबा के मुख्य अभियंता अजय गौतम ने बताया कि दोनों जिलों में करीब 200 ट्रांसफार्मर अभी बंद हैं। इनको सुचारु करने का कार्य लगातार जारी है। इसके साथ ही जल शक्ति विभाग जिला कांगड़ा के मुख्य अभियंता दीपक गर्ग ने बताया कि कांगड़ा जिले में करीब 6 पेयजल परियोजनाएं अभी बंद चल रही हैं। वहीं, लोक निर्माण विभाग धर्मशाला के अधिशाषी अभियंता दिनेश शर्मा ने बताया कि खनियारा के तहत आते खनियारा-थातरी पर जगह-जगह भूस्खलन के चलते बाधित रहा है।

# जयसिंहपुर उपमंडल में भारी बारिश से 9 करोड़ का नुकसान, 20 सड़कें बाधित

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

**जयसिंहपुर** उपमंडल में सोमवार से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उपमंडल के सभी छोटे-बड़े नाले और ब्यास नदी उफान पर है। उपमंडल जयसिंहपुर के अंतर्गत जगह-जगह भूस्खलन होने से सड़कों, पुलियों को भारी नुकसान पहुंचा है और कई घरों में बारिश का पानी घुसा है।

भारी बारिश से पंचरुखी-लंबागांव सड़क, रोपड़ी नाहलना मसंद बस्ती सड़क, रोपड़ी-उम्भर सड़क, करणघट-संदोआ सड़क, आलमपुर-सोलबनेहड़ सड़क, जांगल-केलन सड़क, गंदड़ सयारा सड़क, पापलह-बंदाऊ के साथ अन्य सड़क मार्गों पर आवाजाही प्रभावित हुई है। लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन विजय वर्मा ने बताया कि सोमवार से हो रही बारिश से लगभग डेढ़ करोड़ का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि विस क्षेत्र में 20 सड़कें बाधित हुई हैं। अधिकांश सड़क मार्ग को बहाल दिया गया है। शेष पर काम जारी है। उन्होंने बताया कि अभी तक जयसिंहपुर में 9 करोड़ का नुकसान हो चुका है। एसडीएम संजीव ठाकुर ने बताया कि बरसात से प्रभावित भवनों को तिरपाल मुहैया करवाए गए हैं।



## पुराना कांगड़ा घाट के समीप लैंडस्लाइड

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कांगड़ा में सोमवार रात से हो रही बारिश से मटौर-शिमला राष्ट्रीय उच्च मार्ग पुराना कांगड़ा घाट के समीप सुबह लैंडस्लाइड होने से यातायात बाधित हो गया। इससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सड़क पर गिरे मलबे को दो जेसीबी की सहायता से करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद मार्ग खुलवाया। वहीं, पुराना कांगड़ा लिंक रोड में भी बिजली का खंभा गिरने से मार्ग अवरुद्ध हो गया, जिसे विभाग व पुलिस की सहायता से मार्ग को खोला गया है।



# आसमानी बिजली गिरने से 90 भेड़ और बकरियों की मौत

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विधानसभा क्षेत्र शाहपुर की हार बोह पंचायत से लगभग 30 किलोमीटर दूर शिव दरूणी स्थित छतरी मूला जोत में आसमानी बिजली गिरने से लगभग 90 भेड़-बकरी की मौत का मामला सामने आया है। ये सभी भेड़-बकरियां बोह निवासी लोगों की थी। पंचायत हार वोह के उपप्रधान पप्पू राम ने बताया कि 28 जुलाई की रात को छतरी मूला जोत में बिजली गिरने से बीह निवासी पुहाल उत्तम चंद, बुद्धि सिंह और नाथो राम की लगभग 90 के करीब भेड़-बकरियां मर गई हैं। इस घटना की सूचना फोन कर गांव में दी। उन्होंने बताया कि मौके का जायजा लेने के लिए पंचायत हार वोह के वार्ड मेंबर सहित वेटरनरी अस्पताल रिडककमार की टीम मौके का जायजा लेने के लिए रवाना हो चुकी है। इस हादसे में किसी प्रकार का कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। इसके साथ वेटरनरी अस्पताल रिडककमार की टीम की ओर से रिपोर्ट देने के बाद मुआवजे की प्रक्रिया को अमल में लाया जाएगा।

> **शाहपुर** उपमंडल की हार बोह पंचायत के छतरी मूला जोत में बिजली गिरने के दौरान चपेट में आने से 90 से अधिक भेड़-बकरियों की मौत हो गई है। इसको लेकर प्रशासन की ओर से आगामी प्रक्रिया जारी है।
>
> **-करतार सिंह, एसडीएम, शाहपुर।**

# नूरपुर स्टेडियम के सिंथेटिक ट्रैक का काम अधूरा


नूरपुर शहर में अटल स्टेडियम के साथ बन रहे सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण कार्य लंबे समय से बंद पड़ा हुआ है।

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान**

- **लंबे समय से लटका निर्माण खेल प्रेमियों में निराशा**

**नूरपुर।** कांगड़ा जिले के नूरपुर शहर में अटल स्टेडियम के साथ बन रहे सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण कार्य लंबे समय से बंद होने से खेलों में दिलचस्पी रखने वालों में निराशा है।

पूर्व सरकार में तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व तत्कालीन वन, खेल एवं युवा मंत्री राकेश पठानिया ने अधारशिला रखी थी, उसके बाद प्रदेश में कांग्रेस सरकार के बनने के 6 माह बाद ही इस सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण कार्य ठप पड़ा है। पूर्व मंत्री राकेश पठानिया ने कहा कि इसके निर्माण के लिए भारत सरकार से पैसा आया हुआ है। अटल खेल स्टेडियम बनने के बाद यहां सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण कार्य शुरू हुआ था, जो कि कांग्रेस सरकार के आते ही लंबे समय से बंद पड़ा है। इस सिंथेटिक ट्रैक के बनने पर यहां युवा वर्ग दौड़ने की बेहतर तैयारी कर सकता है। इसके बनने पर इसके बीच बने मैदान में फुटबाल, हॉकी व वॉलीबाल आदि खेलों का आयोजन भी हो सकता है। जहां पार्किंग का निर्माण कार्य होना भी शेष है। भाजपा सरकार मे इससे पहले यहां भव्य अटल इंडोर स्टेडियम बन चुका है, जो कि उस समय प्रदेश की भाजपा सरकार ने शिलान्यास कर क्षेत्र की जनता को समर्पित कर दिया था। भव्य अटल इंडोर स्टेडियम में बास्केटबाल व टेबल टेनिस व बैडमिंटन आदि की खेलें आयोजित होती हैं। पठानिया ने बताया कि नूरपुर में लगभग साढ़े सात करोड़ रुपए की लागत से सिंथेटिक ट्रैक बनना है, जो कि 400 मीटर लंबा होगा। इसका निर्माण कार्य अधर मेंक्यू लटका है, जो सरकार की नाकामी को साबित करता है।

## लोअर लंबागांव पंचायत में प्रवासी महिला को सांप ने डंसा, टांडा रेफर

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर उपमंडल के तहत आने वाली लोअर लंबागांव पंचायत में रह रहे प्रवासी मजदूर प्रवेश की पत्नी सवीना (28), जो दरभंगा ( बिहार )के रहने वाली है, उसको सांप ने डंस लिया। इसके बाद महिला को रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, सोमवार रात के 12 बजे प्रवासी महिला अपने तीन बच्चों के साथ बिस्तर में सोई हुई थी।

सांप बच्चों के ऊपर से गुजर रहा था तो महिला की आंख खुली और बच्चों को उसी समय खींचा उस दौरान सांप ने महिला के बाजू को डंस लिया। महिला को जयसिंहपुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सिविल अस्पताल पालमपुर और वहां से प्रवासी महिला को मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर किया गया है। महिला को आईसीयू में रखा गया है।

## डमटाल क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** डमटाल थाना क्षेत्र के तहत एक महिला को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह महिला बीते कई दिनों से छन्नी बेली गांव के पास पठानकोट-जालंधर मार्ग पर सड़क किनारे घूमती देखी गई थी और मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रही थी। सोमवार रात लगभग 12 बजे पुलिस को सूचना मिली कि उक्त महिला को किसी तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। महिला की उम्र करीब 50 से 55 वर्ष बताई जा रही है। वहीं, डमटाल थाना के समीप स्थित शमशानघाट के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक की उम्र भी लगभग 50 वर्ष से अधिक आंकी जा रही है। पुलिस ने दोनों शवों को नूरपुर के शवगृह में पहचान के लिए 72 घंटे तक सुरक्षित रखने की व्यवस्था की है। डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने इन दोनों घटनाओं की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि आगामी कार्रवाई जारी है।

## विदेशी महिला न्यायिक हिरासत में भेजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत आते मैक्लोडगंज क्षेत्र में सोमवार को वीजा एक्सपायर होने के मामले में पकड़ी गई विदेशी महिला मंगलवार को कोर्ट में पेश की गई, जहां से उसे न्यायिक हिरासत पर भेजा गया है। पुलिस जानकारी के अनुसार उक्त विदेशी महिला दो-तीन दिन पहले यहां घूमने आई थी। इसके बाद इसके दस्तावेजों की जांच के दौरान महिला का वीजा एक्सपायर होने की बात सामने आई। इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को महिला को कोर्ट में पेश किया गया है, जहां से उसे न्यायिक हिरासत पर भेजा गया है। उधर, पुलिस जिला कांगड़ा की एएसपी आदिति सिंह ने बताया कि सोमवार को वीजा एक्सपायर होने के मामले में गिरफ्तार विदेशी महिला को मंगलवार कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत पर भेजा गया है। जबकि आगामी कार्रवाई जारी है।

**अब तक 7 विदेशी किए डिपोर्ट:** वर्ष 2024 से लेकर अब तक कुल 7 विदेशियों को यहां से वापिस उनके देशों में डिपोर्ट किया गया है। इनमें ताइवान का एक, रशिया के तीन व किर्गिस्तान से संबंधित विदेशी शामिल हैं।

# मरीज ने एंबुलेंस पर की उल्टी, चालक ने तीमारदार से करवाई साफ


टांडा में तीमारदार महिला से एंबुलेंस को साफ करवाता ड्राइवर।

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**

**टांडा ( कांगड़ा )।** टांडा में अगर किसी भी मरीज को एंबुलेस से लाना हो तो साथ में आने वाले तीमारदारों को अब सावधान होना होगा। जी, हां हम यह सब इसलिए बता रहे हैं, क्योंकि मंगलवार को टांडा अस्पताल में एक मरीज को 108 एंबुलेंस द्वारा लाया गया, जिसमें मरीज की तबीयत खराब होने के कारण उसे उल्टियां होने लगी।

108 एंबुलेंस के ड्राइवर ने जैसे ही मरीज व तीमारदारों को वहां उतारा तो उसके बाद का नजारा देखने लायक था। 108 के ड्राइवर ने साथ आई महिला से ही गाड़ी को धुलवाने का काम शुरू करवा दिया। डरते हुए उक्त महिला ने भी चुपचाप गाड़ी को धोने में लग गई। 108 एंबुलेंस सेवा जो कि सरकार द्वारा मुफ्त में दी जाती है। ऐसे में तैनात ड्राइवर ऐसा कर रहे हैं, तो बहुत शर्म की बात है। टांडा मेडिकल कॉलेज चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विवेक बनियाल का कहना है कि मामला आपके माध्यम से ध्यान में आया है। इस विषय पर जांच की जाएगी और 108 में तैनात ऐसे कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# शिमला/बिलासपुर



## न्यूज ब्रीफ

### बोलेरो कैंपर दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** पुलिस उपमंडल रामपुर के अंतर्गत नोगली से करेरी मार्ग पर बीती देर रात एक बोलेरो कैंपर के दुर्घटनाग्रस्त होने का समाचार है। यह



घटना उस समय घटी जब एक गाड़ी बोलेरो कैंपर संख्या एचपी 92-2107 कुमसु से आगे कमलाऊ की तरफ जा रही थी कि चालक अचानक गाड़ी से अपना नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी मार्ग से लगभग 10 मीटर नीचे गिर गई। जिसमें सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक व्यक्ति की पहचान अंकु चौहान (38) पुत्र मोहन लाल चौहान गांव कमलाउ डाकघर भडावली तहसील रामपुर के रूप में हुई है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### 1.24 ग्राम चिट्टे सहित व्यक्ति गिरफ्तार

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर थाना के तहत न्यू नोगली में एक व्यक्ति से पुलिस ने 1.24 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। व्यक्ति की पहचान सतपाल पुत्र भादरू राम गांव व डाकघर लगौटी तहसील आनी जिला कुल्लू के रूप में बताई गई है। इसकी पुष्टि करते हुए डीएसपी रामपुर नरेश शर्मा ने कहा कि रामपुर पुलिस चिट्टा तस्करों के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई कर रही है। किसी भी प्रकार के नशा कारोबारी के साथ पुलिस शक्ति से निपटेगी, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

### 3 अगस्त तक रामपुर दौरे पर नंद लाल

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** राज्य वित्तायोग के अध्यक्ष एवं रामपुर के विधायक नंद लाल 29 जुलाई से 3 अगस्त तक रामपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। वे जनसंवाद, विकास कार्यों की समीक्षा और उद्घाटन कार्यक्रमों में भाग लेंगे। 30 जुलाई को क्षेत्रीय जनता से मिलेंगे, 31 को ग्राम पंचायत नीरथ का दौरा करेंगे। 1 अगस्त को रामपुर में लाड़ा की बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें जलविद्युत परियोजनाओं से जुड़े प्रतिनिधि भाग लेंगे। 2 अगस्त को गानवी पंचायत भवन का उद्घाटन और 3 अगस्त को नागरिकों से संवाद होगा। 4 अगस्त को वे शिमला लौटेंगे। उनका यह दौरा क्षेत्रीय विकास के लिए अहम माना जा रहा है।

### बलग स्कूल ने कला उत्सव में मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलग में देहा खंड स्तरीय कला उत्सव व रंगोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खंड के 12 विद्यालयों ने भाग लिया, जिसमें बलग स्कूल का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य रमेश चंद शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। समूह लोक नृत्य में स्नेहा और साथियों ने, एकल गान में रितु और लघु नाटिका में सुकृति, दीक्षित, रितिक व सूर्यांश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संगीत वादन, एकल नृत्य, कहानी वाचन और चित्रकला में छात्रों ने द्वितीय स्थान हासिल किए। इस अवसर पर खंड समन्वयक मोहन, खेल प्रभारी लोकेंद्र बकरोट और सुरेश घाल्टा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा देखने को मिली।

### छात्राओं को एमए में चयन पर मिली बधाई

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** राजकीय महाविद्यालय ननखड़ी में मंगलवार को प्राचार्य डॉ. प्रेम प्रकाश चौहान की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें बीए तृतीय वर्ष के सफल छात्र-छात्राओं को आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर कॉलेज की छात्राएं दीक्षा (बीए तृतीय वर्ष) और अनुष्का मेहता (बीए तृतीय वर्ष) को विशेष रूप से बधाई दी गई, जिनका चयन हि.प्र. विश्वविद्यालय के एमए समाजशास्त्र विषय में हुआ है। प्राचार्य डॉ. चौहान ने दोनों छात्राओं की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष महाविद्यालय में बीए तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है, जिससे संस्था की शिक्षण गुणवत्ता और विद्यार्थियों की मेहनत दोनों ही स्पष्ट रूप से झलक रही है।

# हिमाचल के सभी सरकारी स्कूलों में अब छात्र बोलेंगे स्थानीय बोली

## हर माह के आखिरी शनिवार को मनाए जाने वाले 'बैग फ्री-डे' पर 30 मिनट का संवाद अनिवार्य

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण और दूरगामी परिवर्तन के तहत, हिमाचल प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में अब छात्र-छात्राएं अपनी स्थानीय बोलियों में संवाद करेंगे। यह निर्णय नई शिक्षा नीति के उस मूलभूत सिद्धांत को साकार करता है जो क्षेत्रीय भाषाओं के महत्व को रेखांकित करता है। यह पहल केवल शैक्षणिक सुधार तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य छात्रों को उनकी सांस्कृतिक विरासत से गहराई से जोड़ना, भाषाई विविधता का सम्मान करना और सीखने की प्रक्रिया को अधिक समावेशी तथा प्रभावी बनाना है। शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए आदेश इस दिशा में एक ठोस कदम हैं।

जानकारी के अनुसार इस नई व्यवस्था के तहत, प्रत्येक महीने के आखिरी शनिवार को मनाए जाने वाले 'बैग फ्री-डे' को इस भाषाई पहल के लिए समर्पित किया जाएगा। इस विशेष दिन पर, छात्र बिना स्कूल बैग के आएंगे और उन्हें अपने-अपने क्षेत्र की स्थानीय बोली में बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। शिक्षकों के लिए भी यह अनिवार्य किया गया है कि वे 'बैग फ्री-डे' पर कम से कम आधे घंटे तक सभी छात्र-छात्राओं से स्थानीय बोली में सक्रिय रूप से संवाद करें। यह अनिवार्य संवाद सत्र छात्रों को अपनी बोली में सहजता से बोलने और अपने विचारों को व्यक्त करने का अवसर प्रदान करेगा, जिससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ेगा और भाषाई झिझक कम होगी।

### छात्र करेंगे स्थानीय बोलियों का उपयोग



इस महत्वपूर्ण पहल के तहत, हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों के छात्र अपनी-अपनी क्षेत्रीय और स्थानीय बोलियों का प्रयोग करेंगे। उदाहरण के तौर पर, चंबा जिले में छात्र चंबयाली बोली का उपयोग करेंगे, जबकि शिमला में पहाड़ी बोली, मंडी में मंडियाली बोली, बिलासपुर में कहलूरी बोली, सोलन में महासुई बोली और किन्नौर में किन्नौरी बोली का प्रयोग किया जाएगा। इसी प्रकार, राज्य के अन्य सभी जिलों में भी संबंधित स्थानीय बोलियों में संवाद को बढ़ावा दिया जाएगा। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी डिप्टी डायरेक्टर्स को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं और सभी स्कूल प्रमुखों को इन आदेशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### हमारा लक्ष्य, छात्र अपनी पहचान को समझें: रोहित



**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने इस दूरदर्शी फैसले पर अपनी बात रखते हुए कहा कि यह निर्णय बच्चों में स्थानीय भाषा और अपनी सांस्कृतिक जड़ों के प्रति गहरी जागरूकता लाने के मकसद से लिया गया है। हमारा लक्ष्य है कि छात्र अपनी पहचान को समझें और अपनी भाषाई विरासत पर गर्व महसूस करें।

# दो साल में कांगड़ा एयरपोर्ट पर केवल दो पक्षियों के टकराने की घटनाएं दर्ज: नायडू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

▶ संसद में डॉ. सिकंदर के सवाल पर केंद्रीय नागर विमानन मंत्री का जवाब

**राज्यसभा** सांसद और भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने आज संसद में कांगड़ा एयरपोर्ट पर बढ़ते पर्यावरणीय खतरों, विशेष रूप से पक्षियों के विमानों से टकराने की घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने नागर विमानन मंत्री से इस संबंध में सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत जानकारी मांगी।

डॉ. कुमार ने सदन में पूछा कि क्या सरकार का ध्यान कांगड़ा एयरपोर्ट पर पक्षियों की बढ़ती गतिविधियों से उत्पन्न होने वाले गंभीर खतरों की ओर आकर्षित किया गया है, जिससे विमान और यात्री सुरक्षा दोनों को खतरा हो सकता है। उन्होंने पिछले दो वर्षों में ऐसी घटनाओं का ब्योरा भी मांगा व यह जानना चाहा कि देशभर के विभिन्न हवाई अड्डों पर पक्षियों व जानवरों से संबंधित खतरों को कम करने के लिए सरकार क्या सक्रिय उपाय कर रही है।

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने अपने जवाब में बताया कि हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा एयरपोर्ट पर परिचालन करने वाली एयरलाइनों द्वारा किसी भी पर्यावरणीय खतरे की सूचना नहीं दी गई है। उन्होंने बताया कि जुलाई 2023 से जून 2025 के बीच कांगड़ा एयरपोर्ट पर केवल 2 पक्षी, वन्य जीव टकराने की घटनाएं दर्ज की गई हैं।

सिकंदर ने सदन में केंद्र सरकार से शहरी नदी पुनरुद्धार को सुदृढ़ बनाने के लिए कार्य योजना, मीठे पानी की जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए किसी मंच की शुरुआत, हिमाचल में अंधाधुंध निर्माण व कूड़े-कचरे से नष्ट किए जा रहे जल निकायों के संरक्षण के उपायों पर भी सवाल किए।

### सालाना निरीक्षण से सुरक्षा सुनिश्चित

**मंत्री** ने स्पष्ट किया कि नागर विमानन महानिदेशालय के पास लाइसेंस प्राप्त हवाई अड्डों पर संभावित वन्य जीव खतरों के प्रबंधन के लिए नियम व दिशा-निर्देश मौजूद हैं, जिनका अनुपालन वार्षिक निगरानी निरीक्षणों के माध्यम से सुनिश्चित किया जाता है।

# अब अगस्त में होंगी वन अधिकार अधिनियम कार्यशालाएं: एसडीएम

**महेंद्र सिंह, अनंत ज्ञान**

▶ खराब मौसम के कारण स्थगित हुई कार्यशालाओं का नया शेड्यूल जारी

**सुन्नी।** उपमंडलाधिकारी (ना) सुन्नी, राजेश वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वन अधिकार अधिनियम-2006 के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए 1 जून से 30 जून 2025 के बीच होने वाली जागरूकता कार्यशालाएं प्रतिकूल मौसम के कारण स्थगित कर दी गई थीं। अब इन कार्यशालाओं को अगस्त माह में दोबारा आयोजित किया जाएगा। यह कार्यशालाएं लोगों को एफआरए-2006 के प्रावधानों की जानकारी देने और व्यक्तिगत व सामुदायिक दावों को एकत्रित करने की प्रक्रिया पर मार्गदर्शन देने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

द्वितीय चरण की एफआरए कार्यशालाएं 5 अगस्त, 2025 को ग्राम पंचायत शकरोड़ी में आयोजित की जाएंगी, जिसमें शकरोड़ी, भराड़ा और चेबड़ी ग्राम पंचायतों के लोग शामिल होंगे। इसके बाद 7 अगस्त को ग्राम पंचायत घरयाना में घरयाना, जुनी और मढोडघाट के लोगों के लिए कार्यशाला होगी। 9 अगस्त को ग्राम पंचायत जलोग में ओगली, करयाली, डोमेहर, हिमरी, सैंज और धरोगड़ा ग्राम पंचायतों के लोगों को संबोधित किया जाएगा। 12 अगस्त को ग्राम पंचायत बसंतपुर में बसंतपुर, रियोग, घैणी और नीन के लोग भाग लेंगे, और अंत में 26 अगस्त को ग्राम पंचायत मझीवार में मझीवार, डिओला और खटनोल के लोगों के लिए कार्यशाला आयोजित होगी।

## प्रतिभा ने आपदा प्रभावितों को हरसंभव मदद का किया आग्रह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने गत रात मंडी शहर में बादल फटने से हुए जानमाल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में अकाल मृत्यु का शिकार हुए लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए परमात्मा से प्रार्थना की है।

उन्होंने प्रदेश सरकार और मंडी जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि वे प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद प्रदान करें। इसके साथ ही, उन्होंने कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और आम लोगों से भी प्रभावित व्यक्तियों की हरसंभव सहायता करने की अपील की है।

प्रतिभा सिंह ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बादल फटने और बाढ़ से हो रहे जानमाल के नुकसान पर गंभीर चिंता व्यक्त की है और लोगों से पूरी तरह से सचेत रहने का आग्रह किया है। उन्होंने दोहराया है कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को प्रदेश की कांग्रेस सरकार हरसंभव मदद देने के लिए पूरी तरह से कृतसंकल्प है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश में भारी बारिश और बाढ़ के कारण किसानों और बागवानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने प्रदेश सरकार से अनुरोध किया है कि वे फसलों के नुकसान के एवज में प्रभावित किसानों और बागवानों को भी आर्थिक सहायता प्रदान करें।

# एसडीएम रमोत्रा की पहल से रोहड़ू में 'दा डिजिटल लाइब्रेरी' का शुभारंभ



रोहड़ू के विधायक मोहन लाल ब्राक्टा डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन करते हुए।

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान**

**रोहड़ू।** उपमंडलाधिकारी धर्मेश रमोत्रा की खास पहल पर रोहड़ू शहर में 'दा डिजिटल लाइब्रेरी' का शुभारंभ किया गया है। रिड एंड राइज रोहड़ू मुहिम के तहत यह लाइब्रेरी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को बैठने और अध्ययन की सुविधा प्रदान करेगी। इसमें एक समय में 40 लोग बैठ सकते हैं। इस डिजिटल लाईब्रेरी का उद्घाटन रोहड़ू के विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने किया।

इस अवसर पर विधायक ने बताया कि रोहड़ू न केवल एक बड़ा व्यापारिक केंद्र है, बल्कि शिक्षा का भी प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल लाईब्रेरी युवाओं के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी, खासकर प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं की तैयारी के लिए। साथ ही उन्होंने एसडीएम के नए कार्यालय और आधुनिक सम्मेलन कक्ष का भी उद्घाटन किया, जो शहर की सुविधाओं में वृद्धि करेगा।

एसडीएम धर्मेश रमोत्रा ने बताया कि इस डिजिटल लाइब्रेरी के लिए जल्द पंजीकरण और सीट आरक्षण की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए तहसीलदार की अध्यक्षता में सब कमेटी भी गठित की गई है, ताकि युवाओं तक यह सुविधा प्रभावी रूप से पहुंच सके।

# बिलासपुर की 101 पंचायतों में गठित होंगी दुग्ध सहकारी समितियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बिलासपुर** जिले में किसानों से दूध एकत्र करने और संग्रहण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पंचायत स्तर पर दुग्ध सहकारी समितियों (को-ऑपरेटिव सोसाइटीज) के गठन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त राहुल कुमार ने की। डीसी ने बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा कराए गए सर्वेक्षण में यह सामने आया कि जिले की 101 पंचायतों में प्रतिदिन औसतन 200 लीटर सरप्लस दूध का उत्पादन हो रहा है।



इसे ध्यान में रखते हुए इन पंचायतों में दुग्ध सहकारी समितियों का गठन किया जाएगा। साथ ही, क्लस्टर स्तर पर मिल्क कलेक्शन सेंटर्स स्थापित किए जाएंगे, जहाँ से दूध को चिलिंग प्वॉइंट्स तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे जिनमें मिल्कफेड मंडी से विवेक ठाकुर, परियोजना अधिकारी डीआरडीए बिलासपुर, जिला पशुपालन अधिकारी बिलासपुर तथा सहकारिता विभाग से सहायक पंजीयक भास्कर विशेष रूप से शामिल रहे।

### प्रथम चरण में 25 पंचायतों का चयन

डीसी बताया कि प्रथम चरण में 25 पंचायतों का चयन कर लिया गया है, जहां सहकारी समितियों के गठन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और शीघ्र ही इन समितियों को आवश्यक लाइसेंस जारी कर दिए जाएंगे। दूसरे चरण में उन पंचायतों को शामिल किया जाएगा, जहां प्रतिदिन 100 लीटर से अधिक सरप्लस दूध का उत्पादन होता है। इन पंचायतों में भी सहकारी समितियों के गठन की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो भी पंचायत को-ऑपरेटिव सोसाइटी के गठन के लिए इच्छुक है, वह पशुपालन विभाग से संपर्क कर आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर सकती है।

# श्री नयना देवी में बढ़ती बाल भिक्षावृत्ति बनी चिंता का विषय

**अनंत ज्ञान, नयना देवी**

▶ प्रशासनिक भूमिका पर उठे सवाल

**श्री** नयना देवी जी तीर्थ क्षेत्र में इन दिनों भिक्षावृत्ति करने वाले बच्चों की संख्या में चिंताजनक वृद्धि देखी जा रही है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच 7 से 14 वर्ष की उम्र के मासूम बच्चे मंदिर की सीढ़ियों, लिफ्ट, बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्रों में खुलेआम भीख मांगते देखे जा सकते हैं। यह स्थिति केवल समाज के लिए ही नहीं, बल्कि प्रशासन और बाल संरक्षण के जिम्मेदार विभागों के लिए भी एक गंभीर प्रश्नचिन्ह है। श्रवण अष्टमी नवरात्रों के दौरान लाखों श्रद्धालु मां नयना देवी के दर्शन के लिए आते हैं। भीड़ का फायदा उठाकर बच्चे भीख मांगने में जुट जाते हैं और दुर्भाग्यवश इनमें से कई बच्चे पास के गांवों से ही आते हैं।

आश्चर्य की बात यह है कि ये मासूम न तो स्कूल जाते हैं, न ही इनके साथ माता-पिता होते हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है-इन बच्चों की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन और जिला बाल संरक्षण इकाई जैसे कई विभागों को इन बच्चों की सुरक्षा, पुनर्वास और संरक्षण का जिम्मा सौंपा गया है। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं का कहना है कि चाइल्ड हेल्पलाइन की टीमें कभी-कभार मंदिर परिसर में पुलिस के साथ दिखाई देती हैं, लेकिन उनकी गतिविधियां अक्सर फोटोशूट और प्रचार तक ही सीमित रहती हैं।

# पहली से छात्र स्कूल परिसर में शुरू होंगी केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं की कक्षाएं

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

बिलासपुर जिला मुख्यालय के बचत भवन में मंगलवार को उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं के संचालन को लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी शैक्षणिक सत्र की योजना एवं विद्यालय संचालन को लेकर आवश्यक समन्वय स्थापित कर आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए रणनीति तय की गई।

डीसी ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय की कक्षाएं 1 अगस्त 2025 से छात्र पाठशाला परिसर, घुमारवीं में प्रारंभ की जाएंगी। शिक्षा विभाग ने इसके लिए सहमति प्रदान कर दी है। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए छात्र पाठशाला के शौचालय, खेल मैदान व अन्य आधारभूत संसाधनों का उपयोग भी विद्यालय को उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने दोनों संस्थानों के बीच तालमेल से कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो। साथ ही केंद्रीय विद्यालय प्रशासन को कक्षाओं को स्मार्ट क्लास रूम में बदलने व इंटरएक्टिव पैनल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम घुमारवीं को केंद्रीय विद्यालय के स्थायी भवन के लिए वन संरक्षण अधिनियम की स्वीकृति से संबंधित कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। उपायुक्त ने अधिकारियों से नए सत्र के सुचारु संचालन के लिए सभी आवश्यक संसाधनों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

## राजेश ने संभाला जिला लोक संपर्क अधिकारी का पदभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को नया नेतृत्व मिला है। वरिष्ठ एवं अनुभवी अधिकारी राजेश जसवाल ने मंगलवार को जिला लोक संपर्क अधिकारी (डीपीआरओ) बिलासपुर का पदभार विधिवत रूप से ग्रहण कर लिया है। राजेश जसवाल इससे पहले निदेशालय शिमला में सूचना अधिकारी के पद पर सेवाएं दे रहे थे। राजेश जसवाल वर्ष 2011 में विभाग में सहायक लोक संपर्क अधिकारी के रूप में नियुक्त हुए थे और तब से लेकर अब तक उन्होंने सिरमौर, ऊना और मंडी जिलों में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की विभिन्न जिम्मेदारियों को कुशलता से निभाया है। उनके कार्यकाल को विभाग में अनुशासन, प्रभावशील संवाद और सार्थक जनसंपर्क के लिए विशेष रूप से सराहा गया है।

## बिलासपुर में एक अगस्त को बंद रहेंगे डाकघर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर और हमीरपुर जिलों के सभी डाकघर 1 और 2 अगस्त को बंद रहेंगे। इस दौरान कोई लेन-देन नहीं होगा। डाक विभाग की ओर से एडवांस्ड पोस्टल टेक्नोलॉजी एपीटी सिस्टम लागू किया जाना। प्रवर अधीक्षक पवनजोत कौर ने बताया कि 4 अगस्त से एपीटी सिस्टम पूरी तरह लागू हो जाएगा, जिससे सेवाएं अधिक डिजिटल, पारदर्शी और उपभोक्ता हितैषी बनेंगी। एपीट के तहत डाक सेवाएं रियल-टाइम प्रोसेसिंग, बेहतर ग्राहक सेवा और डिजिटल सुविधाओं से जुड़ेंगी। उन्होंने ग्राहकों से अनुरोध किया है कि वे 1 और 2 अगस्त से पहले अपने जरूरी कार्य निपटा लें। उन्होंने कहा कि डाक विभाग की कई सेवाएं अब ऑनलाइन उपलब्ध हैं, जिनका लाभ घर बैठे भी लिया जा सकता है।

## नाग पंचमी : शनि धाम लेठवीं में लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, भराड़ी।** उपतहसील भराड़ी के लेठवीं गांव स्थित शनि धाम मंदिर में नाग पंचमी पर हवन, पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। पुजारी पंडित हेमराज शर्मा ने बताया कि सावन माह में नाग पूजन से कालसर्प दोष से मुक्ति और जीवन में सफलता प्राप्त होती है। इस अवसर पर नवग्रह पूजन, विशेष यज्ञ, विश्व शांति की प्रार्थना और आपदाओं से बचाव के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। अंत में श्रद्धालुओं को मालपुए और खीर का प्रसाद वितरित किया गया।

## बरठीं में 60 लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** दरिद्र नारायण कल्याण समिति घुमारवीं एवं के-मार्ट तथा समाज सुधार समिति बरठीं के सहयोग से एम्स हॉस्पिटल बिलासपुर में चल रही खून की कमी को देखते हुए बरठीं में रक्तदान शिविर लगाया गया। पंचायत समिति झंडूता के पूर्व उपाध्यक्ष मंगल ठाकुर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। समिति के महासचिव जगदीश चंद सेवानिवृत्ति विकास अधिकारी ने बताया कि 60 रक्तदाताओं ने पंजीकरण करवा कर रक्तदान किया। पंचायत समिति के पूर्व उपाध्यक्ष मंगल ठाकुर ने 19वीं बार, विनीत कुमार ने 15वीं बार, सुरेश कुमार ने 13वीं, अशोक कुमार ने 10वीं, रविंद्र सिंह ने 9वीं, शमशेर शर्मा व मनोज कुमार ने 7वीं बार रक्तदान किया।

## घडालवीं कॉलेज के दो स्टूडेंट्स ने चमकाया नाम

**अनंत ज्ञान, भराड़ी।** घडालवीं कॉलेज के पहले स्नातक (यूजी) बैच के दो होनहार तान्या ठाकुर और बंटी शर्मा ने प्रदेश विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। तान्या ने अर्थशास्त्र विभाग में, जबकि बंटी शर्मा ने वाणिज्य विभाग में दाखिला लिया है। दोनों विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता से महाविद्यालय में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य डॉ. रीता शर्मा ने दोनों स्टूडेंट्स का महाविद्यालय परिसर में स्वागत करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी।

## बिलासपुर में रेड रन मैराथन से दिया एड्स जागरूकता का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**स्वास्थ्य** एवं परिवार कल्याण विभाग बिलासपुर द्वारा राज्य एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत यूथ फेस्ट-2025 के तहत रेड रन मैराथन का आयोजन किया गया। एड्स जागरूकता को लेकर आयोजित इस 5 किलोमीटर लंबी दौड़ की शुरुआत शहीद स्मारक से हुई, जिसे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन का समापन भी शहीद स्मारक पर हुआ, जहां विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। महिला वर्ग में तनिष्क, अंशुल और साक्षी गुलेरिया तथा पुरुष वर्ग में गौरव, श्री स्पर्श और मनीश ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परविंद्र सिंह, जन शिक्षण व सूचना अधिकारी गोपी चंद, स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कौशल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अर्शया ने बताया कि विजेता छात्र-छात्राएं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जिसका आयोजन शिमला में होगा। वहीं, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आयोजन में सहयोग देने वाले पुलिस विभाग, खेल विभाग, आशा कार्यकर्ताओं, मीडिया प्रतिनिधियों और अन्य सभी कर्मचारियों का आभार जताया तथा एचआईवी/एड्स से बचाव को लेकर जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

## बीडीटीएस प्रतिनिधिमंडल ने डिप्टी सीएम के समक्ष उठाई ट्रांसपोर्टरों की समस्याएं



उपमुख्यमंत्री मुकेश से मिलता बीडीटीएस का प्रतिनिधिमंडल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** एशिया की सबसे बड़ी सीमेंट ढुलाई के लिए अधिकृत बीडीटीएस प्रबंधन का प्रतिनिधिमंडल प्रधान नीलम चंदेल की अध्यक्षता में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से मिला और ट्रांसपोर्टरों से जुड़ी समस्याएं उनके समक्ष रखीं। प्रतिनिधिमंडल ने गरा मौड़ा क्षेत्र में कुल्लू आरटीओ और स्टेट फ्लाइंग दस्ते द्वारा ट्रांसपोर्टरों पर की जा रही अनावश्यक चालानिंग का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई ट्रांसपोर्टरों को मानसिक व आर्थिक रूप से प्रताड़ित कर रही है और परिवहन तंत्र पर अनावश्यक दबाव डाल रही है। बीडीटीएस ने आग्रह किया कि जब तक कोई स्पष्ट उल्लंघन न हो, बार-बार की जांच और चालान से ट्रांसपोर्टरों को राहत दी जाए। उपमुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसी संस्थाओं के साथ खड़ी है जो प्रदेश के आर्थिक विकास में योगदान दे रही हैं। इस अवसर पर महासचिव सुरेश चौधरी और मुख्य संरक्षक ध्यान सिंह ठाकुर भी मौजूद रहे।

# तालाबंदी की सरकार बन गई कांग्रेस: त्रिलोक जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**सदर** विधानसभा क्षेत्र के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में जारी की गई स्कूलबंदी अधिसूचना पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सरकार की 28 जुलाई को जारी अधिसूचना के तहत बिलासपुर जिले के 17 प्राइमरी स्कूल बंद किए गए हैं, जिनमें से 3 स्कूल सदर क्षेत्र के हैं-सलनू खास, मोरसिंघी और जंगल झलेड़ा खास। विधायक ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार अब तालाबंदी की सरकार बनकर रह गई है। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को 1-2 किलोमीटर दूर दूसरे स्कूलों में भेजने का फरमान इस बात का प्रमाण है कि सरकार को बच्चों और अभिभावकों की कोई चिंता नहीं। यह फैसला न सिर्फ असंवेदनशील है बल्कि भविष्य के साथ भी क्रूर मजाक है।



उन्होंने याद दिलाया कि इससे पहले भी सदर क्षेत्र के करीब दो दर्जन स्कूल बंद किए जा चुके हैं। साथ ही, स्वास्थ्य, जल शक्ति, बिजली और तकनीकी शिक्षा विभागों में भी संस्थानों की तालाबंदी की गई है। हरलोग की उपतहसील, छात्राओं की अलग आईटीआई, एमएंडटी सर्किल और पर्यटन निगम के होटल-सबकुछ बंद किया गया है। सरकार सिर्फ सुविधाएं छीनने में लगी है, देने में नहीं, उन्होंने जोड़ा। त्रिलोक ने कहा कि कांग्रेस सरकार को सत्ता में आए तीन साल पूरे होने जा रहे हैं, लेकिन इन वर्षों में जनता को एक भी स्थायी सुविधा नहीं मिली। शिक्षण संस्थानों की मनमानी बंदी के जरिए सरकार ने अपने असली इरादे जाहिर कर दिए हैं- विकास नहीं, कटौती उनकी प्राथमिकता है। आने वाले समय में जनता इसका करारा जवाब देगी।

## अनुराग ठाकुर ने नहीं किया हिमाचल के लिए कुछ : हीरा पाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कांग्रेस नेता हीरा पाल सिंह ने हमीरपुर के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अनुराग पिछले 20 वर्षों से लोकसभा में हैं, लेकिन कभी भी हिमाचल प्रदेश के हितों की दिल्ली में वकालत नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि अनुराग हमेशा गांधी परिवार और कांग्रेस नेताओं पर हमले कर सुर्खियों में रहने की कोशिश करते हैं, लेकिन प्रदेश की आपदाओं या विकास परियोजनाओं के लिए कभी आवाज नहीं उठाते। उन्होंने कहा कि जो हिमाचल राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के संयोजक और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं, ने कहा कि अनुराग को विरासत में राजनीति मिली, लेकिन जनता ने उन्हें सांसद इसलिए चुना था कि वे हिमाचल के लिए कुछ करें, न कि सिर्फ टीवी पर दिखने के लिए बयानबाजी करते रहें।



## 53 बैडमिंटन खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कहलूर खेल परिसर में तीन दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप का सफल आयोजन किया गया, जिसमें जिलेभर के 53 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में किया गया, जिसमें जूनियर से लेकर सीनियर वर्ग तक रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। समापन अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने बतौर मुख्यातिथि विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। महासचिव विभोर शर्मा ने जानकारी दी कि अंडर-11 में मनीष, राघवी, अनमोल और शिवांश की जोड़ी विजेता रही। अंडर-13 वर्ग में हर्षिल, अंकुश, राघवी, नव्यंक, जीविका, सभ्य शर्मा, साहिल ठाकुर और रिया ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में प्रणब चंदेल, आर्य मेहता, शगुन ठाकुर और रिया ठाकुर ने सिंगल्स, डबल्स और मिक्स्ड डबल्स में बेहतरीन खेल दिखाकर जीत दर्ज की।

## माता सीता हरण और शबरी भक्ति का सुनाया वर्णन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा के आठवें दिन कथावाचक पंडित पुनीत शर्मा ने भावपूर्ण प्रवचन करते हुए माता सीता हरण, शबरी भक्ति, हनुमान जी से भेंट और लंका दहन की कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि रावण ने मारीच की मदद से साधु वेश में छलपूर्वक माता सीता का हरण किया। श्रीराम व लक्ष्मण सीता की खोज में शबरी से भेंट करते हैं, जो प्रेमपूर्वक उन्हें जूठे बेर खिलाकर किष्किंधा जाने का मार्ग बताती है। वहां हनुमान जी से पहली भेंट होती है और वे राम को सुग्रीव से मिलवाते हैं। भगवान राम बाली का वध कर सुग्रीव की सहायता करते हैं, जिससे राम की वानर सेना का गठन होता है। कथा में हनुमान जी द्वारा लंका दहन व विभीषण की राम शरण में जाने की घटना भी सुनाई गई। श्रोतागण कथा में भावविभोर हो उठे।

## न्यूज ब्रीफ

### 300 पदों पर भर्ती के लिए इंटरव्यू 5-6 को

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रोजगार कार्यालय बालू, चंबा द्वारा 300 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू आयोजित किए जा रहे हैं। यह भर्ती निम्स यूनिवर्सिटी, जयपुर (राजस्थान) में फीमेल एडमिशन काउंसलर पदों के लिए होगी। अभ्यर्थियों के पास किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री होनी चाहिए और उनकी उम्र 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 25,000 प्रतिमाह वेतन के साथ निःशुल्क भोजन व आवास मिलेगा। इंटरव्यू 5 अगस्त को चौघड़ी और 6 अगस्त को बालू, चंबा में प्रातः 10 बजे होंगे। इच्छुक महिला अभ्यर्थियों को मूल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बायोडाटा आदि दस्तावेजों के साथ समय पर पहुंचने का आग्रह किया गया है। यह अवसर युवतियों के लिए एक सुरक्षित और लाभकारी करियर का द्वार खोलता है।

### 'उड़ा मेरी कुंजडियों' लोकगीत यूट्यूब पर रिलीज



**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा की सुरम्य वादियों से जुड़ा लोकगीत 'उड़ा मेरी कुंजडियों' यूट्यूब पर रिलीज होते ही श्रोताओं का दिल जीत रहा है। यह सावनी ऋतु गीत जालपा माता प्रोडक्शन के बैनर तले प्रधान पूजा शर्मा साहू द्वारा विधिवत रेस्ट हाउस साहू में लांच किया गया। गीत को लोकगायक लालचंद ने भावनात्मक स्वर में गाया है। वीडियो की शूटिंग लग्गा साहो सहित अन्य स्थलों में हुई, जिसमें मनीष बंदना ने अभिनय किया और तबला वादन अनमोल ने किया। एल्बम का निर्माण व निर्देशन वरिष्ठ साहित्यकार चंचल कुमार सरोल्वी की देखरेख में हुआ। उन्होंने संगीत प्रेमियों से अपील की है कि यूट्यूब चैनल पर जाकर इस पारंपरिक चम्बीयाली लोकगीत को देखें, शेयर करें और कलाकारों का उत्साहवर्धन करें।

### युवा खेलों को अपनाएं और नशा भगाएं: एसपी



**अनंत ज्ञान, चंबा।** मिंजर मेले के अवसर पर जिला पुलिस मुख्यालय चंबा में जिला स्तरीय पूल और स्नूकर प्रतियोगिता का शुभारंभ एसपी शिवानी मेहला ने किया। उन्होंने युवाओं से खेलों को अपनाने और नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेलों से आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच का विकास होता है। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में जिलेभर के खिलाड़ी भाग लेंगे। विजेताओं को ट्रॉफी व नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। उद्घाटन समारोह में जिला स्नूकर एवं पूल एसोसिएशन चंबा के अध्यक्ष शक्ति प्रसाद चौहान, सचिव अनूप शर्मा, उपाध्यक्ष धीरज बडियाल सहित कई मौजूद रहे।

### किलाड़ में शिव महापुराण कथा कल से

**अनंत ज्ञान, पांगी।** श्रावण मास के पावन अवसर पर पांगी में भगवान शिव की महिमा का गुणगान होगा। ऋषि सेवा समिति पांगी द्वारा 31 जुलाई से 7 अगस्त तक किलाड़ के रामलीला ग्राउंड में श्रीशिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर काशी के अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त श्रीविद्या सिद्ध एवं ज्योतिष सम्राट परम पूज्य राघव ऋषिजी सपरिवार 29 जुलाई को मनाली-उदयपुर मार्ग से पांगी पहुंचेंगे और वन विश्राम गृह स्थित ऋषि कुटिया में प्रवास करेंगे। समिति ने पांगीवासियों से अधिकाधिक संख्या में कथा श्रवण कर भक्ति का लाभ लेने का आग्रह किया है। प्रतिदिन पूर्वाह्न 11 से अपराह्न 3 बजे तक राघव ऋषिजी व्यासपीठ से शिवमहापुराण कथा का वाचन करेंगे। वहीं उनके सुपुत्र सौरभ ऋषि भजनों के माध्यम से भोलेनाथ की महिमा का गायन करेंगे। कथा उपरांत प्रतिदिन प्रसाद वितरण और रुद्राभिषेक का भी आयोजन होगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब एवं फेसबुक के ऋषि आश्रम चैनल पर होगा। विशेष रूप से 1 अगस्त से प्रातः 8 बजे से इको हट वन विश्राम गृह में राघव ऋषिजी निःशुल्क ज्योतिषीय परामर्श भी देंगे।

### गर्भवती महिलाओं की एचआईवी जांच जरूरी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक प्रदीप कुमार ने आज एचआईवी और सिफलिस के वर्टिकल ट्रांसमिशन को खत्म करने के उद्देश्य से एक समन्वय बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक एनएचएम और हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के बीच आयोजित की गई थी। बैठक का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं में एचआईवी और सिफलिस की शीघ्र पहचान करना और उनका प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करना था। इस दौरान सभी गर्भवती महिलाओं, खासकर जो स्वास्थ्य संस्थानों में प्रसव कराती हैं, उनकी नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, घर पर प्रसव कराने वाली महिलाओं के लिए जांच और परामर्श की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में जागरूकता बढ़ाने के लिए सूचना, शिक्षा एवं संचार गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया गया।

# कुलविंदर बिल्ला के गानों पर नाचा चंबा

## अंतरराष्ट्रीय मिंजर महोत्सव में विधायक नैय्यर ने की सांस्कृतिक संध्या की अध्यक्षता

आरके सहगल, अनंत ज्ञान



**चंबा।** अंतरराष्ट्रीय मिंजर महोत्सव 2025 की दूसरी सांस्कृतिक संध्या चंबा के ऐतिहासिक मैदान में सांस्कृतिक उल्लास और संगीतमय उत्साह के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर चंबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज नैय्यर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने मंच से चंबा और प्रदेशवासियों को मिंजर महोत्सव की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह मेला चंबा की सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक एकता और प्राकृतिक सौंदर्य की जीवंत मिसाल है।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध पंजाबी गायक कुलविंदर बिल्ला की लाइव प्रस्तुति रही। जैसे ही वे मंच पर आए, दर्शकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया और हजारों की भीड़ उनके गीतों पर झूमती नजर आई। ढोल-नगाड़ों की थाप और पारंपरिक नृत्य ने सांस्कृतिक रंग को और भी गाढ़ा कर दिया।

स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत चंबयाली लोकगीतों और नृत्यों ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विधायक नैय्यर ने कलाकारों और आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं।

### तीसरा दिन: चंबयाली लोक धरोहर को संजीवनी दे रहे हेम राज-कूंता

**तीसरे** दिन दोपहर तक मंच पर हेम राज और कूंता की जोड़ी ने पारंपरिक 'मुसादा गायन' प्रस्तुत कर लोगों को चंबा की लोकधरोहर से जोड़ दिया। ग्राम पंचायत बलोठ के गांव कैला निवासी ये दोनों लोकगायक आज के समय में भी उन परंपराओं को जीवित रखे हुए हैं



जो चंबा की सांस्कृतिक आत्मा मानी जाती हैं। मुसादा गायन सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि ऐतिहासिक घटनाओं, वीर गाथाओं, प्रेम कथाओं और सामाजिक जीवन का दस्तावेज होता है, जिसे पीढ़ियों से सुर और ताल के माध्यम से संजोया गया है। हेम राज और कूंता का मानना है कि यह न केवल उनकी जिम्मेदारी है, बल्कि उनकी पहचान भी। ग्रामीणों और सांस्कृतिक विशेषज्ञों ने उनके प्रयासों की सराहना की और कहा कि आधुनिकता के दौर में यह गायन शैली एक प्रेरणा है। चंबा के युवाओं में भी लोकसंगीत के प्रति जागरूकता बढ़ी है, जो क्षेत्रीय विरासत को सुरक्षित रखने की दिशा में बड़ा कदम है।

# लग्गा में जनजातीय छात्रावास का भूमि पूजन, विधायक ने किया शिलान्यास



लग्गा में जनजातीय छात्रावास का भूमि पूजन और शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया।

अनंत ज्ञान, चंबा

**राष्ट्रीय** शिक्षा नीति-2020 की पांचवीं वर्षगांठ पर लग्गा में जनजातीय छात्रावास का भूमि पूजन और शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। चंबा सदर विधायक नीरज नैय्यर ने 50 छात्रों की क्षमता वाले इस छात्रावास का शिलान्यास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से किया।

विधायक नैय्यर ने इसे जनजातीय छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आवास सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में सराहनीय कदम बताया। उन्होंने

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति की 5वीं वर्षगांठ पर चंबा में छात्र हितों के लिए नई पहल

केंद्र सरकार के सहयोग के लिए आभार भी जताया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य, शिक्षा विभाग के अधिकारी, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, स्कूल स्टाफ और ग्रामीणों ने भाग लिया।

इस अवसर पर समग्र शिक्षा विभाग द्वारा विधायक को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कविता बिजलवान ने किया।

# आरएस बाली की पहल लाई रंग, धर्मशाला में अब एचपीटीडीसी मुख्यालय: मनीष सरीन

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) का मुख्यालय अब आधिकारिक रूप से धर्मशाला स्थानांतरित कर दिया गया है। 28 जुलाई को प्रदेश सरकार ने आदेश जारी कर निगम कार्यालय को रिट्ज एनेक्स, शिमला से तत्काल प्रभाव से होटल कश्मीर हाउस, धर्मशाला स्थानांतरित करने की अधिसूचना जारी की। इसके साथ ही कार्यालय धर्मशाला में कार्यशील भी हो गया है।



इस ऐतिहासिक निर्णय के पीछे एचपीटीडीसी अध्यक्ष आरएस बाली की दूरदर्शी सोच और निरंतर प्रयासों का परिणाम माना जा रहा है। अप्रैल माह में बाली ने मुख्यमंत्री से शिमला की भौगोलिक चुनौतियों और पर्यटन केंद्रों तक बेहतर पहुंच की दृष्टि से निगम कार्यालय को धर्मशाला स्थानांतरित करने की मांग रखी थी। मुख्यमंत्री ने इस पर सहमति जताते हुए स्थानांतरण को हरी झंडी दी। डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता मनीष सरीन ने इस निर्णय को 'पर्यटन उद्योग के लिए मील का पत्थर' करार दिया। उन्होंने कहा कि आरएस बाली ने पर्यटन निगम का मुख्यालय धर्मशाला लाकर न केवल पर्यटन उद्योग की भावी आवश्यकताओं को ध्यान में रखा है, बल्कि यातायात और भूगोल से जुड़ी चुनौतियों का समाधान भी पहले ही कर दिया है। यह कदम चंबा सहित पूरे प्रदेश के पर्यटन विकास को नई दिशा देगा।

मनीष सरीन ने कहा कि आरएस बाली के कुशल नेतृत्व में एचपीटीडीसी के होटल लगातार लाभ में आ रहे हैं और निगम विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने इसे 'ऐतिहासिक व दूरदर्शी फैसला' बताते हुए कहा कि इस कदम से यह स्पष्ट हो गया है कि पर्यटन निगम सुरक्षित हाथों में है और आने वाले समय में और भी उपलब्धियों की ओर अग्रसर रहेगा।

# किलाड़ हेलिपैड पर आपदा प्रबंधन को लेकर की मॉकड्रिल

**अनंत ज्ञान, पांगी।** उपमंडल मुख्यालय किलाड़ स्थित हेलिपैड पर मंगलवार को एक व्यापक मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य हिमस्खलन जैसी संभावित आपदा की स्थिति में प्रशासन और विभागों की तैयारियों की समीक्षा और परीक्षण करना था। ड्रिल की निगरानी आवासीय आयुक्त रमन घरसंगी ने की।

अभ्यास में अग्निशमन, पुलिस, स्वास्थ्य, आयुष, होम गार्ड, वन, पशुपालन विभाग सहित एनएसएस के छात्र भी शामिल रहे। विभागों ने आपसी समन्वय और तत्परता के साथ राहत व बचाव कार्यों को अंजाम दिया।

आयुक्त रमन घरसंगी ने कहा कि ऐसी मॉकड्रिल से कमियों की पहचान होती है और भविष्य में सुधार का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने इसे प्रशासन की संवेदनशीलता और गंभीरता का प्रतीक बताया तथा भविष्य में भी ऐसे अभ्यास नियमित रूप से आयोजित करने की बात कही। यह मॉक ड्रिल स्थानीय जनता के लिए सुरक्षा और विश्वास का संदेश लेकर आई है।

# करोड़ों की लागत के बावजूद चंबा मेडिकल कॉलेज बदहाल: शिशु गुप्ता

अनंत ज्ञान, चंबा

**भारतीय** जनता पार्टी जिला चंबा के मीडिया प्रभारी शिशु गुप्ता ने एक तीखा प्रेस बयान जारी करते हुए कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के करोड़ों रुपये के अनुदान के बावजूद चंबा मेडिकल कॉलेज 'सफेद हाथी' साबित हो रहा है, जहां स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं।



शिशु गुप्ता ने आरोप लगाया कि कॉलेज में न तो जीवन रक्षक दवाएं उपलब्ध हैं और न ही प्रशिक्षित डॉक्टर। गंभीर मरीजों को प्रशिक्षु चिकित्सकों के हवाले किया जा रहा है, जिससे उनके जीवन पर खतरा मंडरा रहा है। आपातकालीन सुविधाओं की कमी के चलते अधिकांश मरीजों को टांडा रेफर करना मजबूरी बन गई है, जो मरीजों और उनके परिजनों पर मानसिक और आर्थिक बोझ बढ़ाता है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि करोड़ों रुपये के उपकरण केवल धूल खा रहे हैं, क्योंकि उन्हें चलाने के लिए आवश्यक ऑपरेटर तक नियुक्त नहीं किए गए। भाजपा ने इस लापरवाही की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि सुधार नहीं हुआ, तो पार्टी जन आंदोलन शुरू करेगी।

### मेडिकल कॉलेज की दुर्दशा पर कांग्रेस सरकार को घेरा, जन आंदोलन की दी चेतावनी

**ये हैं मांगें:** चंबा मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थागत विफलताओं की उच्च स्तरीय जांच की जाए। जीवनरक्षक दवाएं, प्रशिक्षित डॉक्टर, ऑपरेटर, तकनीशियन एवं उपकरण तुरंत उपलब्ध कराए जाएं। करोड़ों के उपकरणों के निष्क्रिय पड़े होने की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाए। केंद्र सरकार की योजनाओं एवं सहायता का पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

# स्थानीय रोजगार व पर्यावरण संरक्षण पर दिया विशेष जोर



### चंबा में रिस्पांसिबल टूरिज्म को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में अहम बैठक

अनंत ज्ञान, चंबा

**जिला** चंबा में उत्तरदायी पर्यटन (रिस्पांसिबल टूरिज्म) को बढ़ावा देने के लिए उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यटन क्षेत्र से जुड़े संगठनों, होटल व्यवसायियों और स्थानीय उद्यमियों ने भाग लिया।

उपायुक्त ने टिकाऊ पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय संस्कृति के संरक्षण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि रिस्पांसिबल टूरिज्म न केवल स्थानीय रोजगार बढ़ाता है, बल्कि क्षेत्र की विरासत को भी संरक्षित करता है। बैठक में पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन रणनीतियों पर चर्चा की गई और प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से योजनाएं लागू करने के निर्देश दिए। बैठक में पर्यटन अधिकारी राजीव मिश्रा, टूरिज्म एक्सपर्ट मनोज सिंह, भुवनेश सिंह समेत कई उपस्थित रहे।

# भरमौर नागरिक चिकित्सालय को दशकों बाद मिला स्थायी बीएमओ: जनक राज

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** पांगी-भरमौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. जनक राज ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से जानकारी साझा करते हुए बताया कि दशकों के लंबे इंतजार के बाद नागरिक चिकित्सालय भरमौर को स्थायी बीएमओ मिल गया है।



डॉ. जनक राज ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही इस मांग को पूरा करने के लिए वे लगातार प्रयासरत थे। उन्होंने बताया कि स्थायी बीएमओ की नियुक्ति से अब स्वास्थ्य सेवाओं में मजबूती आएगी और स्थानीय जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि नागरिक चिकित्सालय में शीघ्र ही दंत चिकित्सक सेवाएं भी शुरू की जाएंगी, जिससे दंत उपचार के लिए लोगों को दूर-दराज के अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

इस अवसर पर डॉ. जनकराज ने माननीय उच्च न्यायालय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायालय के हस्तक्षेप से ही यह संभव हो पाया है। स्थानीय लोगों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए विधायक के प्रयासों की सराहना की और उम्मीद जताई कि आने वाले समय में स्वास्थ्य सुविधाओं को और भी मजबूत किया जाएगा।

# साल नदी में बाढ़ से जल आपूर्ति ठप युद्धस्तर पर मरम्मत में जुटा विभाग

अनंत ज्ञान, चंबा

**पिछली** रात हुई तेज मानसूनी वर्षा के कारण साल नदी में आई बाढ़ ने चंबा नगर की जलापूर्ति व्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित कर दिया है। बाढ़ से चंबा वाटर सप्लाई स्कीम की पाइपलाइन और जल शोधन संरचनाओं को काफी नुकसान पहुंचा है, जिसके चलते शहर की जल आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद कर दी गई है। जल शक्ति विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नदी का जलस्तर बहुत अधिक होने के कारण फिलहाल केवल अस्थायी हेडवर्क्स बनाए जा सकते हैं। मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर जारी है और जल्द से जल्द जल आपूर्ति पुनः सुचारू करने का प्रयास किया जा रहा है।

हालांकि, आगामी कुछ दिनों तक जल आपूर्ति सीमित रहेगी और शहरवासियों को दिन में केवल एक बार पानी मिलेगा। यह जल संकट ऐसे समय में आया है जब चंबा में प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला चल रहा है, जिससे पानी की मांग और बढ़ गई है। विभाग ने नागरिकों से संयम और सहयोग की अपील की है। साथ ही, उन्होंने पानी की बचत और भंडारण पर जोर दिया है।

### हेल्पलाइन नंबर जारी

**अधिक** जानकारी के लिए जल शक्ति विभाग की हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं। इसमें अधिशाषी अभियंता (मंडल चंबा) 94184-79000, सहायक अभियंता (उपमंडल चंबा) 98163-46739 व कनिष्ठ अभियंता (अनुभाग चंबा शहर) 94598-90163 के नंबर शामिल हैं।

### सूडोकु नवताल- 7506

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल - 7505 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

बुधवार, 30 जुलाई 2025

**विक्रमी संवत:** 2082, **शक संवत:** 1947 (विश्वासवसु), **मास:** अमांत आषाढ़, **तिथि** षष्ठी (02:43): **नक्षत्र** हस्त (09:53), **पक्षः** शुक्ल, **योग:** सिद्ध (03:40), **शुभ मुहूर्त:** अभीजित (कोई नहीं)। **राहुकाल** (12:27-02:08)।

### विशेष दिन

- 30 जुलाई 2025: कल्कि जयंती आज।
- 30 जुलाई: वर्ण षष्ठी आज।
- 30 जुलाई: रांधन छठ आज।

**मेष:** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**वृष:** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**मिथुन:** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए।

**कर्क:** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**सिंह:** यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**कन्या:** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है।

**तुला:** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि व अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृश्चिक:** समाज में मान-सम्मान मिलेगा। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**धनु:** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें।

**मकर:** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

**कुंभ:** सुख-आनंददायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा।

**मीन:** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा।

# एनएचपीसी की लापरवाही पर गरजे पूर्व विधायक पवन नैय्यर

अनंत ज्ञान, चंबा

**पूर्व** विधायक पवन नैय्यर ने चंबा जिले में एनएचपीसी की गंभीर लापरवाही को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राख से लेकर उदयपुर तक नदी-नालों के किनारे कोई भी सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है। न चेतावनी बोर्ड, न पानी के स्तर के निशान, न लाइटिंग और न ही फेंसिंग—यह स्थिति आम जनता के लिए बेहद खतरनाक है।



पवन नैय्यर ने बताया कि उन्होंने खुद जनता और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मौके का निरीक्षण किया, लेकिन अब तक एनएचपीसी के किसी भी अधिकारी ने क्षेत्र का दौरा तक नहीं किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एनएचपीसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया और कोई हादसा हुआ, तो पूरी जिम्मेदारी एनएचपीसी की होगी।

उन्होंने मांग की कि नदी किनारे लाइटें और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं तथा पुराने हूटरों को आवाज वाली नई तकनीक से बदला जाए, ताकि स्पष्ट संदेश मिल सके। मिंजर मेला और मणिमहेश यात्रा के दौरान सड़क किनारे सूचना वाहन तैनात करने की भी मांग की गई है। नैय्यर ने चमेरा-III परियोजना में टेंडर घोटाले का मुद्दा भी जल्द उठाने की बात कही।

# विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने लगाई नगर परिषद ईओ को फटकार

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** एसडीएम कार्यालय रोहड़ू के चांशल सम्मेलन कक्ष में आयोजित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने नगर परिषद रोहड़ू की कार्यकारी अधिकारी को शहर में विकास कार्यों की देरी और बरसाती पानी से हो रहे नुकसान पर कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि छतों से बहता पानी सड़कों और सीवरेज लाइनों को नुकसान पहुंचा रहा है, लेकिन नगर परिषद इस पर ठोस कार्य योजना बनाने में असमर्थ दिख रही है।

बैठक में सभी विभागों ने अपने कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। विधायक ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में देरी और लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरे किए जाएं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि एक सप्ताह के भीतर फिर से समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। सेब सीजन को देखते हुए लोक निर्माण विभाग को सड़कों को सुचारू रखने और अन्य विभागों को 24 घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। बैठक में एसडीएम धर्मेश रमोत्रा, एसडीपीओ प्रणव चौहान सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

अनंत Classifieds

**NAME CHANGE**

I, **Javed Akhtar** S/o Azimmuddin Ansari R/o Kanwar Niwas, Ward No. 8, Jaunaji Road, Solan, Tehsil and District Solan (H.P.) declare that in the school record of my daughters name wrongly spelled as Naaz Akhter instead of Naaz Akhtar as well as fathers name is also wrogly spelled as Javed Akhter instead of Javed Akhtar. So as mother's name is also wrongly spelled as Tamanna Parveen instead of Tammana Praveen. which is required to be corrected. All concerned please may note.

**BRIDE WANTED**

**Wanted** a beautiful homely girl for Gupta/Mahajan boy, February 1994/5'7", Btech, own business, from Kharar, Contact 9805022769, 8219656494. rakeshpunjab@rediffmail.com

**आयोजन** अंतरराष्ट्रीय मिंजर हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबलों ने जीता दर्शकों का दिल

# पुरुष वर्ग में शाहबाद हरियाणा, पठानकोट ने जीत की हासिल

अनंत ज्ञान, चंबा

**चंबा** में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मिंजर हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन दर्शकों ने रोमांचक और यादगार मुकाबलों का भरपूर आनंद लिया। दिनभर चले पुरुष एवं महिला वर्ग के मैचों में खिलाड़ियों ने अपनी बेहतरीन तकनीक, सटीक रणनीति और जोश से खेल प्रेमियों का मन मोह लिया।

पुरुष वर्ग के मुकाबलों में पहले मैच में 34 मराठा और शाहबाद हरियाणा की टीमें आमने-सामने थीं। दोनों टीमों ने


अंतरराष्ट्रीय मिंजर हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों के साथ आयोजक।

आक्रामक खेल दिखाते हुए स्कोर बराबरी पर रखा, लेकिन अंतिम क्षणों में शाहबाद हरियाणा ने 4-3 से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में पठानकोट ने बाबा श्रीचंद हॉकी क्लब को 1 गोल से हराया। तीसरे मुकाबले में ऊना और गुरदासपुर की टीमें जोरदार टक्कर देती रहीं, लेकिन निर्णायक समय में गुरदासपुर ने 4-3 से बाजी मारी। महिला वर्ग में शाहबाद हरियाणा ने खालसा हॉकी अकादमी अमृतसर को 5-0 से मात दी। दिन का सबसे रोमांचक मैच कोलकाता और सिरमौर के बीच हुआ, जो पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से सिरमौर के नाम रहा। खेल मैदान में बड़ी संख्या में आए दर्शकों ने हर गोल पर जोरदार तालियां बजाकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमें खिताब जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक रही हैं। खेल प्रेमियों ने महिला वर्ग के खिलाड़ियों के आत्मविश्वास और खेल के स्तर की भी खूब तारीफ की।

हमें हार नहीं माननी चाहिए और समस्या को हराने के लिए अनुमति नहीं देनी चाहिए। -डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम

## संपादकीय

# आपदाओं के मुहाने पर हिमाचल

हिमाचल प्रदेश एक बार फिर प्राकृतिक आपदा की चपेट में है। इस बार मंडी जिला बादल फटने की विभीषिका का शिकार बना। देखते ही देखते गांवों में तबाही का मंजर फैल गया-नालों और खड्डों में आई बाढ़ ने घरों को बहा दिया, सड़कें टूट गईं, पुल ढह गए और कई जिंदगियां मलबे के नीचे दफन हो गईं। यह दृश्य मंडी के निवासियों की खौफनाक हकीकत बन चुका है। अब सवाल यह है कि आखिर इस त्रासदी का असली कारण क्या है? क्या यह वास्तव में केवल प्राकृतिक आपदा है या फिर मानवजनित लापरवाहियों का नतीजा? बादल फटना एक ऐसी घटना है, जिसमें बेहद कम समय में अत्यधिक मात्रा में वर्षा होती है। यह सामान्यतः पर्वतीय क्षेत्रों में होती है, जहां वातावरण में नमी, हवा का दबाव और तापमान में अचानक बदलाव भूमिका निभाते हैं, लेकिन हाल के वर्षों में इन घटनाओं की आवृत्ति और तीव्रता में जो बढ़ोतरी हुई है, वह सिर्फ प्राकृतिक नहीं कही जा सकती। हिमाचल में हो रहा अंधाधुंध निर्माण, अवैध खनन, पेड़ों का कटान, खड्डों और नालों के किनारे लोगों की बसावट, पहाड़ों की खुदाई और जलवायु परिवर्तन ने मिलकर इस आपदा को आम बना दिया है। जो खड्डें कभी पानी की निकासी का प्राकृतिक माध्यम थीं, अब उन पर सीमेंट के जंगल खड़े हो गए हैं।

नतीजा यह कि जब भी भारी बारिश होती है बादल फटते हैं, पानी को निकलने का रास्ता नहीं मिलता और तबाही अपने चरम पर पहुंच जाती है। मंडी जिले में जो बादल फटे, उन्होंने कई गांवों को प्रभावित किया है। दर्जनों घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, कई सड़कें और पुल बह गए हैं और करोड़ों रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। जानी नुकसान भी कम नहीं रहा। कई लोग लापता हैं और राहत एवं बचाव कार्य अभी भी जारी हैं। मंडी के ग्रामीण इलाकों में संपर्क टूट गया है। बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित है। कई लोगों को राहत शिविरों में शरण लेनी पड़ी है। खेतों में लगी फसलें नष्ट हो गई हैं, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है। एक महत्वपूर्ण सवाल यह भी है कि आखिर क्यों लोग बार-बार खड्डों, नालों और जोखिम भरे ढलानों पर घर बना रहे हैं? क्या उनके पास जमीन नहीं है या फिर यह प्रशासनिक लापरवाही और जागरूकता की कमी का नतीजा है? सच्चाई यह है कि कई बार ग्रामीणों के पास सीमित संसाधनों और विकल्पों के कारण मजबूरी होती है, लेकिन अधिकांश मामलों में यह अतिक्रमण और खतरे को नजरअंदाज करने की आदत है।

प्रशासन की ओर से बार-बार चेतावनी के बावजूद लोग इन्हीं खतरनाक जगहों पर बसते हैं और फिर जब आपदा आती है तो सब कुछ बह जाता है। राज्य सरकार इन त्रासदियों पर त्वरित कार्रवाई कर रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं और उन्होंने प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश सरकार की ओर से आर्थिक मुआवजा भी दिया जा रहा है, जो कि एक सराहनीय कदम है। केंद्र सरकार ने भी इस मुद्दे पर गंभीरता दिखाई है। मौसम विज्ञान और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में विशेषज्ञों ने एक विस्तृत अध्ययन की आवश्यकता को स्वीकार किया है। सरकार ने संकेत दिए हैं कि वह हिमाचल में बढ़ती बादल फटने की घटनाओं पर वैज्ञानिक अध्ययन करवाएगी, ताकि भविष्य में इन आपदाओं से बेहतर ढंग से निपटा जा सके। हिमालयी क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के सबसे अधिक प्रभावी क्षेत्रों में से एक बन चुका है।

तापमान में बदलाव, बर्फबारी के पैटर्न में बदलाव और मानसून की अनियमितता ने यहां के पर्यावरण को अस्थिर कर दिया है। वैज्ञानिक अध्ययनों से यह पता लगाया जा सकता है कि कौन-से इलाके बादल फटने की सबसे अधिक संभावना वाले हैं, वहां किस प्रकार का निर्माण निषेध होना चाहिए और किस तरीके से जल निकासी की व्यवस्था की जा सकती है। इसके अलावा, अगर तकनीक का सही इस्तेमाल किया जाए, तो बादल फटने की आशंका से पहले लोगों को अलर्ट किया जा सकता है। इस तरह की अर्ली वार्निंग प्रणाली हिमाचल में अभी शुरुआती स्तर पर ही है, लेकिन इसे और मजबूत बनाने की आवश्यकता है। खड्डों, नालों और प्राकृतिक जल निकासी क्षेत्रों पर निर्माण पर सख्ती से रोक लगाई जानी चाहिए। स्थानीय स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। सड़कें, पुल और अन्य निर्माण कार्य वैज्ञानिक पद्धति से हों, ताकि वे आपदा के समय टिक सकें। आपदा से पूर्व तैयारी बेहद लाजिमी है।

गांवों और पंचायतों में आपदा प्रतिक्रिया दल बनाए पहले से ही बना देने चाहिए। मॉक ड्रिल करवाई जाए और राहत शिविरों की पहचान पहले से हो। प्राकृतिक आपदाएं केवल प्रशासन की चुनौती नहीं हैं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी भी हैं। हमें यह समझना होगा कि विकास के नाम पर की जा रही हरकतें जब पर्यावरण के संतुलन को बिगाड़ती हैं, तो प्रकृति इसका जवाब जरूर देती है। बहरहाल, मंडी में बादल फटने की घटनाएं एक और चेतावनी है कि हिमाचल अब आपदाओं के मुहाने पर खड़ा है। हर साल सैकड़ों करोड़ की संपत्ति और दर्जनों जिंदगियां तबाह हो रही हैं। ऐसे में केवल राहत और मुआवजे से आगे बढ़ते हुए हमें दीर्घकालिक, वैज्ञानिक और समावेशी रणनीतियों की ओर बढ़ना होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर इस दिशा में सार्थक कदम उठाएंगी।

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारत की प्रथम महिला विधायक

डॉ. मुत्तू लक्ष्मी रेड्डी भारत की प्रसिद्ध महिला चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता थीं। वह भारत की प्रथम महिला विधायक थीं। उनके ऊपर स्वामी विवेकानंद और महात्मा गांधी के विचारों का बड़ा प्रभाव था। उन्होंने समाजसेवा में विशेषत: महिलाओं और बच्चों के कल्याण की अनेक योजनाएं आरंभ की थीं। डॉ. मुत्तू लक्ष्मी रेड्डी ने अनेक क्षेत्रों में सर्वप्रथम होने के कारण बड़ी प्रसिद्धि और सम्मान पाया। लड़कों के स्कूल में पढ़ने वाली पहली लड़की, डॉक्टर बनने वाली पहली महिला, विधानसभा की पहली सदस्य और उपाध्यक्ष बनने वाली पहली महिला वही थीं। मुत्तू लक्ष्मी रेड्डी का जन्म दक्षिण की पुडुकोटा रियासत, मद्रास में हुआ था। रियासत में शिक्षा पाने वाली वे पहली छात्रा थीं। माता-पिता उन्हें अधिक शिक्षित करने के पक्ष में नहीं थे। अपनी योग्यता से उन्होंने रियासत की छत्रवृत्ति प्राप्त की और 1912 में मद्रास मेडिकल कॉलेज से विशेष योग्यता के साथ प्रथम श्रेणी में डॉक्टर की डिग्री ले ली। सेवा के अनेक कार्यों के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति की ओर से सन 1956 में डॉ. मुत्तू लक्ष्मी रेड्डी को 'पद्म भूषण' की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया था।



डॉ. मुत्तू लक्ष्मी रेड्डी
जन्म : 30 जुलाई, 1886
मृत्यु :22 जुलाई, 1968



## कविता: कर्म ही धर्म समझो प्यारे

शिव सान्याल मकड़ाहन, जवाली, कांगड़ा

*कर्म ही धर्म समझो प्यारे, पौरुष यह कहलाता है,*
*कर्तव्यों का पालन करना, कर्म योग सिखलाता है।*
*प्रेम दया करुणा भाव से, सार्थक जिस का जीवन हो,*
*झूठ कपट अहंकार छोड़ो, मन निर्मल हो जाता है।*
*निर्बल को बल से मत नोचो, दीन दुखी संबल बनना,*
*द्वेष ईर्ष्या वैर को त्यागो, यह मन को उकसाता है।*
*संस्कार हो सब के पावन, आचरण रहे शुभ अपना,*
*सत्य अहिंसा जो अपनाता, सुखमय जीवन पाता है।*
*हो चाहे कितनी भी मुश्किल, हाथ थाम कर चलना रे,*
*वीर वहीं जो संकट में भी, दुख में साथ निभाता है।*
*हाथ धरे जो नहीं बैठता, मंजिल पाता है अपनी,*
*एक बहे जब खून पसीना, मेहनत फल तो लाता है।*
*जागो मानव अर्जुन जैसा, चलो धर्म की राहों पर,*
*शूरवीर जो धर्म की खातिर, अपना शीश चढ़ाता है।*
*काम क्रोध मद में मत उलझो, यही काल की माया है,*
*तर जाता भवसागर से 'शिव',जो राम शरण में आता है।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# प्रकृति से छेड़छाड़ बंद करे मानव, वरना नहीं रुकेगी तबाही

अभी भी वक्त है प्रकृति से छेड़छाड़ मत कीजिए। हिमाचल में बादल फटने, भूस्खलन व बाढ़ के हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं, यह बहुत ही त्रासदी है। 29 जुलाई 2025 को अल सुबह छोटी काशी मंडी के जेल रोड में सुबह चार बजे बादल फटने से बहुत तबाही हुई, इस तबाही में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, बहू लापता है और काफी लोग लापता हैं। सड़क, मकान बह गए हैं। एनडीआरएफ की टीमें जान जोखिम में डाल कर लोगों का जीवन बचा रही है।



नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

भारी बरसात के कारण यह हादसा हुआ है। सर्च ऑपरेशन जारी है, बचाव कार्य युद्ध स्तर पर चल रहे हैं। अभी सराज त्रासदी की स्याही भी नहीं सूखी थी कि मंडी हादसे ने नई इबारत लिख दी है, 30 जून को आए प्रलय के बाद मंडी में प्रकृति का खौफनाक मंजर हो गया। सराज में भी दर्जनों लोग बह गए हैं और अब तक नहीं मिले हैं। साल 2025 में जून महीने सें ही तबाही का आगाज हो चुका है। गत वर्ष 2024 में भी हिमाचल के सोलन में भी कालका शिमला फोरलेन पर चलती गाड़ी पर पहाड़ी से पत्थर गिरने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई थी और तीन लोग घायल हो गए थे। प्रतिवर्ष बरसात में ऐसे हादसे होते हैं और लोगों को जान गंवानी पड़ती है। प्रकृति की चेतावनी, सुधर जा मानव अभी भी संभलने का वक्त है।

प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करने वाले मानव को प्रकृति ने आगाह किया है कि सुधर जाओ नहीं तो तबाह कर दूंगी, यह तो एक ट्रेलर है अभी पूरी पिक्चर बाकी है हिमाचल के किन्नौर से लेकर भरमौर तक तबाही ही तबाही हो रही है। बरसात का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रतिदिन पहाड़ दरक रहे हैं। बरसात ने सैकड़ों लोगों का जीवन लील लिया है, कई बच्चे अनाथ हो गए, माताओं व बहनों का सिंदूर मिट गया, यह बरसात इतने जख्म दे गई कि जख्म तो भर जाएंगे पर निशान अमिट रहेंगे, बरसात के कारण अब तक सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं जो बह गए अभी तक नहीं मिल सके हैं। करोड़ों की सरकारी व निजी संपत्ति बह गई, लोगों की उम्र भर की कमाई खत्म हो गई, लोगों को सड़कों पर राते गुजारनी पड़ रही है, पलभर में सब कुछ बह गया। कारें व बसें भी बह गई, आलीशान घर पलभर में बह गए।



सदियों पुराने पुल बह गए, प्रकृति कभी भेदभाव नहीं करती, लेकिन जब मानव ने प्रकृति का सीना छलनी कर दिया, तो प्रकृति ने मानव को सबक सीखा दिया। अवैध खनन के कारण नदियों व नालों का रास्ता बदल गया है, लोगों ने नदियों के किनारे मकान बना दिए, नतीजतन अब भुगत रहे हैं। बरसात अपना रौद्र रूप इंसान को दिखा चुकी है, भटक चुके मानव को उसकी औकात दिखा दी है। मानव को भी छेड़छाड़ करना बंद कर देनी चाहिए। पिछले साल 20 अगस्त को भी बहुत तबाही हुई थी, मंडी के गोहर में एक मकान के जमीदोज होने से आठ लोगों की मौत हो गई थी। जुलाई में लगातार मूसलाधार बारिस हो रही है, सड़कें बह रही है, पहाड़ में बादल फट रहे हैं, लोग असमय मारे जा रहे हैं। अभी अगस्त माह बाकी है, पता नहीं कुदरत क्या कहर ढाएगी।

प्रशासन भी सक्रिय है, लोगों को सुरक्षित जगह पर आश्रय दे रहा है, लोगों को भी सतर्क रहना चाहिए, नदियों का जलस्तर भी काफी हो चुका है, लोग लापरवाही बरत रहे हैं और बह रहे हैं, ऐसे लोगों पर कार्रवाई करनी चाहिए। मानव को पहाड़ों से छेड़छाड़ बंद करनी होंगी ताकि आने वाले समय में ऐसे हादसे रुक सके वक्त अभी संभलने का है। अगर अब भी सबक नहीं सीखा तो ऐसी तबाही लगातार होती रहेगी। मानव को चाहिए कि अब ऐसी भूल मत करें नहीं तो कुदरत नामोनिशान मिटा देगी। कहते है कि प्राकृतिक आपदाओं को रोक तो नहीं सकते, परंतु अपने विवेक व ज्ञान से अपने आप को सुरक्षित कर सकते हैं। कैसी विडंबना है, पूरे प्रदेश में प्रकृति रौद्र रूप दिखाकर तांडव मचा रही है, पुल क्षतिग्रस्त हो गए थे। इलाके जलमगन हो गए थे।

मानव भी प्रकृति से छेड़छाड़ करने से बाज नहीं आते, जब प्रकृति अपना बदला लेती है तब लोगों को होश आता समय-समय पर भीषण त्रासदियां होती रहती है, मगर हम आपदाओं से कोई सबक नहीं सीखते। हर त्रासदी के बाद बचाव पर चर्चा होती है, मगर कुछ दिनों बाद जब जीवन पटरी पर चलने लग जाता है, तो इन बातों को भूला दिया जाता है, अगर बीती त्रासदियों से सबक सीखा जाए, तो आने वाले भविष्य को सुरक्षित कर लिया जा सकता है, मगर हादसों व आपदाओं से न तो लोग सबक सीखते है और न ही सरकारें सबक सीखती हैं। कुछ दिन सरकारी अमला औपचारिकता निभाता है और उसके बाद अगली घटना तक कोई कारगर उपाय नहीं किए जाते। सरकारों को इस आपदाओं पर मंथन करना चाहिए तथा शिविर लगाकर महानगरों, शहरों व गांवों के लोगों को जागरूक किया जाए। तभी तबाही से बचा सकता है।

प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रकृति की इस विभिषिका को रोकना होगा। सरकार को चाहिए कि प्रत्येक गांव से लेकर शहरों तक आपदा प्रबंधन कमेटियां गठित करनी चाहिए, जिसमें डाक्टर नर्स व अन्य प्रशिक्षित स्टाफ रखना चाहिए ताकि व त्वरित कारवाई करके लोगों को मौत के मुंह से बचा सके। अक्सर देखा गया है कि जब तक आपदा प्रबंधन की टीमें घटना स्थनों पर पहुंचती है तब तक बची हुई सासें उखड़ जाती है, लाशों के ढेर लग जाते हैं। अगर समय पर आपदा ग्रस्त लोगों को प्राथमिक सहायता मिल जाए, तो हजारों जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए सरकार को कालेजों व स्कूलों में भी माकड्रिल जैसे आयोजन करने चाहिए ताकि अचानक होने वाली आपदाओं से अपना व अन्य का बचाव किया जा सके। यह प्रकृति का एक ट्रेलर ही है, अगर अब भी मानव ने प्रकृति से छेड़छाड़ बंद नहीं की, तो प्रकृति पूरी पिक्चर दिखाएगी, तब होश आएगा वक्त अभी संभलने का है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# जहां स्वच्छता होती है, ईश्वर भी वहीं वास करते हैं

स्वास्थ्य का महत्व हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू में होता है। इससे न केवल शारीरिक तंदुरुस्ती बनी रहती है, बल्कि मानसिक और सामाजिक परिप्रेक्ष्य में भी शामिल है। अच्छा स्वास्थ्य हमें दैनिक जीवन-शैली को कुशलतापूर्वक करने और एक खुशहाल जीवन जीने में सक्षम बनाता है।



विशना गाजटा
चौपाल, शिमला

किसी भी देश में आम लोगों को अच्छी और बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की जिम्मेदारी होती है। हमारे देश में भी आजादी के बाद से ही इस पर लागातार काम किया जा रहा है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण आजादी के बाद से अब तक चाहे कोई भी सरकार रही हो, इस गंभीर मुद्दे पर विफल होती नजर आई है। देश में जैसे-जैसे जनसंख्या वृद्धि होती है, वैसे-वैसे स्वास्थ्य सेवाओं की मांग भी बढ़ती जाती है और सरकारी अस्पताल हमेशा इस मांग को पूरा करने में सक्षम नहीं हो पाए, इसलिए निजी अस्पतालों को तरजीह दी गई, जो इस मांग को पूरा करने में काफी मददगार साबित हुए, खासकर उन लोगों के लिए जो बेहतरीन सुविधाओं की तलाश में होते हैं, लेकिन निजी अस्पताल कोई चेरिटी करने नहीं आए हैं, उनको जमकर अपना मुनाफा चाहिए, जो की उन्हें हो भी रहा है, इससे स्वास्थ्य सुविधाएं थोड़ी बेहतर तो हो जाती है, मगर उन्हीं लोगों के लिए जिनके पास खूब सारा पैसा है, गरीब व्यक्ति पैसे के अभाव में अपने प्रियजनों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवा सकता। उन्हें केवल सरकारी अस्पतालों के चक्कर काटने पड़ते हैं।

गरीबों के जीवन को सरकारी अस्पतालों में भी कोई खास महत्व नहीं दिया जाता, सरकारी अस्पतालों में भी सिफारिशों के आधार पर काम किया जाता है। सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर बड़े-बड़े वादे तो करती है, लेकिन वो वादे केवल चुनावी वादे होते हैं, उन वादों का जमीनी स्तर से कोई सरोकार नहीं होता, अस्पताल में इलाज के लिए इधर उधर भटकते मरीज, कहीं डॉक्टरों की कमी, कहीं मशीनें महीनों-महीनों तक खराब पड़ी रहती है, जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं होता।



हमारी ये खराब स्वस्थ व्यवस्था हमारे देश हमारे समाज के कम आय वाले लोगों के लिए चिंता का विषय बन जाती है। सरकार को चाहिए कि ऐसे स्वास्थ्य शिक्षा अभियान चलाए जाएं, जिसमें दूरदराज क्षेत्रों से आमजन जुड़ सके और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और बीमारियों से बचने के बारे में उन्हें प्रशिक्षित किया जा सकें। ताकि लोगों में जागरूकता बड़े और वो नियमित स्वास्थ्य जांच करवाए, यदि बीमारी का पता शुरुआती चरण में लग जाए, तो इलाज आसान हो जाता है।

इसके साथ-साथ लोगों को स्वच्छता के बारे में भी जागरूक किया जाना चाहिए, अपने घर तथा आसपास साफ-सफाई रखना एक अच्छी आदत होती है, जिसे हर किसी को अपने जीवन में अपनाना चाहिए, क्योंकि स्वच्छता से मनुष्य के जीवन को मानसिक और शारीरिक रूप से बहुत सारे लाभ होते हैं।

अच्छा स्वास्थ्य हमारे जीवन को और बेहतर बना सकता है। चूंकि अच्छे स्वास्थ्य का मूल मंत्र स्वच्छता है, इसलिए स्वच्छता का सीधा प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। यदि हमारे आसपास साफ सफाई नहीं होगी तो हमारा स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रह पाएगा। हम सबको स्वच्छता को अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझना चाहिए और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने में मददगार साबित होना चाहिए। हमेशा से हम ये सुनते आए हैं कि जहां स्वच्छता होती है, ईश्वर भी वही वास करते हैं। इस आदत को हमें खुद भी अपनाना चाहिए और अपने बच्चों को भी अपनाने की प्रेरणा देनी चाहिए, ताकि हमारी अगली पीढ़ी भी एक स्वच्छ और शुद्ध वातावरण में सांस ले सकें और हर बीमारियों से दूर रहें।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**जुलाई** माह में भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर प्रधानमंत्री मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर की मौजूदगी में हस्ताक्षर हुए हैं। इसे आधिकारिक तौर पर सीईटीए के नाम से जाना जाएगा। भारत में 22 जुलाई को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एफटीए को मंजूरी भी मिल गई है, अब ब्रिटेन के द्वारा संसद की मंजूरी ली जाएगी। पूरे विश्व की निगाहें इस समझौते पर लगी रही, क्योंकि भारत बढ़ते ध्रुवीकरण के बीच अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ भी एफटीए की अंतिम कवायद में लगा है। भारत-ब्रिटेन का यह एफटीए इसी वर्ष दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहे भारत और छठी बड़ी अर्थव्यवस्था ब्रिटेन के बीच न्यायसंगत और महत्वाकांक्षी व्यापार के लिए नए मापदंड स्थापित करते हुए दिखाई दे रहा है। भारत और ब्रिटेन के बीच वर्ष 2030 तक व्यापार दोगुना होने का लक्ष्य रखा गया है।

**अमित कुमार, धर्मशाला**

# देश की मधुशालाएं मुनाफे की दुकान या अपराध को दावत ?

'मैकदे में किसने कितनी पी खुदा जाने मगर मैकदा तो मेरी बस्ती के कई घर पी गया'। अजीम शायर 'मेराज फैजाबादी' की ये रूबाइयां जहरीली मदिरा से होने वाली दर्दनाक मौतों के खौफनाक मंजर को बयान करती हैं। देश में सड़क हादसे, फसाद तथा समाज में बिखराव का एक बड़ा कारण शराबनोशी है। कुछ समय से हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में लोग खासकर महिला वर्ग शराब के नए ठेके खुलने से दहशत में हैं।



प्रताप सिंह पटियाल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

मधुशालाओं के खुलने से महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं तथा लोग आवाजाही में असुविधा तथा सामाजिक माहौल खराब होने का हवाला देकर सुबे की हुकूमत से दखलंदाजी की गुहार लगा रहे हैं। प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर लोग धरने- प्रदर्शन करके अपना एहतजाज दर्ज करा रहे हैं। लोगों का तर्क है कि रिहायशी इलाकों में मयखाने खुलने से बच्चों के मुस्तकबिल पर गलत प्रभाव पड़ता है। मयकदा नजदीक होने से युवा वर्ग की कशिश शराबनोशी की तरफ बढ़ जाती है नतीजतन मयकशी के तलबगार बनकर युवा अपनी राह-ए-मंजिल से भटक जाते हैं। मदिरालयों की लोकेशन को लेकर महिला वर्ग का रंजिदा होना जायज है। वहीं आबकारी विभाग के अनुसार शराब के ठेके शराब नीति के तहत पूरी कानूनी औपचारिकताओं तथा सभी पहलुओं की जांच के बाद ही खोले जा रहे हैं। स्मरण रहे मैकशी कोई नया विषय नहीं है। मयकदा, मयकश व साकी हजारों वर्षों से सुर्खियों में रहे हैं।

'चार्वाक दर्शन' में भी मद्यपान का उल्लेख इस प्रकार हुआ है। 'पीत्वा, पीत्वा पुन: पीत्वा यावत् पतति भूतले, उत्थाय च पुन: पीत्वा पुर्नजन्म न विद्यते' अर्थात् पीजिए फिर पीजिए जब तक जमीन पर न गिर जाए, उठिए और फिर पीजिए, क्योंकि जन्म दोबारा नहीं होता। जाहिर है मदिरापान की परंपरा व इतिहास काफी पुराना है। लज्जत-ए-गम बढ़ाने वाली आब-ए-तल्ख के मिजाज पर कई शायरों व फनकारों ने भी कलम चलाई है। मारूफ गायक किशोर कुमार द्वारा 'शराबी' फिल्म के लिए गाया गया नगमा 'नशा जो शराब में होता तो झूमती बोतल' आज भी मकबूल है। भले ही शराब के नशे से बोतल नहीं झूमती। मगर हकीकत यह है कि आब-ए-तल्ख की अरबों रुपए की तिजारत से मुल्क की मईशत खूब झूम रही है। आबकारी विभाग से लेकर शराब उद्योग में हजारों लोगों को रोजगार मिला है। शराब की फैक्टरियों व मधुशालाओं तथा रेस्तरां में हजारों लोग काम करते हैं। राज्यों की कमाई में आबकारी विभाग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मदिरा की बिक्री से प्राप्त राजस्व का उपयोग विभिन्न विकास कार्यों में होता है। अलबत्ता मदिरा की बंपर आमदनी के इस बड़े जरिए को कोई भी हुकूमत बंद नहीं करना चाहती। मदिरा तथा मधुशालाएं किसी भी हुकूमत के लिए बेहद नाजुक मुद्दा है। एक तरफ मधुशालाओं के खुलने से सभ्य समाज के लोग मुखालफत में है। दूसरी तरफ महंगी मदिरा खरीद कर सरकारी खजाने को गुलजार करने में सुराप्रेमी वर्ग एक मखसूस किरदार निभा रहा है। शादी, सालगिरह, सेवानिवृत्ति, चुनावी मौसम व यौम-ए-पैदाइश जैसे समारोहों में सुराप्रेमियों के रक्स का अंदाज भी मखसूस होता है।



मदिरा की मखसूस तासीर पूरी कायनात का फलसफा बयान करने की सलाहियत रखती है। मयखानों की रस्म-ओ-राह की तहजीब भी मखसूस होती है। भले ही मदिरालयों को समाज में इज्जत के नजरिए से नहीं देखा जाता। मगर सुराप्रेमियों के लिए मधुशालाएं एक नाजनीन शम-ए-महफिल हैं। मदिरा, मैकशों में सरफरोशी के जज्बात जगा देती है। मैकशी के बिना कई मैकशों के शाख-ए-बदन काम नहीं करते। किसी हबीब या रकीब की उल्फत में मफलूज हो चुके बजाहिर दिल का मजहर भी मधुशाला ही बनती है। मैकशी की कातिलाना ख्वाहिश सुराप्रेमियों के लिए प्राचीन से रूहानी ताकत का किरदार निभाती आई है। इसीलिए आब-ए-तल्ख को सुराप्रेमी आब-ए-हयात मानकर पीते हैं। नशे की तखलीक का श्रेय शराबनोशी को ही जाता है, मगर इसके बावजूद मदिरा को नशा नहीं माना जाता।

भारत में शराबनोशी अपराध की श्रेणी में नहीं आता। चुंकि प्राचीन समय सामाजिक जीवन का हिस्सा रही है। अत: आब-ए-तल्ख की उल्फत के परवानों को हुकूमतें भी मायूस नहीं करना चाहतीं। मुल्क के अर्थतंत्र का बोझ उठाने वाली मदिरा व मधुशालाओं तथा सुराप्रेमी वर्ग को भी गलत नहीं ठहराया जाता। यदि पूरे देश में शराबबंदी लागू कर दी जाए, तो मुल्क के अर्थतंत्र का तवाजुन बिगड़ जाएगा।

अवैध शराब की कालाबाजारी चुनौती बन जाएगी। जहरीली मदिरा गरीब तबके को अपना शिकार बनाएगी। बिहार, गुजरात व नागालैंड जैसे राज्यों में पूर्ण शराबबंदी बेनकाब हो चुकी है। आंध्र प्रदेश, हरियाणा, केरल व तमिलनाडु जैसे राज्य शराबबंदी के फैसले वापस ले चुके हैं। बड़े होटलों, पबों व बारों में ग्राहकों को शराब परोसने की अनुमति है। मायानगरी के अदाकारों से लेकर कई बड़ी हस्तियां नशे के लिए बदनाम हो चुकी रेव पार्टियों की तालिब-ए-दीदार बन चुकी हैं। मौसिकी में नशाखोरी की सरगम व बेसुरे तरानों में मद्यपान से लबरेज लफ्फाजी सुनाई देती है। फिल्मों में नशीली बज्म-ए-शब की झलक आम बात हो चुकी है। लिहाजा शराबनोशी के कातिलाना उपयोग पर काबू पाने के लिए पूरे मुल्क में एक समान प्रभावी शराब नियंत्रण नीति लागू होनी चाहिए। नशामुक्त देवभूमि के हल्फ के मद्देनजर शराबनोशी की भी एक हद्दद सुनिश्चित करनी होगी। नशामुक्त समाज की स्थापना के लिए सभी वर्गों को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# प्रबंधन चुस्त नहीं हुआ, तो स्कूल यूं ही बंद होते रहेंगे व अस्पताल बीमार

कैसा इत्तेफाक है कि जिस दिन प्रधानमंत्री ने चिनाब नदी के ऊपर विश्व के सबसे ऊंचे आर्क ब्रिज का उद्घाटन किया, ठीक उसी दिन हिमाचल प्रदेश में 103 सरकारी स्कूलों को बंद करने की खबर आई, जहां अप्रैल माह, 2025 तक शून्य बच्चों का रिकॉर्ड पाया गया। एक तरफ देश का गौरव, संकल्प एवं तकनीकी विकास का समां बांधा जा रहा था, वहीं दूसरी ओर सरकारी स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई के प्रति उदासीनता देखी जा रही थी।



डॉ. दमन आहूजा
स्वतंत्र लेखक

प्रश्न उठ रहा था कि क्या आजादी के बाद सरकारी पढ़ाई का स्तर इतना गिर गया है कि आम आदमी वहां अपने स्कूलों को भेजना ही नहीं चाहता या फिर सातवें पे कमिश्न के बाद सरकारी अध्यापकों का रुतबा इतना बढ़ गया है कि घर-घर जाकर बच्चों को, उनके अभिभावकों को, ग्राम पंचायत को उनकी अपनी पंचायतों से आवंटित जमीनों पर बने स्कूलों में भेजने के लिए प्रेरित करना अब निरर्थक लगता है।

प्रश्न यह भी उठता है कि आजादी के इस अमृतकाल में क्या अभी भी सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर इतना खराब है, कि अभिभावक बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजना ही नहीं चाहते? बात फिर बैठने के बैंचों की हो, पूरी अध्यापक गणना की हो, लड़के लड़कियों के अलग टॉयलेट्स की हो, टॉयलेट्स में पानी की हो या फिर शिक्षा की गुणवत्ता की हो, ऐसा क्या है कि दिन-प्रति दिन प्राइवेट स्कूलों की संख्या या उसमें जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या बढ़ती ही जा रही है, जबकि प्राइवेट स्कूलों के अध्यापकों का वेतन सरकारी स्कूलों के अध्यापकों से कहीं कहीं तो एक चौथाई से भी कम है।



कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक रेलवे, यह बात सुकून देती है, कि पहाड़ों में जम्मू से कश्मीर तक तेरह किलोमीटर तक की सबसे लंबी सुरंग बिछाना जहां अदम्य इच्छा शक्ति का, हार न मानने वाले जज्बे का प्रतीक है, वहीं सरकारी स्कूलों का इस तरह से बंद होना ढीले-ढाले प्रशासन का भी संकेत है। यदि 103 स्कूलों में अप्रैल, 2025 तक बच्चे नहीं आएं हैं, तो यह घटना एक दिन में तो नहीं घटी होगी, पिछले कई सालों की बेपरवाही का ही नतीजा होगा।

क्या इसके लिए किसी की जवाबदेही होनी चाहिए या पांच साल के बाद दूसरी सरकार को लाकर इसकी इतिश्री हो जाएगी। क्या इस बात की जांच नहीं होनी चाहिए कि बच्चों की संख्या लगातार कम होते हुए, बिलकुल शून्य हो गई, तो इसके पीछे क्या कारण रहे हैं, ताकि भविष्य में यह दोबारा न हो। इसी के साथ मेडिकल कॉलेज टांडा की स्थिति भी गंभीर बनी हुई है, कई सालों से सोलन जिले का प्रस्तावित नया डिस्ट्रिक्ट अस्पताल अधर में लटका हुआ है, टांडा मेडिकल कॉलेज में दिल की धड़कन कहे जाने वाली कैथ लैब एवं अन्य मशीनों की स्थिति भगवान भरोसे ही है।

आईजीएमसी शिमला भूल से कभी चले जाइए, तो नंबर आने से पहले लंबी लाइन का अंत कब होगा कोई नहीं कह सकता। कभी सरकारें पांच लाख रुपए तक के फ्री इलाज की सुविधा के फर्जीवाड़े को निपटाने में लग जाती हैं तो कभी दस रुपए की ओपीडी खर्च करने का फैसला रोगी कल्याण समिति के ऊपर छोड़कर अपना पल्ला झाड़ लेती हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत गुणवत्ता पूर्वक स्वास्थ्य सुविधाओं को , जीरो आउट ऑफ पॉकेट एक्सपेंडिचर ( यानी किसी भी मरीज का अपने कोई पैसा खर्च न हो) के साथ देना राज्य की चुनी हुई सरकारों का दायित्व है, लेकिन ये तो वही बात हुई अमेरिका के ट्रंप सरकार की तरह आप कभी भी कोई भी किसी पर एक नया टैरिफ जड़ दीजिए। क्या जनता के टैक्स से ही सरकार की शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं नहीं चलती हैं ? बजाय कि प्रशासनिक जवाबदेही तय करने के जनता के ऊपर एक और खर्च लाद रहे हैं। मुद्दा यह है कि यदि चुस्त प्रबंधन, प्रभावी रिजल्ट ओरिएंटेड टीम नहीं होगी, तो स्कूल यूं ही बंद होते रहेंगे, अस्पताल बीमार रहेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# मंडी में चहुंओर तबाही का मंजर, सड़कें कीचड़ से सनी

## जेल रोड व पैलेस कॉलोनी में घरों में घुसा मलबा, लोग खिड़कियां तोड़कर निकले बाहर, न्यू विक्टोरिया ब्रिज के पास चट्टानें गिरीं, आवाजाही रही बाधित

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** मंडी जिला मुख्यालय के आसपास तीन बादल फटने की घटनाओं ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया। बता दें कि पुरानी मंडी, पैलेस कॉलोनी, जेल रोड, मट, सैण मुहल्ला, मंडी-सुंदरनगर रोड़ पर ठंडी बावड़ी के पास मलबा गिरने से भारी तबाही हुई है, जबकि न्यू विक्टोरिया ब्रिज के पास बड़ी बड़ी चट्टाने गिरने से आवाजाही बाधित रही। हालांकि कड़ी मशक्कत के उपरांत मार्ग को आवाजाही के लिए सुचारू कर दिया गया है, लेकिन इन घटनाओं ने तीन लोगों की जान ले ली है।

स्थानीय प्रशासन स्थिति पर नजर गढ़ाए हुए है और प्रभावितों को फौरी राहत प्रदान कर रहा है। जेल रोड और पैलेस कॉलोनी में लोगों के घरों में मलबा घुस गया है और लोग खिड़की तोड़ बाहर आए हैं। इस घटनाओं में सैंकड़ों वाहन बह गए और कुछ तबाह हो गए हैं।




### वर्ष 2013 में भी फटा था बादल

**मंडी।** पैलेस निवासी चरणदास ने बताया कि वर्ष 2013 में भी गंधर्व जंगल में बादल फटने की घटना हुई थी, उस समय भी आसपास काफी तबाही हुई थी, लेकिन इस बार बड़ी मात्रा में मलबा आने से लोगों के घरों को काफी नुकसान हुआ है। बता दें कि पैलेस कॉलोनी में नाले के आसपास का इलाका खतरे से खाली नहीं है, यहां आज से पहले भी बादल फटने की घटना हो चुकी है।

## 1808 ई. के चित्र में भी गंधर्व जंगल के आसमान पर काले बादल खतरे का निशान

**अनिल शर्मा, मंडी।** अनंत ज्ञान की टीम जब गंधर्व जंगल में बादल फटने की जगह पर पहुंची तो सदप्पणा के लोगों ने 100 से 200 साल पुरानी कहानी भी बताई। लोगों में पारुल आरोड़ा ने बताया कि हमारे पास 1808 ई. का पुराना एक चित्र है, चित्र में गणपति नाला और गंधर्व जंगल और नाले को भी दर्शाया गया है। चित्र में राजा के सैनिक भी देखे जा सकते हैं, जंगल में नाना प्रकार के वृक्ष और मोर आदि पक्षी भी हैं। चित्र में जो खास बात है वह है गंधर्व जंगल के ऊपर काले बादल मंडराना। काले बादल बनाने के मतलब है कि यहां बादल फटने की घटना होती रहती है, इस बात की पुष्टि पैलेस कालोनी निवासी चरणदास ने भी की कि वर्ष 2013 में जब बादल फटने का समय आया तो दिन का समय था, उस समय मैंने देखा कि गंधर्व जंगल के आसमान पर गहरे रंग के घने बादल उमड़ने लगे हैं और उसके उपरांत बादल फटने की घटना हो गई। गौर करने वाली बात है कि मंडी चारों ओर से पहाड़ियों से घिरी हुई है और राजाओं ने अपनी राजधानी बासनी से बदल कर मंडी में बनाई थी, तब से बेहड़े का नाल भी मशहूर है, मंडी के चारों ओर ऊंची पहाड़ियां इस क्षेत्र को बादल फटने की दृष्टि से अति संवेदनशील बनाती है। समय रहते पर्यावरणविदों और शोधकर्ताओं को इस दिशा में गंभीरता से विचार करना चाहिए, ताकि भविष्य के खतरों को पहले ही भांप जा सके।



### बावड़ी के दोनों ओर फटे बादल

**मंडी।** मंगलवार सुबह मंडी में तीन जगह बादल फटने की घटना ने सबको चौंका दिया है। अनंत ज्ञान की टीम जब गंधर्व जंगल के उस छोर पर पहुंची जहां बादल फटने की घटना हुई थी तो देखा कि एक नहीं दो जगह बादल फटने की घटना हुई है। यहां एक चमत्कार भी देखने को मिला, राजाओं के समय के इस रास्ते में एक प्राचीन बावड़ी भी है। इसी बावड़ी के दोनों ओर बादल फटने की घटना हुई, लेकिन बीच में एक बावड़ी बच कर वैसी की वैसी ही देखने को मिली है, जबकि आसपास पानी बड़े बड़े पेड़ पत्थर सब कुछ बहाकर ले गया है।



### गिरने की कगार पर चट्टान

**मंडी।** गंधर्व जंगल में दो जगह बादल फटने की घटने की घटना होने के उपरांत खतरा और बढ़ गया है। बावड़ी की बाईं ओर एक बड़ी चट्टान गिरने के कगार पर है। चट्टान के दोनों ओर तीन इंच की दरारें आ गई है, जिस कारण यह कभी भी गिर सकती है। यदि यह चट्टान गिर गई तो सीधे पैलेस कालोनी में आ गिरेगी, जिस कारण बड़ी तबाही हो सकती है। हालांकि यह चट्टान गोल न होकर चपटी है, जिस कारण यह रास्ते में भी रुक सकती है, लेकिन यदि नीचे आ धमकी तो नुकसान बड़ा हो सकता है।



### नाले में आई बड़ी चट्टान ने बचाए पांच घर

**मंडी।** गंधर्व जंगल में सुबह 4 बजकर 35 मिनिट पर आई बाढ़ ने लोगों के पांच शौचालय बहा दिए। पैलेस निवासी चरणदास ने बताया कि सुबह के समय बड़ी मात्रा में पानी आया और शौचालयों को बहाकर ले गया, लेकिन थोड़ी ही देर में बड़ी मात्रा में मलबा भी आया। गनीमत यह रही कि नाले के बीच में एक बड़ी चट्टान रुक गई, जिस कार पानी का बहाव दूसरी तरफ हो गया, नहीं तो सीधा बहाव घरों की ओर था। चरणदास ने बताया कि यदि पानी का बहाव सीधा आया होता तो पांच घर इसकी चपेट में आने थे और भारी नुकसान हो सकता था।



### नालियां बंद, अस्पताल सड़क मलबे में तब्दील

**मंडी।** जोनल अस्पताल के साथ लगती सड़क पर बड़ी मात्रा में मलबा आ पहुंचा, जिस कारण कुछ समय के लिए राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बता दें कि गंधर्व जंगल में फटे बादल के कारण अस्पताल में साथ लगती सड़क और दुकानों में कीचड़ भर गया, नालियां बंद हो गई। स्थानीय दुकानदार नालियों को सुचारू करते हुए दिखे। हालात इतने खराब थे कि पैलेस कॉलोनी अस्पताल के पास चंपा ठाकुर भी स्वयं मलबा हटाने में जुट गई।



### घटना स्थल पर पहुंचे ये नेता

**बाड़ी-गुमाणू** और भ्यूली की ओर से भी सड़कों पर मलबा गिरने से शहर के लिए आवागमन बंद हो गया है। पुलिस प्रशासन रास्ते खुलवाने और राहत व बचाव कार्यों में जुट गया है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व मंत्री एवं विधायक अनिल शर्मा, उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन, नगर निगम के महापौर विरेंद्र भट्ट, स्थानीय पार्षद राजा, सुमन ठाकुर, कमिशनर रोहित राठौर, एडीएम डॉ. मदन कुमार, पूर्व मंत्री ठाकुर कौल सिंह, प्रकाश चौधरी, चंपा ठाकुर आदि भी मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्यों का जायजा लिया। इस बारिश से अभी और कितना नुकसान हुआ है इसका आकलन किया जा रहा है।

# मंडी-मनाली एनएच पर भूस्खलन, रातभर भूखे-प्यासे फंसे रहे चालक व यात्री

## पंडोह पुलिस और केएमसी की मुस्तैदी से मार्ग आंशिक रूप से बहाल, जोगणी मोड़ पर फिर से बंद हुआ मार्ग

**बालक राम, अनंत ज्ञान**

**पंडोह।** सोमवार रात 2:30 बजे से चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-3) पर भारी बारिश के कारण मंडी के कई हिस्सों में भूस्खलन हुआ, जिससे सड़क मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। चार मील, छह मील, नौ मील और जगर नाला में भूस्खलन और नालों में पानी का तेज बहाव सड़क पर भारी मात्रा में मलबा और पत्थर लाने का कारण बना। पानी का बहाव इतना तेज था कि लग रहा था सड़क आज खुल नहीं पाएगी।

हालांकि, पंडोह पुलिस और केएमसी मशीनरी की मुस्तैदी के चलते मंडी से पडोह तक मार्ग मंगलवार सुबह 11:30 बजे तक आंशिक रूप से सुचारू कर दिया गया। लेकिन जैसे ही वाहनों की आवाजाही शुरू होने वाली थी, जोगणी मोड़ पर पूरी पहाड़ी टूटकर सड़क पर आ गिरी, जिससे मार्ग फिर से बंद हो गया।


भूस्खलन से पंडोह-जोगणी मार्ग बंद।

बारिश थमते ही फोरलेन निर्माण कंपनी की मशीनरी और लोक निर्माण विभाग की जेसीबी ने मलबा हटाने का काम शुरू कर दिया, जो खबर लिखे जाने तक जारी था। अनुमान है कि मार्ग मंगलवार शाम 5:00 बजे तक पूरी तरह से बहाल कर दिया जाएगा। इस आपदा से हजारों वाहन फंस गए, जिनमें बसें, ट्रक, पर्यटक वाहन और निजी गाड़ियां शामिल थीं। नो मील से कुटर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। ड्राइवर और पर्यटकों को रात भर अपने वाहनों में भूखे-प्यासे रहना पड़ा। ऊपर से गिरते पत्थरों और बहते पानी ने खतरे को और बढ़ा दिया।

पुलिस चौकी प्रभारी पंडोह, अनिल कटोच ने जानकारी दी कि मार्ग को आंशिक रूप से खोल दिया गया था, लेकिन जोगणी मोड़ पर पुनः भूस्खलन से अवरोध हुआ। सभी वाहनों को नो मील और बिंद्राबणी के पास सुरक्षित स्थानों पर रोक दिया गया है।

स्थानीय लोग और यात्री अब सड़क के शीघ्र खुलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन चिंता यह भी है कि भविष्य में केवल लोक निर्माण विभाग के भरोसे यह मार्ग कितनी जल्दी बहाल हो पाएगा।

# सियोग में भारी बारिश से खतरे में मकान, दरारें देख सहमा परिवार

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

मंडी जिले की सियोग पंचायत में लगातार हो रही भारी बारिश ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। सोमवार रात्रि को हुई बारिश के चलते करण ग्रोवर का छह कमरों का मकान खतरे की चपेट में आ गया। मकान की दीवारों, फर्श और सुरक्षा दीवार में आईं दरारें इतनी बड़ी और गंभीर हैं कि परिवार भयभीत है। करण ग्रोवर ने बताया कि मकान कभी भी धराशायी हो सकता है।



**2023 में भी आई थीं दरारें प्रभावित परिवार ने की सहायता अपील**

**सोझा गांव की सड़क धंसी आवाजाही ठप, ग्रामीणों ने प्रशासन से मांगी मदद**

इतना ही नहीं, मकान से सटी सोझा गांव की सड़क भी धंस गई है, जिससे स्थानीय लोगों की आवाजाही बंद हो गई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में भी मकान को नुकसान हुआ था, जिसे उन्होंने खुद ठीक करवाया था, लेकिन इस बार की बारिश और अधिक विनाशकारी साबित हुई है।

घटना की सूचना पर पटवारी ने निरीक्षण किया है, और सियोग पंचायत की प्रधान वीना महंत ने उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेज कर मदद की मांग की है। करण ग्रोवर ने प्रशासन से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द सहायता प्रदान की जाए, ताकि समय रहते परिवार को सुरक्षित किया जा सके और मरम्मत कार्य शुरू हो सके।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. मुनीष ने छात्रों को दिया मेहनत का मंत्र

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय महाविद्यालय लड़भड़ोल में सत्र 2025-26 के लिए बीए व बीकॉम प्रथम वर्ष के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए मंगलवार को एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. मुनीष ठाकुर ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, आत्मविश्वास और निरंतरता को जीवन में सफलता की कुंजी बताया। प्रो. तिलक शर्मा ने विद्यार्थियों को क्रेडिट आधारित शिक्षा प्रणाली से अवगत करवाया, जबकि प्रो. पंकज कुमार ने छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी दी। प्रो. संजीव कुमार ने आगामी गतिविधियों की रूपरेखा साझा की। डॉ. ठाकुर ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और जीवन कौशल का भी माध्यम है। कार्यक्रम में नवागंतुक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम संयोजक प्रो. तिलक शर्मा ने सभी का आभार जताया।

### पं. बिशनदत्त को भक्तों ने भक्ति भाव से दी विदाई

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट के शिव मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव का भावपूर्ण समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन पं. बिशनदत्त शास्त्री ने रामायण का अंतिम प्रसंग प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पंडित बिशनदत्त शास्त्री की भव्य विदाई के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ उन्हें विदा किया। शिव मंदिर के महंत लक्ष्मी नारायण गीरी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया।

# मंडी शहर में तीन दिन पेयजल संकट की आशंका, नागरिकों से संयम की अपील

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अधिशाषी अभियंता जल शक्ति मंडल मंडी प्रवीण गुप्ता ने जानकारी दी है कि शहर में भारी वर्षा के कारण आगामी तीन दिनों तक पेयजल संकट बना रह सकता है। उहल नदी में जलभराव प्रणाली (इंटेक सिस्टम) में अत्यधिक गाद जमा हो जाने से जल आपूर्ति पूर्णतः बाधित हो गई है। इसके अतिरिक्त, मध्यानी नाला के समीप मुख्य पेयजल पाइपलाइन को भी गंभीर क्षति पहुंची है। लगातार वर्षा और दुर्गम स्थल के कारण मरम्मत कार्य में विलंब हो रहा है। विभाग द्वारा युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य आरंभ कर दिया गया है, परन्तु बहाली में लगभग तीन दिन लगने की संभावना है। उन्होंने बताया कि पड्डल पंप हाउस की मोटरें भी अत्यधिक गंदे पानी (टबिंड) के कारण फिलहाल कार्य नहीं कर पा रही हैं। वहीं, बिजनी, टारना, जेल रोड, सौली खड्ड, रामनगर, पुरानी मंडी, भिउली, खलियार, सन्यारड़ी, नेला, सौलीखड्ड सहित विभिन्न क्षेत्रों में पाइपलाइन टूटने की घटनाएं जल आपूर्ति व्यवस्था को और प्रभावित कर रही हैं।



जल शक्ति विभाग ने मंडी नगर क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे जल का उपयोग अत्यंत संयम एवं सतर्कता से करें तथा जल की बर्बादी से बचें। किसी भी समस्या या जानकारी हेतु विभाग के हेल्पलाइन नंबर 01905-222855 पर संपर्क किया जा सकता है। अधिकारियों के व्यक्तिगत मोबाइल नंबर केवल आपात स्थिति में ही उपयोग किए जाएं। अधिशाषी अभियंता प्रवीण गुप्ता ने नागरिकों को हो रही असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया है कि जैसे ही मौसम अनुकूल होगा, जल आपूर्ति व्यवस्था को शीघ्र बहाल कर दिया जाएगा

## आईआईटी जोधपुर में एमबीए करेगा आदित्य कुमार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत हरि वैहना के होनहार युवक आदित्य कुमार ने बिना कोचिंग कैट परीक्षा उत्तीर्ण कर आईआईटी जोधपुर में एमबीए में प्रवेश पाया है। आदित्य की यह सफलता न केवल उसके परिवार, बल्कि समूचे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है। आदित्य ने नवंबर 2024 में बिना किसी कोचिंग के कैट परीक्षा दी थी, जिसका परिणाम जून 2025 में आया। परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए आदित्य का चयन आईआईटी जोधपुर में एमबीए कोर्स के लिए हुआ। आदित्य न केवल पढ़ाई में अव्वल रहा, बल्कि खेलकूद व सामाजिक गतिविधियों में भी उसकी विशेष रुचि रही है।



# बस हादसे को लेकर यूट्यूबर हरीश वर्मा 27 अगस्त से भूख हड़ताल पर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**सरकाघाट** के मसेरन में हुए दर्दनाक बस हादसे को लेकर स्थानीय यूट्यूबर हरीश वर्मा ने प्रशासन और सरकार के प्रति गंभीर नाराजगी जताई है। उन्होंने 27 और 28 अगस्त को दो दिवसीय भूख हड़ताल का ऐलान किया है। उनका आरोप है कि जहां हादसा हुआ, वह एक ब्लैक स्पॉट था और पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही से हादसा हुआ।


यूट्यूबर हरीश वर्मा।

हरीश वर्मा ने यह भी प्रश्न उठाया कि जेएनयूआरएम योजना की बसें, जिन्हें महानगरों के लिए बनाया गया था, उन्हें संकीर्ण और पहाड़ी इलाकों में क्यों चलाया जा रहा है। उनकी प्रमुख मांगें हैं कि मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपए, घायलों को 1 रुपए लाख की सहायता राशि, बसों का संचालन पहाड़ी क्षेत्रों में बंद हो, सरकाघाट अस्पताल में डॉक्टरों की पूरी तैनाती और सभी डंगों की तकनीकी जांच कर उन्हें दुरुस्त किया जाए।

**ब्लैक स्पॉट, बस चयन व लापरवाही पर उठाए सवाल मुआवजे की उठाई मांग**

हरीश वर्मा ने चेतावनी दी है कि अगर मांगें पूरी नहीं हुईं, तो दो दिन की प्रतीकात्मक भूख हड़ताल के बाद वे अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

# पेंशन लाभ रोकने के आदेश पर शिक्षकों में रोष

## शिक्षा विभाग के आदेश सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के विरुद्ध: लेखराज

**भगत सिंह गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** एनपीएसईए के जिलाध्यक्ष लेखराज ने शिक्षा विभाग द्वारा जारी उस आदेश पर कड़ी आपत्ति जताई है, जिसमें कहा गया है कि अनुबंध सेवाओं को पेंशनरी लाभों में शामिल नहीं किया जाएगा। उन्होंने इसे न केवल उच्चतम न्यायालय के फैसले, बल्कि प्रदेश सरकार की भावना के भी खिलाफ बताया है।



लेखराज ने बताया कि प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) का ऐतिहासिक तोहफा दिया, लेकिन कुछ कर्मचारी अभी भी इससे वंचित हैं। विभाग 'सरकारी कर्मचारी भर्ती और सेवा शर्तें अधिनियम, 2024' का हवाला दे रहा है, जबकि यह अधिनियम केवल सर्विस बेनिफिट्स जैसे सीनियरिटी, इंक्रीमेंट और प्रमोशन तक सीमित है। पेंशनरी लाभों पर इसमें कोई स्पष्टता नहीं है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार बनाम शीला देवी मामले में 7 अगस्त 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने अनुबंध सेवाकाल को पेंशन के लिए मान्य ठहराया था, और यह आदेश 10 जून, 2024 को लागू भी कर दिया गया। इसके बावजूद शिक्षा विभाग ने विपरीत दिशा में आदेश जारी कर हजारों लाभार्थियों को असमंजस में डाल दिया है।

**एनपीएसईए प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू से करेगा मुलाकात**

लेखराज ने कहा कि अब तक कुछ सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सवा दो साल से पेंशन मिल रही है, जबकि अन्य के एनपीएस शेयर सरकार के पास अटके हैं। उन्होंने मांग की कि ऐसे कर्मचारी जो समय पर ओपीएस का विकल्प नहीं दे पाए, उन्हें दोबारा मौका दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिलकर समाधान की मांग करेगा।

**उद्घाटन** विधायक चंद्रशेखर ने की स्वास्थ्य सेवाओं और लाइब्रेरी की नई घोषणाएं, संधोल को मिला वॉलीबाल छात्रावास

# धर्मेंद्र प्रधान ने किया संधोल पीएम श्री स्कूल का वर्चुअल लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**धर्मपुर** उपमंडल की संधोल तहसील के घनाला स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय संधोल के नवनिर्मित भवन का वर्चुअल उद्घाटन आज केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह आधुनिक भवन न केवल संधोल क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा सुविधाएं देगा, बल्कि नई शिक्षा नीति को ग्रामीण भारत में साकार करने में भी सहायक सिद्ध होगा।

इस समारोह में स्थानीय विधायक चंद्रशेखर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर केवीएस गुरुग्राम संभाग के उपायुक्त वरुण मित्र ने उन्हें शॉल और टोपी भेंट कर सम्मानित किया। स्थानीय विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में स्वागत गीत, हिंदी और पंजाबी लोकगीतों पर रंगारंग प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया।



संधोल के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय का वर्चुअल लोकार्पण करने के दौरान गणमान्य।

विधायक चंद्रशेखर ने मौके पर कई विकासात्मक घोषणाएं कीं। उन्होंने बताया कि संधोल अस्पताल में अब हर महीने तीन दिन विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं मिलेंगी। 1, 12 और 21 अगस्त तथा 2, 11 और 22 सितंबर को बाल रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग विशेषज्ञ और लेब तकनीशियन उपलब्ध रहेंगे। साथ ही एसडीएम धर्मपुर को निर्देश दिए गए हैं कि वे हर माह की 5, 15 और 25 तारीख को संधोल में जनसमस्याएं सुनें।

उन्होंने यह भी घोषणा की कि हिमाचल प्रदेश के छह वॉलीबाल छात्रावासों में से एक अब संधोल में खोला गया है, जिससे खिलाड़ियों को उच्च प्रशिक्षण मिलेगा। इसके साथ ही, 15 से 20 दिनों में संधोल में तहसील स्तरीय लाइब्रेरी भी स्थापित की जाएगी।

कार्यक्रम के अंत में विधायक चंद्रशेखर ने विद्यालय भवन और परिसर का निरीक्षण किया और आम का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर एसडीएम धर्मपुर जोगिंदर पटियाल, तहसीलदार विपिन ठाकुर, प्रधानाचार्य धीरज कौशल और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### रोगियों को परोसी दाल में निकला कीड़ा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में मरीजों को दिए जा रहे आहार की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। सोमवार रात्रि मरीजों को परोसी गई दाल में कीड़ा पाए जाने से अस्पताल प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। इस घटना से न केवल अस्पताल की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं, बल्कि मरीजों व उनके परिजनों में भी गहरा रोष व्याप्त है। मामले को लेकर एक मरीज ने स्वास्थ्य विभाग को शिकायत दर्ज करवाई है। मरीज द्वारा रिकॉर्ड किया गया वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। इसके बाद अस्पताल प्रशासन हरकत में आ गया है। अस्पताल प्रशासन की ओर से बताया गया कि मरीजों को दिया जाने वाला खाना एक निजी ठेकेदार के माध्यम से तैयार कराया जाता है। क्षेत्रीय अस्पताल ऊना के मेडिकल एमएस डॉ. संजय मनकोटिया ने बताया कि हमें शिकायत प्राप्त हुई है कि खाने में कीड़ा निकला है। वीडियो और शिकायत की जांच की जा रही है। खाना तैयार करने वाले ठेकेदार से पूछताछ की जा रही है और यदि उसकी लापरवाही पाई गई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### हिमोत्कर्ष संस्थान में छाया 'तीज' उत्सव का रंग



**अनंत ज्ञान, ऊना।** संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान ऊना में तीज पर्व के उपलक्ष्य पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी सुलोचना ठाकुर मुख्य अतिथि व इन्नरव्हील क्लब ऊना की महासचिव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुई। हिमोत्कर्ष महिला मंच के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में प्रशिक्षण संस्थान की छात्राओं ने व्यंजन, रंगोली व मेहंदी स्पर्धाओं में भाग लिया। व्यंजन प्रतियोगिता में संस्थान की छात्राओं ने खीर, मालपूड़े, पतेहड़, दही-भल्ला तैयार किए। वहीं, छात्राओं ने आकर्षक रंगोली भी सजाई। हिमोत्कर्ष महिला मंच की वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूपा ठाकुर ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार भी हिमोत्कर्ष प्रशिक्षण संस्थान में तीज पर्व के उपलक्ष्य में छात्राओं के लिए विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में अव्वल रहने वाली छात्राओं को बुधवार को आयोजित होने वाले सांस्कृतिक समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर हिमोत्कर्ष महिला मंच सचिव पूजा कपिला, उपाध्यक्ष सुमन पुरी, प्रेस सचिव रमा कंवर, सदस्य अनीति सूद, मंजू मनकोटिया, रंजना जसवाल, मनीषि ठाकुर, रंजू, संस्थान प्रशिक्षिका मीना ठाकुर, निशा, कमला व 40 से अधिक छात्राएं उपस्थित रहीं।

### चौकीमन्यार कॉलेज में एनएसएस में छात्रों का पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, जोल।** राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में शैक्षणिक सत्र के लिए 2025-26 राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई में छात्रों का सफलतापूर्वक पंजीकरण संपन्न हुआ है। छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ एनएसएस स्वयंसेवक बनने के लिए पंजीकरण करवाया। यह प्रक्रिया एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर राम सिंह एवं महाविद्यालय के मार्गदर्शन से सुव्यवस्थित तरीके से संपूर्ण की गई। एनएसएस के माध्यम से छात्र अब सामुदायिक सेवा, सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष शिविरों जन जागरूकता रैलियों, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविरों, वृक्षारोपण आदि का आयोजन किया जाएगा। महाविद्यालय की एनएसएस इकाई का उद्देश्य युवा में सामाजिक उत्तरदायित्व अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करता है। महाविद्यालय परिवार ने सभी नव पंजीकृत स्वयंसेवियों को आगामी एनएसएस की गतिविधियों में सक्रिय एवं सार्थक भागीदारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### कांगड़ विद्यालय का उत्कृष्ट प्रदर्शन, रहा प्रथम

**अनंत ज्ञान, हरोली।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट विद्यालय कांगड़ अपने जिला के अन्य 15 पीएम श्री विद्यालयों में पूरे वर्ष की क्रियाकलापों के आधार पर जिले में प्रथम स्थान पर आया है। इसकी जानकारी देते हुए स्कूल प्रधानाचार्य स्नेह लता शर्मा ने बताया कि की आज नई शिक्षा नीति 2020 के पांच वर्ष पूरे होने पर नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने देशभर के कुल 644 सर्वश्रेष्ठ पीएम श्री विद्यालयों को राष्ट्र के नाम समर्पित किया। जिला ऊना से राजकीय उत्कृष्ट विद्यालय कांगड़ को उसकी शैक्षणिक योग्यता लैब गतिविधियों सांस्कृतिक गतिविधियों इको क्लब द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो स्कूल की सजावट हरियाली कार्यक्रमों जैसे पौधरोपण, साफ-सफाई के लिए सर्वश्रेष्ठ पी एम श्री विद्यालय चुना गया। गांव के पूर्व प्रधान विनोद कुमार, गांव की प्रधान नीलम देवी,उपप्रधान गणेश कौशल,एस एम सी प्रधान कपिल देव,एस एम सी पूर्व प्रधान पूनम सैनी और सभी सदस्यों ने स्कूल प्रधानाचार्य और सभी स्टाफ सदस्यो को स्कूल में पहुंच कर बधाई दी।इस अवसर पर स्कूल स्टाफ में जोगिन्दर कौशल, सर्वजीत सिंह,रवीश कुमार,संदीप कुमार,अरुण शर्मा,रवि राणा,अरविंद कुमार,मदन लाल, विजय कुमार, सरिता रानी,बिंदिया शर्मा,पूनम शर्मा,गुरप्रीत कौर,रीटा कौशल,मीना राणा,कुसुम कुमारी ,नीलम रानी,लेख राज संतोष कुमारी उपस्थित रहे।

### बुधान स्कूल में धूमधाम से मनाया बैग फ्री दिवस



**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान, लठियाणी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधान में बैग फ्री दिवस को बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अनेक रंगारंग व सांस्कृतिक गतिविधियों में एकल गान, समूह गान, एकल नृत्य, समूह नृत्य, चित्रकला प्रतियोगिता के साथ-साथ मनोरंजन और चुस्ती-फुर्ती को बढ़ावा देने वाले फन गेम्स जैसे सोने की थाली चांदी के गिलास, स्पून रेस, और म्यूजिकल चेयर रेस में विद्यार्थियों ने भरपूर आनंद और आत्मविश्वास से भर दिया। स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल ठाकुर ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, समर्पण और सहयोग की भावना विकसित होती है।

## बरनोह में मुर्रा फॉर्म का शुभारंभ, पर्यावरण संरक्षण को मिला नया आयाम

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा बल

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के बरनोह गांव स्थित मुर्रा फॉर्म में एक नई शुरुआत हुई, जब क्षेत्रीय विधायक विवेक शर्मा ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरे चारे की व्यवस्था की दिशा में कदम बढ़ाया। इस अवसर पर वन विभाग और पशुपालन विभाग के अधिकारी, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण भी मौजूद रहे। विधायक विवेक शर्मा ने इस पहल को क्षेत्र की आर्थिक और पारिस्थितिक उन्नति के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि बरनोह में स्थापित मुर्रा फॉर्म सिर्फ कुटलैहड़ ही नहीं, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश और उत्तरी भारत के लिए पशुपालन के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

मुर्रा फॉर्म बरनोह के सहायक निदेशक राकेश भट्टी ने बताया कि फॉर्म का ढांचा पूरी तरह तैयार है और स्टाफ की नियुक्ति भी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि मुर्रा नस्ल की फीमेल भैंसों से तैयार किया गया सीमन पशुपालकों के लिए उच्च आय का स्रोत बनेगा। यह फॉर्म न केवल पशुपालन को बढ़ावा देगा, बल्कि क्षेत्र की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा।



विधायक विवेक पौधरोपण करने के बाद समर्थकों और वन विभाग की टीम के साथ।

**मुर्रा नस्ल की भैंसों से होगा उच्च गुणवत्ता वाला सीमन उत्पादन :** विधायक ने जानकारी दी कि इस फॉर्म को 50 मुर्रा नस्ल की फीमेल भैंसों की क्षमता के अनुसार तैयार किया गया है, जिसमें आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। आने वाले समय में इस फॉर्म से उच्च गुणवत्ता वाला सीमन तैयार कर प्रदेश के अन्य पशुपालन केंद्रों को वितरित किया जाएगा। इससे पशुपालकों को बेहतर नस्ल की भैंसें उपलब्ध होंगी, जिससे दुग्ध उत्पादन में वृद्धि और आमदनी में इजाफा होगा। उन्होंने बताया कि भैंसों की खरीद के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित की गई है, जो उच्च गुणवत्ता की भैंसों का चयन सुनिश्चित कर रही है। यह प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी और फॉर्म शीघ्र कार्यरत हो जाएगा।

**वन विभाग के सहयोग से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन :** हरे चारे की स्थिर आपूर्ति और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए फॉर्म परिसर में वन विभाग के सहयोग से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि यह कदम न केवल मवेशियों के लिए चारे की आपूर्ति को सुनिश्चित करेगा, बल्कि पर्यावरण को स्वच्छ और हरित बनाए रखने में भी मददगार होगा।

**हर पंचायत में चलाया जा रहा है पौधरोपण अभियान :** जिला ऊना के डीएफओ सुशील राणा ने बताया कि यह कार्यक्रम वन महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि विधायक विवेक शर्मा के नेतृत्व में इस वर्ष कुटलैहड़ क्षेत्र की हर पंचायत में पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा लगाने और उसका संरक्षण करने के लिए प्रेरित करना है। सुशील राणा ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि लगाए गए पौधे सौ प्रतिशत सफलता दर से बढ़ें और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, हरा-भरा वातावरण और स्वस्थ जीवनशैली का लाभ मिल सके।

**कुटलैहड़ बनेगा हरित और समृद्ध क्षेत्र :** विधायक विवेक शर्मा ने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में बरनोह का मुर्रा फॉर्म पशुपालन के क्षेत्र में उत्तर भारत का अग्रणी केंद्र बनेगा। उनके नेतृत्व में किए जा रहे पौधरोपण और पशुपालन संबंधी प्रयास कुटलैहड़ को एक हरित, स्वस्थ और समृद्ध क्षेत्र के रूप में स्थापित करेंगे।

## बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी में मालिक के सामने ही उड़ाई मारुति कार

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** उपमंडल अंब के अंतर्गत प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी में मंगलवार सुबह कार चोरी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया। श्रद्धालु के सामने ही चोर ने उसकी मारुति 800 कार स्टार्ट कर मेन रोड की ओर भगा दी। जानकारी के अनुसार, कुलविंदर सिंह पुत्र प्रीतम सिंह निवासी 526 कूड़ा अली शेर, चंडीगढ़, अपने परिवार के साथ अपनी मारुति कार (सीएच 03के1204) में बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी माथा टेकने आए थे।

कुलविंदर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सुबह करीब 6.45 बजे जब वे परिवार सहित माथा टेककर लौट रहे थे, तभी किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी कार को उन्हीं के सामने स्टार्ट किया और तेजी से मेन रोड की ओर ले गया। कुलविंदर सिंह ने पहले तो इसे किसी शरारत का हिस्सा समझा, लेकिन जब कार लगातार दूर जाती रही और आंखों से ओझल हो गई, तो उन्हें अहसास हुआ कि यह चोरी की वारदात है। उन्होंने कुछ दूरी तक कार का पीछा भी किया, लेकिन चोर फरार हो गया।

शिकायतकर्ता ने बताया कि कार में दो मोबाइल फोन भी थे, जिनके नंबर 97808-33586 और 75083-63054 हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आई और पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। डीएसपी अंब वासुदा सूद ने मामले की पुष्टि की है और कहा कि जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

### अंब कॉलेज की कैंटीन का उदघाटन आज

**अनंत ज्ञान, अंब।** महाराणा प्रताप राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में 30 जुलाइको 11 बजे महाविद्यालय में निर्मित होने वाले जलपान गृह (कैंटीन) का शिलान्यास चिंतपूर्णी विधानसभा के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू करेंगे। इस जलपान गृह का निर्माण लगभग 40 लाख की लागत से किया जाएगा। इसके निर्माण होने से महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्वच्छ वातावरण में जलपान की सुविधा मिलेगी। विधायक महाविद्यालय में लगभग 10 लाख की लागत से नवनिर्मित भाषा प्रयोगशाला (लैंग्वेज लैब) का उद्घाटन भी करेंगे।

## दो हादसों में एक की मौत, दो घायल

**अनंत ज्ञान, हरोली।** ईसपुर पंचायत में मंगलवार को दो हादसे पेश आए। पहले हादसे में निजी स्कूल की एक बस मिट्टी में धंसने से खेतों में जाकर पलट गई। बस में 22 बच्चे सवार थे। दो बच्चों को बस पलटने से चोटें पहुंची हैं, वहीं दूसरे हादसे में एक व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई। बस करीब 8 बजे गाड़ी को पास देते समय मिट्टी धंसने से पलट गई। हादसे में दो बच्चे घायल हो गए। लोगों द्वारा सभी बच्चों को सकुशल निकाला गया तथा घायल बच्चों का निजी अस्पताल में उपचार करवाया गया।

दूसरे हादसे में ईसपुर निवासी राज मिस्त्री का कार्य करता था। लेंटल डालते समय करंट की चपेट में आ गया, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान अमर चंद पुत्र गलाबू के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी अनुसार मंगलवार को अमर चंद मकान का लेंटल डाल रहा था, उस समय बारिश भी हो रही थी। लेंटल के ऊपर से बिजली की तारें गुजरती थीं। लेंटल समतल करने वाली चपटी तारों के संपर्क में आ गई, जिससे अमर चंद को करंट का जोरदार झटका लगा। स्थानीय लोगों द्वारा उसे क्षेत्रीय अस्पताल ऊना पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पड़ोगा चौकी प्रभारी गुरध्यान शर्मा ने कहा कि व्यक्ति को करंट लगने से मौत हुई है। मामला दर्ज कर लिया है तथा शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## बीपीएल परिवारों की बेटियों के लिए आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, ऊना**

- माता-पिता को भी मिल रहा बीमा कवर का लाभ
- इंदिरा गांधी सुख सुरक्षा योजना से मिल रहा फायदा

हिमाचल सरकार की इंदिरा गांधी सुख सुरक्षा योजना बीपीएल परिवारों की बेटियों के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच बन कर आई है। प्रदेश सरकार ने इस योजना को बीपीएल परिवारों में जन्म लेने वाली बेटियों के लिए शुरू किया है। योजना के अंतर्गत बेटी के जन्म पर 25 हजार रुपए की राशि बीमा कंपनी में जमा की जाएगी। यह लाभ 2 बालिकाओं तक मिलेगा। वहीं, बेटी के माता-पिता को भी प्रति अभिभावक 2 लाख रुपए का जीवन बीमा कवर दिया जाएगा।

अपने नाम पर जमा राशि को बेटियां 18 वर्ष से 27 वर्ष की आयु के मध्य अपनी इच्छा अनुसार निकाल सकेंगी और उसका उपयोग उच्च शिक्षा, स्वरोजगार या अपने भविष्य की किसी भी योजना में कर सकेंगी। इस योजना से बेटियों का भविष्य सुरक्षित होने के साथ ही यह बेटी है अनमोल योजना को भी और अधिक सशक्त बनाएगी।

**मुख्यमंत्री के विजन का सुफल है ये योजना :** यह योजना मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की जन हितैषी सोच और दूरदर्शी विजन का प्रतिफल है। वह हमेशा कहते हैं कि हिमाचल सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी बेटी संसाधनों के अभाव में पीछे न रह जाए।

इंदिरा गांधी सुख सुरक्षा योजना सिर्फ वित्तीय मदद नहीं, बल्कि बेटियों को बचपन से आत्मविश्वास और सम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर देने की पहल है। हम चाहते हैं कि हमारी बेटियां सुरक्षित माहौल में पढ़ें, आगे बढ़ें और अपने सपनों को साकार करें, साथ ही, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री इस बात को जोर देकर दोहराते हैं कि सरकार बेटियों के जन्म से लेकर उनके आत्मनिर्भर बनने तक हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। यह योजना शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सशक्तिकरण का मजबूत आधार बनेगी और आने वाले वर्षों में बेटियों की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाएगी।

### यह है योजना का उद्देश्य

**हिमाचल** सरकार का मानना है कि बेटियां केवल परिवार ही नहीं, बल्कि समाज की नींव होती हैं। उनके सुरक्षित, स्वस्थ और सशक्त जीवन के बिना प्रगतिशील समाज की कल्पना अधूरी है। इसी सोच के साथ इंदिरा गांधी सुख सुरक्षा योजना शुरू की गई है, जो बेटी है अनमोल योजना को और अधिक सशक्त बनाते हुए बेटियों को जन्म से लेकर आत्मनिर्भर बनने तक आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा का भरोसा देती है।

### जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता

**उपायुक्त** जतिन लाल का कहना है कि ऊना जिले में हर पात्र परिवार तक इस योजना का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता है। हम सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी पात्र बालिका इस सुरक्षा कवच से वंचित न रहे। यह योजना गरीब परिवारों की बेटियों को बचपन से युवावस्था तक सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता का नया अवसर देने को समर्पित है।

## झलेड़ा-घालुवाल पुल के निर्माण के लिए 36.93 करोड़ स्वीकृत

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी को सूचित किया है कि मंत्रालय ने ऊना जिले की हरोली विधानसभा क्षेत्र में स्वां नदी पर झलेड़ा-घालुवाल दो लेन पुल के निर्माण के लिए 36.93 करोड़ रुपऐ स्वीकृत किए हैं। यह स्वीकृति मार्च 2025 में दी गई है।



**चार लेन के राष्ट्रीय राजमार्ग की योजना :** नितिन गडकरी ने बताया कि पंजाब सीमा से झलेड़ा के बीच चार लेन के राष्ट्रीय राजमार्ग को निर्मित करने की योजना को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में शामिल किया गया है। इसका निर्माण फिजिबिलिटी रिपोर्ट और पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान से तालमेल और कनेक्टिविटी के आधार पर लिया जाएगा।

**पुल के निर्माण से क्षेत्र को मिलेगा लाभ :** इस पुल के निर्माण से हरोली विधानसभा क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। पुल के निर्माण से क्षेत्र की जनता को काफी लाभ होगा और यातायात व्यवस्था भी सुधरेगी।

## ऊना अस्पताल की लैब में घुसा सांप, रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** क्षेत्रीय अस्पताल परिसर में स्थित लैब में मंगलवार को एक सांप घुस आया। कर्मचारियों की नजर जैसे ही उस सांप पर पड़ी, वे डर के मारे काम छोड़कर बाहर की ओर आ गए। गनीमत यह रही कि सांप ने किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल प्रबंधन ने तुरंत स्नेक कैचर को बुलाया। कुछ ही देर में स्नेक कैचर मौके पर पहुंचा और सावधानीपूर्वक सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया।

बताया जा रहा है कि लैब में सांप एक टेबल के पीछे छिपा हुआ था। कर्मचारियों द्वारा देखे जाने के बाद इसकी जानकारी अस्पताल प्रशासन को दी गई थी। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय मनकोटिया ने बताया कि जैसे ही सांप के प्रवेश की जानकारी मिली, तत्काल कार्रवाई करते हुए स्नेक कैचर को बुलाया गया, जिसने स्थिति को नियंत्रण में लिया। घटना के बाद कर्मचारियों ने फिर से रूटीन का काम शुरू किया।

## ध्योमेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं के स्वर्ण आभूषण पर हाथ साफ

**अनंत ज्ञान, ऊना**

सदाशिव ध्योमेश्वर महादेव मंदिर तलमेहड़ा में चोरी की वारदात सामने आई है। मंदिर में दर्शन करने आई दो महिलाओं की सोने की चैनें और लॉकेट भीड़-भाड़ में चोरी हो गए। चोरी गई चैनों की कीमत 2.5 लाख और लॉकेट की कीमत एक लाख बताई जा रही है।

पीड़ित महिलाओं ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध महिला को पकड़ लिया, जिसे पुलिस के हवाले कर दिया गया है। आरोपी महिला की पहचान सुरजीत कौर निवासी जिला रोपड़, पंजाब के रूप में हुई है, जिसके विरूद्ध बंगाणा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार निर्मला देवी पत्नी निवासी बड़सर, हमीरपुर तथा उनकी देवरानी सुनीता देवी सदाशिव मंदिर तलमेहड़ा में सोमवार दोपहर बाद माथा टेकने आई थीं। जब दोनों महिलाएं मंदिर परिसर में लगे आइसक्रीम के लंगर के पास खड़ी थीं। इस दौरान भीड़ का फायदा उठाकर शातिर महिला ने गले से सोने की चैनें और लॉकेट चोरी कर लिए गए। सुनीता देवी ने जब पीछे मुड़कर देखा तो पाया कि एक महिला उनके गले में हाथ डालने की कोशिश कर रही थी। शोर मचाने पर अन्य ग्रामीणों के सहयोग से कुछ दूरी पर भाग रही महिला को पकड़ लिया गया।

पूछताछ में पकड़ी गई महिला ने अपना नाम सुरजीत कौर निवासी पंजाब बताया। हालांकि आरोपित महिला ने चोरी से इनकार किया और सोने की चैन और लॉकेट के बारे में कुछ भी जानकारी देने से मना कर दिया। पीड़ित महिलाओं ने उक्त महिला को पुलिस के हवाले कर दिया। एएसपी ऊना सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस ने निर्मला देवी की शिकायत पर आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपित महिला से पूछताछ कर रही है, ताकि चोरी गई वस्तुओं को बरामद किया जा सके।

## गग्गी हत्याकांड में हत्यारे अभी तक पहुंच से दूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

- कार्रवाई न होने पर स्वजनों ने जताया रोष, किया प्रदर्शन

ऊना जिले में 27 जुलाई को बाल कटवाने गए एक युवक की अज्ञात बाइक सवारों द्वारा गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्यारे चार गोलियां राकेश गग्गी पर दागकर और तीन हवाई फायर करके मौके से फरार हो जाते हैं। मृतक की पहचान राकेश कुमार उर्फ गग्गी के रूप में हुई थी। पुलिस द्वारा इस मामले में तत्काल टीमों को गठन कर उचित दिशा निर्देश दिए गए थे और जिले में नाकाबंदी कर आरोपियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया गया था।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

इस मामले में कुछ टीमों का गठन करके पंजाब और हरियाणा भेजा गया है। उधर, डीआईजी पुलिस भी इस मामले की जांच की प्रगति देखने ऊना पहुंचे हुए हैं। उधर इस मामले में एक दिन बीत जाने तक कोई ठोस कार्रवाई न होते देख मृतक के पिता अजमेर सिंह और अन्य लोगों द्वारा आरोपियों को पकड़ने के लिए एसपी ऑफिस के प्रांगण में प्रदर्शन किया। एसपी को ज्ञापन सौंप कर आरोपियों को जल्द पकड़ने की मांग की है परिजनों और अन्य लोगों के मुताबिक राकेश कुमार और गग्गी बाल कटवाने के लिए नई की दुकान पर गया था और अचानक दो बाइक सवार लोगों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग करके उसको मौत के घाट उतार दिया था। गग्गी पर कुछ आपराधिक मामले भी दर्ज हुए थे। यह भी बताया गया है कि गग्गी का कुछ समय पहले कोई झगड़ा भी हुआ था।

यही नहीं कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर हत्या किए जाने की जिम्मेदारी भी ली है और जल्द और लोगों को निशाना बनाए जाने की भी बात कही थी। अजमेर सिंह ने कहा कि उनके बेटे की हत्या की गई है और आरोपी पुलिस की पकड़ से अभी तक बाहर हैं। जिस प्रकार सोशल मीडिया पर जिम्मेदारी ली गई है और लोगों को अंजाम देखने की बात कही गई है, इससे भी वे काफी चिंतित हैं। वहीं, भाजपा युवा नेता विनय शर्मा ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है। लोग सरेआम गोलियां चलाकर हत्याएं कर रहे हैं। किसी में भी पुलिस का कोई खौफ नहीं है। लोग सोशल मीडिया पर आकर जिम्मेदारी ले रहे हैं और पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं। उन्होंने कहा है कि अगर जल्द ही कुछ दिनों के अंदर आरोपियों को नहीं पकड़ा गया तो वह सड़कों पर उतरेंगे और प्रदर्शन करेंगे।

वहीं, एसपी ऊना अमित यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा एक ज्ञापन उन्हें सौंपा गया है। उन्होंने परिजनों को अपनी कार्रवाई को लेकर जानकारी दी है। उन्होंने परिजनों को स्पष्ट किया है कि जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे।

## चिंतपूर्णी में श्रावण अष्टमी मेले में उमड़ रहा जन सैलाब

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

माता चिंतपूर्णी में तीन दिन का चढ़ावा 50 लाख पार कर गया है। अभी तक कुल मिलाकर 2 लाख के करीब श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में हाजिरी भरी है। तीन दिन में श्रद्धालुओं द्वारा 5084225 रुपए का नगद चढ़ावा अर्पित किया गया है, इसके अलावा विदेशी मुद्रा भी चढ़ाई गई है।

सहायक मेला अधिकारी एवं एसडीएम सचिन शर्मा ने बताया कि भीड़ प्रबंधन के लिए फैसले लिए गए हैं, जिसमें मुख्य रूप से ओल्ड बस स्टैंड में पुलिस कर्मियों की तैनाती बढ़ाई जाएगी। इसके अलावा पुलिसकर्मियों को बारिश में भी ड्यूटी करने में सुविधा हो, इसलिए रेनकोट और छाते भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

**पांचवें दिन भी भक्तों की संख्या में कमी :** पांचवें दिन भी तीसरे दिन के मुकाबले भक्तों की संख्या में कमी दर्ज की गई, लेकिन मंदिर प्रशासन द्वारा सातवें और आठवें मेले में आने वाली भीड़ के मद्देनजर कमर कस ली है।

**चेक प्वाइंट में वृद्धि और रूट की बसों पर रोक :** एसडीएम ने बताया कि चेक प्वाइंट में वृद्धि की जाएगी। इसके अलावा मेले में अगले दो दिन भीड़ को देखते हुए रूट की बसों को भरवाई से आगे नहीं आने दिया जाएगा, ताकि पैदल और दंडवत आने वाले श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो।



चिंतपूर्णी माता मंदिर में श्रद्धालुओं की लगी भीड़, जो कतारबद्ध मां के दर्शन कर रहे हैं।

**निर्देश** अगर मेडिकल सर्टिफिकेट चाहिए, तो करवाओ किडनी-फेफड़ों के टेस्ट!

## ड्राइविंग लाइसेंस से पहले अब 'फुल बॉडी टेस्ट' जरूरी

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान**

**गगरेट।** वाहन का लाइसेंस सबके लिए जरूरी है। लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया मुश्किल की जगह आसान होनी चाहिए, लेकिन अब यह टेड़ी खीर हो रही है। लाइसेंस के मेडिकल बनाने के लिए गगरेट में एक चिकित्सक ने इतने टेस्ट लिख दिए कि व्यक्ति को तीन हजार उसका शुल्क चुकाना पड़ गया। अगर कोई मशक्कत करके ड्राइविंग टेस्ट पास करके अंब आरएलए पहुंचता है तो वहां अधिकारी कहता है कि उसके सामने टेस्ट नहीं हुआ, आपको फिर से टेस्ट देना पड़ेगा। आखिर जिले में चल क्या रहा है?

बता दें कि सरकारी अस्पताल के डॉक्टर अक्सर महंगी दवाएं और अनावश्यक टेस्ट के लिए विवादों में रहते हैं, लेकिन इस बार विवाद को डॉक्टर अपने उच्चतम स्तर पर ले गए हैं। गगरेट सिविल अस्पताल में ड्राइविंग लाइसेंस रिन्यू करवाने के लिए मेडिकल बनवाने आए एक व्यक्ति को मेडिकल सर्टिफिकेट लेने के लिए किडनी, लिवर, हृदय, खून, फेफड़े और शुगर सहित कुल छह टेस्ट करवाने की हिदायत दी गई। यह देखकर व्यक्ति हैरान रह गया। उसे उम्मीद थी कि आंखों और ब्लड ग्रुप जैसी सामान्य जांच करवा कर 200 रुपए में मेडिकल बन जाएगा, लेकिन डॉक्टर की थमाई टेस्ट लिस्ट को देख कर ऐसा लगा मानो हेल्थ इंश्योरेंस क्लेम की प्रक्रिया शुरू हो गई हो।

> 'यह मामला मेरे संज्ञान में आया है, डॉक्टर को निर्देश दिए गए हैं कि अनावश्यक टेस्ट न लिखें जाएं।'
> **-पंकज पराशर, बीएमओ गगरेट**
>
> मीडिया के माध्यम से मामला मेरे संज्ञान में आया है, बीएमओ को निर्देश दिए जाएंगे कि अनावश्यक टेस्ट न किए जाएं।
> **- संजीव वर्मा, सीएमओ ऊना**

रोगी कल्याण समिति द्वारा तय 200 रुपए की फीस के बावजूद निजी लैब में इन सभी जांचों का खर्च 3,000 रुपए से अधिक बताया गया। परेशान व्यक्ति ने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस कम, मेडिकल टूर ज्यादा लग रहा है। अभी तो एक्स-रे और ईसीजी से बात शुरू हुई है, कहीं कल को एमआरआई न मांग लें।

इस मामले को लेकर लोगों में नाराजगी है और पारदर्शिता की मांग की जा रही है कि आखिर मेडिकल सर्टिफिकेट के लिए कौन-कौन से टेस्ट जरूरी हैं और कौन से डॉक्टरों की मर्जी से जोड़े जा रहे हैं। हालांकि ये आरोप पहले भी लगते है कि डॉक्टर अपनी मर्जी से जरूरत से ज्यादा टेस्ट करवाते हैं क्योंकि इस विषय मे डॉक्टर की राय ही अंतिम होती है, इसलिए ऐसे विषयों में ज्यादा कुछ बोला नही जा सकता और न ही कोई कार्रवाई होती है, लेकिन अब तो मेडिकल बनाने के मामले में डॉक्टर ने कमाल ही कर डाला।

### ड्राइविंग लाइसेंस मेडिकल में क्या हैं नियम?

**मोटर** व्हीकल एक्ट के तहत ड्राइविंग लाइसेंस के लिए अनिवार्य मेडिकल में निम्न जांच शामिल होती हैं जैसे आंखों की जांच (दृष्टि क्षमता), ब्लड ग्रुप की जानकारी, सामान्य शारीरिक फिटनेस जैसे हाथ-पैर की गति, मानसिक संतुलन और बोलने/सुनने की क्षमता, उम्रदराज या पहले से बीमार व्यक्ति के लिए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त जांच।

#### क्या अनिवार्य नहीं है

**किडनी** फंक्शन टेस्ट, लिवर फंक्शन टेस्ट ईसीजी, एक्स-रे, शुगर आदि टेस्ट आमतौर पर अनिवार्य नहीं हैं और केवल विशेष चिकित्सा परिस्थिति में डॉक्टर की राय से किए जा सकते हैं।

## रुद्रा स्कूल के विद्यार्थियों ने कराटे प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

रुद्रा इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बसाल के विद्यार्थियों ने दौलतपुर में हुई 11वीं ओपन नार्थ इंडिया कराटे चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इस चैंपियनशिप में पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, यूपी, लखनऊ राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

इसमें रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल बसाल ऊना के बच्चों ने भी हिस्सा लिया था और इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करके अपने स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के एमडी बलदेव कृष्ण शर्मा ने बताया कि कराटे में उनके स्कूल के 5 गोल्ड मेडल, 16 सिल्वर मेडल, 14 ब्राउंस मेडल हासिल किए हैं। आज स्कूल में सभी बच्चों को सर्टिफिकेट के साथ सम्मानित किया गया। ये बच्चे अब दिल्ली में 10 अगस्त को होने वाली नेशनल कराटे चैंपियनशिप में भाग लेंगे। कोच प्रेम कुमार ने बताया कि विजेता बच्चे इस चैंपियनशिप में खेलने के लिए 1 साल से मेहनत कर रहे थे। बच्चों ने बताया कि हम इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करके अपने स्कूल का नाम रोशन करेंगे।



रुद्रा स्कूल के छात्र, जिनका कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन रहा।

# मंत्री के वाहन पर हमले के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

स्पीति कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को काजा में विशाल रोष रैली निकाली। यह रैली हाल ही में सराज क्षेत्र में मंत्री जगत सिंह नेगी के वाहन पर काले झंडे और जूते फेंके जाने की घटना के विरोध में आयोजित की गई थी। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दोरजे छेरिंग के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने काजा बाजार में रोष रैली निकाली।

कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने रैली के मुख्य उद्देश्य को राष्ट्रीय ध्वज के अपमान के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन बताया। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों ने काले कपड़े और चप्पलें फेंककर तिरंगे का अपमान किया, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कथित तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री के इशारे पर यह निंदनीय कार्य किया गया है। इसकी वह निंदा करते हैं। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दोरजे छेरिंग शीत सोहन सिंह, राम सिंह, नवांग छेरिंग, समतन फूचोक, यश बौद्ध, केसंग रापचिक, रवि बौद्ध, लोबसांग कपूर सहित समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि इस कृत्य में शामिल लोगों पर देशद्रोह का मुकदमा चलाया जाए।


स्पीति कांग्रेस कमेटी के सदस्य काजा में रोष रैली निकालकर विरोध जताते हुए।

> **स्पीति** भाजपा स्पष्ट करना चाहती है कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के खिलाफ बिना किसी ठोस कारण के करने जा रहे धरना-प्रदर्शन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह न केवल राजनीतिक शिष्टाचार के विरुद्ध है, बल्कि जनता की भावना का भी अपमान है। भाजपा के कार्यकर्ताओं को ईंट का जवाब पत्थर से देना आता है। **डेमदूल गदूक भाजपा अध्यक्ष स्पीति।**

# एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी को एक वर्ष का कारावास व 12,000 जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

विशेष न्यायाधीश-1 कुल्लू, प्रकाश चंद राणा की अदालत ने आरोपी चुन्नी दीपक, पुत्र सोमन, निवासी केरल को एनडीपीएस के तहत दंडनीय अपराध के लिए दोषी ठहराया है और उसे एक वर्ष की अवधि के लिए कठोर कारावास और 12,000 रुपए का जुर्माना भरने की सजा सुनाई है और जुर्माना अदा न करने की स्थिति में न्यायालय ने आदेश दिया है कि दोषी को एक महीने की अवधि के लिए अतिरिक्त साधारण कारावास काटना होगा। आगे न्यायालय ने उसे 12 वर्ष की अवधि के लिए कठोर कारावास और 1,20,000 रुपए का जुर्माना भरने की सजा सुनाई है और जुर्माना अदा न करने की स्थिति में उच्च न्यायालय ने आदेश दिए हैं कि दोषी को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 22(सी) के तहत दंडनीय अपराध के लिए 2 वर्ष की अवधि के लिए अतिरिक्त साधारण कारावास काटना होगा।



यह जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी कुलभूषण गौतम ने कहा कि 26-10-2017 को लगभग 4:25 बजे, जब पुलिस के एचसी रविंदर कुमार के नेतृत्व में पुलिस पार्टी पोस्ट मणिकर्ण जिला कुल्लू, टाहुक के पास शवाल्गा में मौजूद थे और मौके से गुजरने वाले वाहनों की जांच कर रहे थे, तो आरोपी/दोषी को वहां 124 ग्राम चरस, 5.56 ग्राम एमडीएमए और 10.404 ग्राम एलएसडी के साथ गिरफ्तार किया गया, जिसे वह कैरी बैग में ले जा रहा था।

इस संबंध में पीएस कुल्लू में एफआईआर संख्या 247/2017 दर्ज की गई थी। इसके बाद, पुलिस ने जांच की और जांच पूरी होने पर आरोपी के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया गया। मामले की सुनवाई के समापन पर, कोर्ट ऑफ स्पेशल जज -1 कुल्लू ने उपरोक्त आरोपी व्यक्ति को दोषी ठहराया और उपरोक्त सजा और जुर्माना सुनाया है। वर्तमान मामले में आरोप साबित करने के लिए अभियोजन पक्ष ने माननीय कोर्ट के समक्ष 11 गवाहों की जांच की है।

# विधायक साहब! आपने मुझसे कब मांगी तटीकरण की एनओसी : संजू

## कहा- राजनीतिक द्वेष से विकास कार्यों की अनदेखी कर रहे कुल्लू के विधायक

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** भुंतर की जिया पंचायत के प्रधान संजू पंडित ने कहा कि कुल्लू के विधायक बार-बार आरोप लगा रहे हैं कि मैंने एनओसी नहीं दी, लेकिन सच्चाई यह है कि उन्होंने कभी जिया पंचायत में नदी किनारे तटीकरण करने के लिए कभी एनओसी मांगी ही नहीं।



मंगलवार को कुल्लू में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए संजू पंडित ने विधायक सुंदर ठाकुर पर लगाए आरोप लगाते हुए कहा कि विधायक सुंदर सिंह ठाकुर जिया पंचायत में राजनीतिक द्वेष से विकास कार्यों की अनदेखी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2022 में विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने जिया में सुरक्षा दीवार व तटीकरण करने के लिए नाबार्ड से 5 से 7 करोड़ राशि स्वीकृत करवाने का आश्वासन दिया था, जो कि अभी तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हकीकत यह है कि पिछले 3 साल में जिया पंचायत को विधायक निधि से एक भी रुपए का सहयोग तक नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि विकास कार्य करवाना तो दूर उल्टा विधायक ने जिया गांव के लिए पैदल पुल को जोड़ने की बजाए वहां से हटवा दिया, जिससे स्कूली बच्चे और स्थानीय लोग 2 किलोमीटर पैदल चलने को मजबूर हैं।


उन्होंने कहा कि विधायक ने तटीकरण के लिए तो नहीं, लेकिन जिया पंचायत में 37 हेक्टेयर भूमि पर खनन के लिए एनओसी विभाग द्वारा मांगी गई थी, जिस पर जिया पंचायत में ग्रामसभा ने अनुमति नहीं दी थी। उन्होंने आरोप लगाया है कि 2023 की आपदा में जिया में ब्यास नदी में खनन हुआ है और करोड़ों रुपए की कमाई की है। जिया से ड्रेजिंग के नाम पर प्रशासन ने ढाई सौ डंपर मक क्रशर को भेजकर नियमों का उल्लंघन किया है। संजू पंडित ने कहा कि जिया में नदी के तटीकरण के लिए वह स्वयं कई बार प्रशासन से मिले हैं और नदी किनारे उनके खुद के घर को भी खतरा बना हुआ है, लेकिन विधायक झूठे आरोप लगा रहे हैं कि मैंने तटीकरण के लिए एनओसी नहीं दी है। उन्होंने कहा कि विधायक एवं लाडा के चेयरमैन होने के नाते उन्हें कुल्लू के हर क्षेत्र का एक समान विकास करना चाहिए न कि द्वेष की भावना से कार्य करके भेदभाव।

# भुंतर पुलिस ने 13 ग्राम चिट्टे के साथ दो आरोपी किए काबू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिला पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। इसी कड़ी में भुंतर पुलिस ने 13 ग्राम चिट्टे के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। भुंतर थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कलैहली इलाके में दबिश दी और इस दौरान दो लोगों को चिट्टा (हेरोइन) रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई लोअर कलैहली, डाकघर बजौरा निवासी देवी सिंह (48) के आवास पर की गई।

तलाशी के दौरान देवी सिंह और उसके साथ मौजूद खेम राज (35) निवासी बंजार, डाकघर बजौरा के कब्जे से करीब 13 ग्राम चिट्टा और 28,500 रुपए की नकदी बरामद की गई। प्राथमिक जांच में यह नकदी नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त से संबंधित प्रतीत हो रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया है। पुलिस टीम अब यह पता लगाने में जुटी है कि यह नशा कहां से लाया गया और किन लोगों को सप्लाई किया जाना था। उधर, एसपी कुल्लू ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि नशे के नैटवर्क को तोड़ने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि यदि उन्हें अपने आसपास किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि नजर आती है, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।



# छात्राओं को स्वास्थ्य जागरूकता पर दिया परामर्श


**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी में मंगलवार को महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एकदिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. कुंवर दिनेश सिंह ने बताया कि प्रत्येक सत्र में छात्राओं के स्वास्थ्य की नियमित जांच को ध्यान में रखते हुए ऐसे शिविर आयोजित किए जाते हैं।

इस क्रम में मंगलवार को सिविल अस्पताल आनी से डॉ. दानिश ठाकुर के नेतृत्व में एक विशेषज्ञ चिकित्सकीय टीम कॉलेज पहुंची। टीम में एफएचएस अंजुबाला, सीएचओ मीरा शर्मा, रागिनी ठाकुर, स्वीटी, आशा वर्कर्स कल्पना ठाकुर व ओमा देवी शामिल थीं। शिविर के दौरान कुल 109 छात्राओं का हीमोग्लोबिन, शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच की गई। साथ ही, डॉ. दानिश ने छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता व जरूरी परामर्श भी प्रदान किया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. संगीता नेगी तथा प्रो. पुष्पा गुलेरिया, प्रो. सीमा, प्रो. राधिका भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कॉलेज परिवार ने स्वास्थ्य विभाग का आभार जताया।

# भरमौर से लाहौल तक प्रस्तावित सड़क का रास्ता साफ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

भरमौर-हड़सर-कुगती से लाहौल तक प्रस्तावित सड़क का रास्ता साफ हो गया है। लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर ने इस सड़क के लिए केंद्र सरकार से पैरवी की थी। यह सड़क चंबा जिले में भरमौर-हड़सर-कुगती मार्ग पर कुगती से शुरू होकर जिला लाहौल-स्पीति के संसारी नाला किलाड़-तिंदी-तांदी मार्ग पर जाहलमा में समाप्त होगी। यह सड़क चंबा, भरमौर, कुगती, ऊपरी कुगती, डुग्गी, कुगती दर्रा, अल्यास और रापे से होकर जाहलमा में लाहौल-स्पीति जिले से जुड़ेगी। भाजपा मंडल लाहौल के कार्यकर्ता संजय कटोच ने बताया कि पूर्व विधायक द्वारा गत दिनों अपने दिल्ली दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर इस सड़क का प्रस्ताव बनाकर सौंपा गया था और इस सड़क के महत्व के बारे में उनसे विस्तार से चर्चा की थी, अब इस सड़क का रास्ता साफ होता दिखाई दे रहा है और जल्द ही इस पर काम शुरू होगा। कटोच ने बताया कि इस सड़क के बन जाने से दोनों जिलों के बीच संपर्क सभी मौसमों में हो सकेगा।




सड़क निर्माण के दौरान कुगती दर्रे के नीचे एक यातायात सुरंग का निर्माण किया जाना है। यह सड़क भरमौर और लाहौल-स्पीति के बीच की दूरी 560 किलोमीटर कम कर देगी। राज्य के चंबा जिले के पांगी क्षेत्र के कई गांव भारी बर्फबारी के कारण कटे हुए रहते हैं, जबकि जिले का मुख्यालय चंबा में है। यह सड़क भरमौर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भरमौर और पांगी के बीच तथा पांगी धार्मिक स्थल से चंबा जिला मुख्यालय तक सभी मौसम में संपर्क प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह सड़क धार्मिक पर्यटन के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है और केलिंग वजीर मंदिर, मणिमहेश यात्रा, भरमौर में चौरासी मंदिर और भरमौर में भरमाणी माता मंदिर पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। सड़क बन जाने से दोनों जिलों की चिकित्सा, डाक, स्वास्थ्य और धार्मिक दृष्टि से सुविधाओं में काफी इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि रवि ठाकुर की भाजपा केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात और लाहौल के विकास के लिए किए गए प्रयासों के सार्थक परिणाम आने लगे हैं।

# कुल्लू के लोकगीत का वीडियो एल्बम ओ सजना रिलीज

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले ओ सजना कुल्लू के लोकगीत का वीडियो एल्बम रिलीज कर किया गया। कुल्लू के प्रसिद्ध लोक गायक जोनी ने इस गीत में अपनी आवाज की मधुरता से जादू बिखेरा है। इस गीत के वीडियो को इंद्र ठाकुर और देवीना ठाकुर ने फिल्माया है। इस वीडियो का फिल्मांकन मोनालसू क्रिएशन द्वारा किया गया है। वीडियो एल्बम के गीत को डेविल म्यूजिक रिकॉर्ड्स स्टूडियो देव नेगी ने अपने संगीत से इस गीत को संवारा है। इस गीत के निर्माता व निर्देशक कुंदन लाल का कहना है कि इस वीडियो एल्बम का फिल्मांकन मनाली हमाटा वैली की खूबसूरत वादियों में किया गया है। यह वीडियो एल्बम कुल्लू की संस्कृति और लोकगीत को प्रदर्शित करता है, जो दर्शकों के लिए एक अनोखा अनुभव होगा।

# पीएम श्री आनी को मिला देश की सर्वश्रेष्ठ पाठशालाओं में स्थान

**अनंत ज्ञान, आनी**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित अखिल भारतीय शिक्षा समागम कार्यक्रम में आनी स्थित पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला को जिला कुल्लू की सर्वश्रेष्ठ पीएम श्री स्कूल के रूप में चयनित किया गया।

यह गौरवपूर्ण उपलब्धि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा देश की 644 सर्वश्रेष्ठ पीएम श्री विद्यालयों की सूची के अनावरण के दौरान मिली। इस कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में देशभर के शिक्षा मंत्रियों सहित हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। देशभर के शिक्षक, विद्यार्थी, अभिभावक एवं गणमान्यजन इस समारोह से वर्चुअली जुड़े। आनी के पीएम श्री स्कूल में भी प्रधानाचार्य श्यामानंद की अध्यक्षता में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अवकाश के बावजूद शिक्षक, विद्यार्थी, एसएमसी अध्यक्ष खेम चंद ठाकुर और कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुए। विद्यालय के चयन की प्रक्रिया केंद्रीय एजेंसी द्वारा 39 मापदंडों के आधार पर की गई। इनमें नामांकन वृद्धि, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार, मूलभूत सुविधाएं आदि प्रमुख थे। प्रधानाचार्य ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए विद्यालय के पीएम श्री समन्वयक प्रवक्ता कुंदन शर्मा की विशेष सराहना की और सभी शिक्षकों, छात्रों व अभिभावकों के योगदान को अहम बताया। एसएमसी अध्यक्ष खेम चंद ने इसे समूचे आनी क्षेत्र के लिए गर्व की बात बताते हुए विद्यालय परिवार को बधाई दी। इस अवसर पर अधीक्षक दिग्विजय चौहान, प्रवक्ता डोला राम शर्मा, कुंदन शर्मा, युग दत्त शर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, प्रवीण मेहता, संजय कुमार, कांशी राम, फकीर चंद आदि उपस्थित रहे।

# योग साधना और सुदर्शन क्रिया सिखाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** आनंद उत्सव के एक और कड़ी को जोड़ते हुए आर्ट ऑफ लिविंग कुल्लू द्वारा एक और हैप्पीनेस प्रोग्राम का सफलतापूर्वक समापन किया। यह प्रोग्राम मंदिर रामशिला में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में योग साधना तथा विश्व विख्यात सुदर्शन क्रिया सिखाई गई। आर्ट ऑफ लिविंग कुल्लू के वरिष्ठ प्रशिक्षक सुदंर ठाकुर ने बताया कि इस प्रोग्राम में गृहिणी, स्कूल प्रशिक्षक, विद्यार्थी, व्यवसायी तथा सेवानिवृत्त अधिकारी आदि सम्मिलित रहे। सभी प्रतिभागियों ने बहुत ही उत्साह से बढ़-चढ़कर भाग लिया। सुंदर ने बताया कि इस तरह के शिविर सभी के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और जो भी इस शिविर में सम्मिलित होता है, वे शांति तथा आनंद की अनुभूति लेकर जाता है। इस हैप्पीनेस प्रोग्राम का संचालन वरिष्ठ प्रशिक्षक सुंदर ठाकुर, सोनम डोल्मा तथा सरिता शर्मा ने किया तथा वरिष्ठ स्वयंसेवक डॉली ठाकुर, ज्ञान चंद शाशनी, देचिन डोल्मा, ऊषा डोगरा, सोनम डोल्मा आदि सम्मिलित रहे।

# मुआवजा राशि गृह निर्माण के लिए 1.30 लाख से सीधा 7 लाख : इंदु पटियाल

**अनंत ज्ञान, बंजार**

कांग्रेस की पूर्व प्रदेश प्रवक्ता व वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री इंदु पटियाल ने कहा कि एक ओर जहां आपदा में भाजपाई, सरकार के मंत्रियों का विरोध कर रहे हैं तो दूसरी तरफ मुख्यमंत्री सुक्खू ने कैबिनेट बैठक बुलाकर मंडी सराज सहित आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए पैकेज की घोषणा की है।



इमसें मुआवजा राशि को गृह निर्माण के लिए 1.30 लाख से सीधा 7 लाख कर दिया है, गोशाला के लिए 50,000 की राशि, आंशिक क्षतिग्रस्त होने पर भी एक लाख की राशि प्रति परिवार को प्रदान की जाएगी। इसके अलावा गाय, बकरी या अन्य पशुधन के साथ पॉलीहाउस नष्ट होने पर भी सरकार लोगों को राहत एवं पुनर्वास के लिए आर्थिक मदद नकद राशि प्रदान कर पहुंचाएगी। ये निर्णय कैबिनेट की विशेष बैठक में लिए गए। हिमाचल में पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देने के लिए राजीव गांधी वन संवर्धन योजना को लागू करने के निर्देश मुख्यमंत्री सुक्खू ने जारी किए हैं। इसमें महिला मंडल, युवक मंडल और स्वयं सहायता समूह पौधरोपण करेंगे। प्रति हैक्टेयर भूमि पर पौधरोपण करने के लिए सरकार 1.50 लाख रुपए की राशि उपलब्ध करवाएगी।

पौधों के रख रखाव के लिए अतिरिक्त धन राशि का प्रावधान किया जाएगा। मंत्री नेगी के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर बैठक में निंदा प्रस्ताव रखा गया और चिंता जताई कि ऐसी घटनाएं लोकतंत्र की गरिमा को भंग करती हैं। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए सरकार सख्ती से निपटेगी।

# चिचोगा में खुले में कूड़ा फेंकने वालों की खैर नहीं

## चिचोगा पंचायत में कूड़े की समस्या लगातार हो रही विकराल

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली के साथ लगते चिचोगा पंचायत में कूड़े की समस्या लगातार विकराल रूप धारण कर रही है।

अधिकांश लोग कूड़े को खुले में फेंक रहे हैं। इस कारण पंचायत के कई स्थानों पर कूड़ा जमा हो रहा है। हालांकि, पर्यटन विकास परिषद के द्वारा चिचोगा पंचायत से कूड़ा उठाने की व्यवस्था है और प्रतिदिन कूड़े की गाड़ी भी आती है, लेकिन पंचायत के कुछ इलाकों में सड़क सुविधा न होने के कारण कूड़े की गाड़ी नहीं जा पाती है इसलिए उन स्थानों पर कूड़े की समस्या अधिक है। मजबूरन लोग कूड़े को बिजली दफ्तर के समीप सड़क के किनारे फेंक देते हैं। पंचायत द्वारा कई बार सफाई अभियान भी चलाया जा चुका है। बावजूद इसके कूड़े की समस्या का हल नहीं हो पा रहा था, अब पंचायत ने बिजली दफ्तर के पास सुबह सात बजे से दस बजे तक कूड़े की गाड़ी की खड़ा करने की व्यवस्था की है। चिचोगा पंचायत की प्रधान दीक्षा राज ने बताया कि कूड़े की समस्या का समाधान करने के लिए पंचायत ने फैसला किया है कि आज से सुबह सात बजे से दस तक कूड़े की गाड़ी बिजली दफ्तर के पास खड़ी होगी। उन्होंने कहा कि लोअर चिचोगा और भूटानी गोंपा के पीछे जहां गाड़ी नहीं पहुंचती है, वह लोग अपने घर के कूड़े को इधर उधर न फेंक कर गाड़ी में ही डालें। उन्होंने कहा कि अगर कोई कूड़े को सड़क के नीचे फेंकतें हुए पाया गया तो सख्त कार्रवाई होगी। उधर, स्थानीय निवासी अमर देव, वीरेंद्र रमेश और मोहन लाल ने पंचायत के इस निर्णय का स्वागत किया और कहा कि जहां कूड़े की गाड़ी नहीं जा पाती है, उन लोगों के लिए सुविधा होगी और इधर-उधर कूड़ा भी नहीं फैलेगा।


पर्यटन नगरी मनाली के साथ लगते चिचोगा पंचायत में कूड़ा उठाने के लिए पहुंची गाड़ी।

# विश्व शांति व घाटी की खुशहाली की कामना की

## जमलू पराशर ऋषि के कुलंग में तीन दिवसीय रूद्री पाठ संपन्न

**अनंत ज्ञान, मनाली**

कुल्लू जिले के कुलंग स्थित जमलू देवता के प्रख्यात 13वें देऊघरे में तीन दिवसीय रूद्री पाठ का सफल आयोजन किया गया।

यह धार्मिक अनुष्ठान जमलू देवता और पराशर ऋषि के दशोहर स्नान के उपरांत आयोजित हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य विश्व शांति और घाटी की खुशहाली की कामना करना था। इस पवित्र रूद्री पाठ में जमलू देवता, पराशर ऋषि, गौशाली नाग, दाणीं देऊं और पताल देवता रथ प्रतीकात्मक रूप में विराजमान रहे, जिससे इस आयोजन की भव्यता और धार्मिक महत्व और भी बढ़ गया। पराशर ऋषि के गूर इंद्र चंद ठाकुर ने बताया कि यह पाठ सभी के कल्याण के लिए समर्पित था। धार्मिक अनुष्ठान के समापन पर खीर और भव्य देवभोज का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद कन्या पूजन किया गया, जो भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व रखता है और समृद्धि तथा शुभता का प्रतीक माना जाता है। जमले देवता के कुलपुरोहित बुध राम शर्मा ने इस स्थान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस देऊघरे में जेठा, हामटा, कौनां, मलाणा सहित 12 अन्य देउघरों से जुड़ी समस्याओं का निवारण जमलू देवता द्वारा किया जाता है। यही कारण है कि इस स्थान का देव संस्कृति में विशेष महत्व है और दूर-दूर से लोग जमलू महाराज और पराशर ऋषि की शरण में अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं।

जमलू देवता के गूर मंगल चंद ने बताया कि यहां की आध्यात्मिक विशेषता अद्वितीय है। तीन दिवसीय इस पाठ को श्रेष्ठ ब्राह्मणों द्वारा संपन्न कराया गया। पुरोहितों ने मंगल कामना की कि इस पावन कार्य से पूरे विश्व का कल्याण होगा और घाटी में सुख-समृद्धि बनी रहेगी।


कुल्लू जिले के जामलू पराशर ऋषि के कुलंग में रुद्री पाठ के आयोजन पर मौजूद लोग।

**आभार** आनी के विधायक ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से की मुलाकात

# तीन परियोजनाओं के लिए मांगा सहयोग

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

आनी। आनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोकेंद्र कुमार ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से दिल्ली में राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार के नेतृत्व में भेंट की।

इस दौरान उन्होंने एनएच-305 पर जलोड़ी टनल परियोजना के लिए केंद्र सरकार द्वारा 1452 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान करने पर केंद्रीय मंत्री का आभार जताया। विधायक ने कहा कि यह सुरंग परियोजना आनी, निरमंड व कुल्लू क्षेत्रों के पर्यटन और परिवहन में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी तथा क्षेत्रीय विकास को नई गति देगी। इस अवसर पर विधायक ने क्षेत्र की तीन अन्य प्रमुख परियोजनाओं के लिए भी सहयोग मांगा। इनमें लुहरी-नोर सड़क के विस्तारीकरण को केंद्रीय सड़क निधि (सीआरएफ) के तहत शामिल करने, सैंज-लुहरी-औट राष्ट्रीय उच्च मार्ग (एनएच-305) को प्राथमिकता में रखते हुए इसको जल्द चौड़ा करने के लिए धन के प्रावधान और जलोड़ी दर्रा से रघुपुरगढ़ व बागासराहन से बशलेऊ जोत तक दो रोपवे परियोजनाएं शुरू करने की मांग शामिल रही। उपरोक्त मांगों को लेकर विधायक ने केंद्रीय मंत्री को औपचारिक पत्र सौंपा। इसमें उन्होंने आनी क्षेत्र की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और पर्यटन क्षमता को ध्यान में रखते हुए दो रोपवे परियोजनाओं को मंजूरी देने की अपील की। उन्होंने बताया कि रघुपुरगढ़ और बशलेऊ जोत जैसे रमणीय स्थल सड़क सुविधा के अभाव में अभी तक मुख्यधारा पर्यटन से वंचित हैं। लोकेंद्र ने कहा कि इन परियोजनाओं से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने आशा जताई कि केंद्रीय मंत्री के सहयोग से ये बहुप्रतीक्षित योजनाएं जल्द धरातल पर उतरेंगी।


आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ मुलाकात करते हुए।

# बागी गांव से चैहनी तक पैदल रास्ता नाले में तब्दील

**शीला कौल, अनंत ज्ञान**

बंजार। बंजार की ग्राम पंचायत कोठी चैहनी के गांव बागी से लेकर गांव चैहनी तक रोजमर्रा ग्रामीणों द्वारा उपयोग में लाए जाने वाला पैदल रास्ता बरसात के चलते नाले में तब्दील हो गया है। ग्रामीणों को पैदल चलने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



ग्रामीणों में घनश्याम शर्मा, चैत राम, दिनेश, चुनी लाल, देवेंद्र सिंह, लाल सिंह, तेज राम, जीत राम, लगन चंद, नोक सिंह, प्रताप, मोती राम, शेष राम, ललित ठाकुर, हेमंत कुमार, विशाल, ध्यान सिंह, हेम राम, नीता देवी आदि का कहना है कि बागी गांव में देवता श्रृंगा ऋषि के दर्शनों के लिए ग्रामीणों सहित अन्य जगहों से लोग आते हैं। वहीं, वहां से पैदल चेहनी कोठी को भी निहारने जाते हैं साथ गांव चैहनी में कृष्ण भगवान के दर्शनों के लिए भी लोग आते हैं पर रास्ते के हालत को देखते हुई काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों द्वारा डीसी कुल्लू व बंजार प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि इस वर्षों पुराने रास्ते को दुरुस्त करवाया जाए। वहीं, ग्राम पंचायत कोठी चैहनी के प्रधान पूर्ण चंद का कहना है कि इस रास्ते को दुरुस्त करवाने के लिए एस्टीमेट तैयार करवाकर खंड विकास अधिकारी को सौंपा जा रहा है। वहीं, उन्होंने मांग रखी है कि इस रास्ते को दुरुस्त करवाने के लिए राशि का प्रावधान करवाया जाए।

> **खंड** विकास अधिकारी बंजार मान सिंह बग्गा का कहना है कि पंचायत से जरूरी कागजात तैयार करवाकर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### तेज रफ्तार कार चालक को डेढ़ वर्ष का कारावास

अनंत ज्ञान, नाहन। जिला सिरमौर के पांवटा साहिब में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी न्यायालय दो के न्यायाधीश विशाल तिवारी की अदालत ने तेज रफ्तार कार से राहगीरों को टक्कर मारने के दोषी आत्माराम को डेढ़ वर्ष के कारावास और 5500 जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला सड़क सुरक्षा के प्रति लापरवाही बरतने वाले चालकों के लिए एक सख्त संदेश है। सहायक जिला न्यायवादी दीक्षित शर्मा ने बताया कि अदालत ने दोषी आत्माराम पुत्र सुमेर चंद, निवासी वीपीओ शिवा, तहसील पांवटा साहिब को विभिन्न धाराओं के तहत सजा सुनाई। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 279 और 337 के तहत उन्हें छह-छह महीने की कैद और 1000 व 500 का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त, धारा 338 के तहत एक साल की कैद और 1000 का जुर्माना तथा धारा 304 ए के तहत डेढ़ वर्ष की कैद और 3000 का जुर्माना भी लगाया गया। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि जुर्माना अदा न करने पर दोषी को छह महीने का अतिरिक्त कारावास काटना होगा। यह मामला 2 मार्च, 2014 का है, जब पांवटा साहिब पुलिस थाना क्षेत्राधिकार में एक सड़क हादसे की सूचना मिली थी।

### सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं पूर्व सैनिक

प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट। पूर्व सैनिक कल्याण संघ कंडाघाट ब्लॉक इकाई की बैठक अध्यक्ष नायक देव प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें प्रदेश सैनिक कल्याण विभाग के कल्याण संयोजक बीरेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने प्रदेश सरकार की पूर्व सैनिक और उनके आश्रितों के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने संघ इकाई को जानकारी दी कि पूर्व सैनिक को सबसे पहले उनके विभाग में पंजीकरण करवाना होता है। इसके बाद विभाग उन्हें पहचान पत्र जारी करता है। इसके बाद वह योजनाओं के लाभ के लिए पात्र होता है। प्रदेश सरकार ने विभागों में नौकरियों के लिए पूर्व सैनिकों को आरक्षण दिया है। इनके बच्चों को शिक्षा और तकनीकी शिक्षा के शैक्षणिक संस्थानों में सीटें आरक्षित की हैं। उन्होंने नॉन पैंशनर की विधवाओं, युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की वीर नारियों, सेना में मेडल प्राप्त पूर्व सैनिकों या उनकी विधवाओं को मिलने वाली सुविधाओं, पूर्व सैनिकों को पथकर में छूट, आवास गृह योजना सहित सभी योजनाओं की विस्तार में जानकारी दी। उन्होंने आह्वान किया कि पूर्व सैनिक व उनके आश्रित सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

### मैत्री सभा भवन में शिव महापुराण कथा एक अगस्त से

अनंत ज्ञान, सोलन। कांगड़ा हमीरपुर मैत्री सभा सोलन के महासचिव सुरजीत राणा ने स्थानीय लोगों से चंबाघाट रोड स्थित मैत्री सभागार में 1 से 11 अगस्त तक होने वाली शिव महापुराण कथा में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन कथा प्रवचन शाम 3 से शाम 6 बजे तक और उसके उपरांत प्रतिदिन भंडारे का आयोजन होगा। कांगड़ा हमीरपुर मैत्री सभा सोलन सावन के महीने में काफी वर्षों से धार्मिक आयोजन करवाती आ रही है।

### जेएसवी कर्मचारी मजदूर यूनियन के रतन बने प्रधान

अनंत ज्ञान, राजगढ़। लोनिवि और जेएसवी कर्मचारी मजदूर यूनियन राजगढ़ इकाई की बैठक स्थानीय विश्राम गृह में संपन्न हुई। इसमें संघ की पुरानी कार्यकारिणी को भंग करके नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में रतन सिंह को प्रधान, हरीश को वरिष्ठ उपप्रधान, जगदेव को उपप्रधान, वीर विक्रम सिंह को महासचिव, अरुण को उपाध्यक्ष, बलवंत सिंह को सह सचिव, गंगा राम को संगठन सचिव, देव प्रकाश को मुख्य सलाहकार, वीरेंद्र को सलाहकार, भूपेंद्र को कोषाध्यक्ष, सुरेंद्र कौशल को प्रेस सचिव बनाया गया, जबकि जगदीश मोतीलाल, चमन, भूपेंद्र, विकास, विक्रम, अमित और प्रीतम को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया।

### हेपेटाइटिस की रोकथाम, जांच के बारे में बताया

अनंत ज्ञान, अर्की। हेल्थ वेलनेस सेंटर बगोरा में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन डॉ. सृष्टि एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। शिविर में आए लोगों का बीपी तथा शुगर की जांच की गई तथा विभिन्न रोगों का उपचार किया गया। इस अवसर पर विश्व हेपेटाइटिस दिवस भी मनाया गया। इसके अंतर्गत उपस्थित नागरिकों को हेपेटाइटिस की रोकथाम, जांच और उपचार के विषय में जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान लोगों को जीवनशैली में सुधार, नियमित जांच और वैक्सीनेशन की महत्ता के बारे में जानकारी दी गई। यह संपूर्ण कार्यक्रम ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मुक्ता रस्तोगी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक आयोजित हुआ।

### पत्रकार संघ की बैडमिंटन प्रतियोगिता आज से

अनंत ज्ञान, सोलन। जिला सोलन पत्रकार संघ द्वारा आयोजित दो दिवसीय वार्षिक बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार सुबह 9 बजे से किया जाएगा। प्रतियोगिता में कुल 32 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें पुरुषों के साथ-साथ गर्ल्स सिंगल्स के भी मुकाबले खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता में सिंगल्स और डबल्स दोनों श्रेणियों के मैच शामिल हैं। प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रतिभागी पिछले दो सप्ताह से रोजाना एक घंटे तक अभ्यास कर अपनी खेल क्षमता को निखारने में जुटे हुए हैं। आयोजकों के अनुसार, सभी मैच बेहद रोमांचक रहने की उम्मीद है। उधर, टीमों का चयन पूरी पारदर्शिता के साथ ड्रॉ के माध्यम से किया गया है और मैचों की रूपरेखा भी इसी प्रक्रिया से तय की गई है। जिला पत्रकार संघ सोलन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार सिंगल्स प्रतियोगिता के विजेता को 2100 रुपए नकद व ट्रॉफी, उपविजेता को 1100 व ट्रॉफी दी जाएगी, जबकि डबल्स मुकाबलों में विजेता को 3100 रुपए व ट्रॉफी और उपविजेता को 2100 व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

### एसडीएम राजीव संख्यान को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, नाहन। नाहन के एसडीएम राजीव संख्यान को बनकला रखनी मार्ग खुलवाने के लिए किए गए अथक प्रयासों के चलते बनकला, रखनी पंचायतों के प्रतिनिधियों ने एसडीएम ऑफिस नाहन पहुंच कर एसडीएम राजीव संख्यान का आभार जताया और ग्रामीणों ने सैकड़ों लोगों की तरफ सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर बनकला प्रधान रजनी देवी, उपप्रधान राम कुमार, जिला परिषद सदस्य निर्मला देवी, ईश्वर चंद शर्मा, राजीव वर्मा और दीपचंद शर्मा आदि उपस्थित रहे। गौरतलब है कि जब से सड़क को लेकर यह विवाद उपजा था, तब से एसडीएम ने लोगों की सुनवाई करने और गांव वालों का पक्ष सुनने के लिए कई दौरे किए। पूर्व में दिए गए फैसले में आम आदमी की परेशानियों को समझा और मानवीय संवेदना को तवज्जो दी। एसडीएम सच्चे मायनों में ग्रामीणों के हमदर्द साबित हुए। उन्होंने हाई कोर्ट में रखे गए पक्ष को लेकर भी एसडीएम का आभार जताया।

### कैडेट्स ने वीर शहीदों की गाथाएं सुनाकर दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान, सोलन। पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में कारगिल विजय दिवस को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम एनसीसी/ओ सुनील वर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इसमें स्कूल के प्रधानाचार्य सहित अनेक अध्यापक उपस्थित रहे। वर्मा ने अपने प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण के माध्यम से इस दिवस के महत्व को उजागर किया और कारगिल युद्ध की घटनाओं का उल्लेख करते हुए भारतीय सशस्त्र बलों के अदम्य साहस और वीरता को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कर्तव्य, बलिदान और राष्ट्र गौरव जैसे मूल्यों पर विद्यार्थियों को गहन चिंतन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सभी एनसीसी कैडेट्स वर्दी में सम्मिलित हुए। कैडेट्स दिव्शा शर्मा, रेवा कश्यप, मीरव कामतेस, जन्नत और युवा महाजन ने मेजर विवेक गुप्ता, मेजर राजेश सिंह, दिग्गेंद्र कुमार परस्वाल और लेफ्टिनेंट बलवंत सिंह जैसे वीर सैनिकों की प्रेरणादायक कहानियों का प्रभावशाली वर्णन किया। इनकी बहादुरी आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

### जगत राम भारद्वाज के निधन पर शोक व्यक्त

अनंत ज्ञान, राजगढ़। उद्यान विभाग में कार्यरत जगत राम भारद्वाज का एक सड़क दुर्घटना में आकस्मिक व अत्यंत दुखद निधन हो गया। यह दुर्घटना पिंजौर के समीप उस समय घटित हुई, जब एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। इस समाचार पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला सिरमौर अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिला महासचिव अमरीश हितैषी ने बताया कि भारद्वाज वर्तमान में राजकीय फलोद्यान, पझोता में सहायक उद्यान विकास अधिकारी के पद पर तैनात थे तथा आगामी मार्च 2026 में सेवानिवृत होने वाले थे। अपने 25 वर्षों के सेवाकाल के दौरान उन्होंने सदैव ईमानदारी, निष्ठा व पूर्ण समर्पण के साथ विभाग की सेवा की। उनके कार्यों में अनुशासन, दक्षता व सेवा भावना की स्पष्ट झलक परिलक्षित होती थी।

### ग्राम भाणत में नवयुवकों ने किया पौधरोपण

अनंत ज्ञान, राजगढ़। युवा क्लब भाणत द्वारा ग्राम पंचायत भाणत में एक विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पर क्लब के अध्यक्ष रणदीप सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में क्लब सदस्यों व ग्रामवासियों ने सैकड़ों पौधे रोपित किए। रणदीप ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और हरियाली को बढ़ावा देना था। उन्होंने बताया कि यह क्लब समय-समय पर सामाजिक, पर्यावरणीय और युवाओं से जुड़े रचनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाता है। पहले भी कई बार ऐसे कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया है और भविष्य में भी यह मुहिम जारी रहेगी।

# सोलन-सुबाथू रोड पर जानलेवा हुआ सफर

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

सोलन। जिला मुख्यालय सोलन से सुबाथू तक का सफर खतरे से खाली नहीं है। सड़क में अतिक्रमण और जलभराव से पहले ही वाहन चालक परेशान चल रहे हैं।

वहीं, दोहरी दीवाल के डायवर्जन पर एनएचएआई की उपेक्षा से रोड की टारिंग पूरी तरह उखड़ चुकी है। इतना ही नहीं बारिश का मौसम होने के चलते एनएच का सारा पानी सड़क से होकर बह रहा है। इससे यहां पर हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। हैरानी की बात है कि कुछ महीने पहले यहां पर स्थानीय विधायक व मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने मौके का दौराकर एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को सड़क को दुरुस्त करने के आदेश दिए थे पर हालात में कुछ ज्यादा सुधार नहीं हुआ। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे पड़ने से इस मार्ग का उपयोग करने वाले वाहन चालकों व राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर पहाड़ी से गिरने वाला मलबा मुसीबत बना हुआ है। वहीं, पानी की सही निकासी न होने के कारण सड़क पूरी तरह दलदल में



दोहरी दीवाल में सुबाथू रोड की हालत खस्ता।

तब्दील हो गई है। इससे हर समय दुर्घटना का भय बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस रोड को दुरुस्त कर राहत पहुंचाई जाए। इस वर्ष गर्मी के मौसम में लोक निर्माण विभाग द्वारा इस स्लिप रोड पर टारिंग की गई, लेकिन बरसात का मौसम शुरू होते ही यह टारिंग उखड़ गई और पूरी सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई। इस कारण मार्ग का उपयोग करने वाले वाहन चालकों सहित राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि फोरलेन निर्माण के बाद से ही सुबाथू की ओर जाने वाले मार्ग की दशा बद से बदतर होती जा रही है। फोरलेन निर्माण के समय सुबाथू की ओर जाने के लिए स्लिप रोड का निर्माण किया गया था। हालांकि, दो वर्ष पूर्व आई भयंकर बरसात में इस स्थान पर डंगा गिरने से जहां मलबा आ गया था। वहीं, स्लिप रोड को भी खासा नुकसान पहुंचा था और मार्ग बंद हो गया था। इसके पश्चात स्लिप रोड तो ठीक नहीं किया गया, लेकिन एक वैकल्पिक मार्ग बनाया गया और उधर डंगा लगाने का कार्य भी आरंभ कर दिया गया। इस डंगे का निर्माण काफी कछुआ गति से किया गया और इस बीच सुबाथू की ओर जाने वाले मार्ग की भी सुध नहीं ली गई। करीब डेढ़ वर्ष बाद डंगे का निर्माण कार्य पूरा हुआ और उसके बाद ही एक बार फिर स्लिप रोड बनाया गया। इससे लोगों को राहत मिली थी, लेकिन कुछ ही माह में यह रोड गड्ढों में तब्दील हो गया और वाहन चालकों सहित राहगीरों को खासी परेशानी झेलनी पड़ी। स्थानीय निवासी मोहन लाल, सुग्रीव मरवाह, योगश वर्मा, खजान सिंह, सुधीर आहूजा, लक्ष्मी चंद, मेहर सिंह, नवीन कुमार, नीरज कुमार, वरूण आदि ने कहा कि इस स्लिप रोड की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है और इसकी सुध नहीं ली जा रही है। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े गड्ढों के कारण वाहन चालक अकसर गलत दिशा में अपने वाहन चलाने के लिए विवश हो जाते हैं, जिससे हमेशा दुर्घटना का भय बना रहता है। कई मर्तबा तो वाहनों में टक्कर होने से भी बची है। वहीं, गड्ढों पर गाड़ी चलाने से वाहनों को नुकसान हो रहा है और सबसे अधिक समस्या दोपहिया वाहन चालकों व राहगीरों को पेश आ रही है। उन्होंने बताया कि आलम यह है कि कुछ वरिष्ठ नागरिकों ने स्वयं इन गड्ढों में पत्थर डाले हैं। इनका कहना है कि जिला मुख्यालय को जोड़ने वाला यह प्रमुख मार्ग है और ऐसे में प्रशासन को इस मार्ग की सुध लेनी चाहिए।

## बद्दी-नालागढ़ एनएच की खस्ता हालत को सुधारने का कार्य शुरू

अनंत ज्ञान, सोलन



बद्दी से नालागढ़ नेशनल हाईवे की खस्ता हालत को सुधारने का कार्य एनएचएआई ने शुरू करवा दिया है। मंगलवार को बद्दी टोल बैरियर के समीप जलभराव वाले एरिया में पेवर ब्लॉक लगाने का काम शुरू कर दिया गया है, जबकि छोटे-मोटे गड्ढों वाले स्थान पर टारिंग का काम किया जाएगा। एनएचएआई ने रोडटेक नामक कंपनी को मार्ग की हालत सुधारने का जिम्मा सौंपा है। एनएचएआई का कहना है कि अगर मौसम ने साथ दिया, तो आने वाले आठ से दस दिनों के भीतर मार्ग पूरी तरह से गड्ढों से मुक्त होगा। बता दें कि एरिया में हो रही बारिश से मार्ग की हालत काफी खराब हो चुकी है। बद्दी टोल बैरियर से ट्रक यूनियन बद्दी तक मार्ग की हालत काफी खराब है और पानी की निकासी न होने से सड़क पर भारी मात्रा में जल भराव की समस्या पैदा हो रही है। इसके अलावा किशनपुरा, खेड़ा व किरपालपुर की सड़क अब गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इस कारण वाहनों की आवाजाही के साथ-साथ ट्रैफिक की समस्या पैदा हो रही है। वहीं, सड़क हादसों का भी खतरा सता रहा है। बीते दिन भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भी मिला। केंद्रीय मंत्री के दिए गए निर्देशों के बाद तुरंत एनएचएआई ने मरम्मत का कार्य शुरू करवा दिया है, ताकि लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। एनएचएआई के साइट इंजीनियर दिनेश पुनिया का कहना है कि मरम्मत का कार्य शुरू करवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि जल भराव वाले एरिया में पेवर ब्लॉक लगाएं जाएंगे और बाकी हल्के क्षतिग्रस्त वाले एरिया में टारिंग का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर मौसम ने साथ दिया तो कुछ ही दिन में बद्दी से नालागढ़ तक मरम्मत का कार्य पूरा कर दिया जाएगा।

# प्रत्येक वर्ग तक विकास के लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : संजय अवस्थी

अनंत ज्ञान, अर्की

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास के लाभ पहुंचाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। संजय अवस्थी सोलन की ग्राम पंचायत साईं में आयोजित 'विधायक आपके द्वार कार्यक्रम' में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।



साईं में आयोजित 'विधायक आपके द्वार कार्यक्रम' में जन समस्याएं सुनते विधायक।

विधायक ने प्रदेश के विभिन्न भागों विशेषकर मंडी जिले में प्राकृतिक आपदा के कारण व्यापक नुकसान पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी आपदा के कारण अनेक बहुमूल्य जीवन असमय काल का ग्रास बन गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार प्रभावित क्षेत्रों में कार्य कर प्रभावितों को राहत पहुंचाने के लिए प्रयत्नशील है। संजय अवस्थी ने 30 लाख रुपए की लागत से निर्मित राजकीय माध्यमिक विद्यालय साईं के अतिरिक्त भवन तथा 1.50 लाख रुपए की लागत से निर्मित साईं से पट्टा एंबुलेंस मार्ग का लोकार्पण किया। उन्होंने 1.25 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले सेहल से बागी एंबुलेंस मार्ग की आधारशिला भी रखी। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए विभिन्न योजनाएं आरंभ की गई हैं, ताकि किसानों-बागवानों की आय में बढ़ोतरी की जा सके। उन्होंने कहा कि गाय व भैंस के दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य में आशातीत वृद्धि से किसान व पशुपालक व्यापक तौर पर लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में दूध के मूल्यों में और अधिक बढ़ोतरी की जाएगी। प्रदेश सरकार किसानों, बागवानों एवं पशुपालकों को आवश्यक राहत प्रदान कर कृषि आधारित आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए प्रयासरत है।

# सोलन से लापता नाबालिग शिमला से सुरक्षित बरामद

अनंत ज्ञान, सोलन

सोलन निवासी महिला ने महिला पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि इनका बेटा जिसकी उम्र 15 वर्ष है, जो 7 जुलाई को शाम के समय बिना बताए घर से कहीं चला गया है, जिस पर यह अपने बेटे की तलाश करते रहे, लेकिन इनके लड़के का कहीं भी पता न चला। इस पर महिला पुलिस थाना में उपरोक्त अभियोग दर्ज किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान गुम हुए नाबालिग की तलाश लगातार की जा रही थी। इसके अतिरिक्त उक्त नाबालिग की गुमशुदगी के बारे में सोशल मीडिया के माध्यम से भी उसके हुलिए के बारे में अवगत करवाया गया था। 28 जुलाई को उक्त नाबालिग को महिला थाना सोलन की पुलिस टीम द्वारा शिमला के खलीनी क्षेत्र से सही सलामत बरामद करके उसके परिजनों के हवाले किया गया। उक्त मामले की जांच के दौरान पाया गया कि 7 जुलाई को उक्त नाबालिग ने अपने पिता से बाल कटिंग करवाने के लिए पैसे मांगे थे, लेकिन इसके पिता ने उसे पैसे देने से मना कर दिया था, जिस कारण नाराज होकर वह घर से बिना बताए चला गया था। यह नाबालिग यहां से बस के माध्यम से जिला शिमला के जुब्बल क्षेत्र चला गया था, जहां पर वह एक सेब के बगीचे में चौकीदारी का काम कर रहा था तथा 28 जुलाई को वह शिमला आया था, जहां से उसे महिला थाना सोलन की पुलिस टीम द्वारा बरामद करके उसके परिजनों के हवाले किया गया। अभी तक की जांच पर यही पाया जा रहा है कि उक्त नाबालिग अपने पिता से पैसे न मिलने के कारण नाराज होकर घर से चला गया था तथा उसे किसी भी व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर ले जाना न पाया गया फिर भी मामले में जांच जारी है।

## बिहारी कामगार की मिली लाश

अनंत ज्ञान, नाहन। हिमाचल-हरियाणा बॉर्डर पर एक व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा पुलिस ने इसकी सूचना कालाअंब पुलिस स्टेशन को दी, बाद में कालाअंब पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर मेडिकल कॉलेज नाहन रवाना किया। जिले के एसपी एनएस नेगी ने पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक की शिनाख्त जितेंद्र बिहारी मूल के कामगार के रूप में हुई है। एसपी ने बताया कि मृतक के बारे में पता चला है कि वह नशे का आदि था और संभवत गिरने से उसकी मौत हुई है। लाश को कब्जे में लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रखा गया है। मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। मृतक का भाई बिहार से रवाना हो चुका है। उसकी मौजूदगी में मृतक का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। एसपी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जिन लोगों पर एफआईआर हुई, उनमें से 90 फीसदी आपदा प्रभावित : भाजपा

अनंत ज्ञान, सोलन

जिला सोलन भाजपा अध्यक्ष रत्तन सिंह पाल ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार और उनका मंत्रिमंडल प्रदेश में एक असंवेदनशील सरकार का संचालन कर रहा है, जब से आपदा आई है, तब से मंडी जिले के सभी क्षेत्र के साथ भेदभाव हो रहा है और शायद यह इस कारण से हो रहा है क्योंकि यहां से हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर आते हैं, अगर यह क्षेत्र किसी कांग्रेस के नेता का होता, तो शायद सरकार का रुख कुछ और होता।



उन्होंने कहा कि मामला क्या था एक बार सरकार को सोचना चाहिए हम बताते हैं कि जब कांग्रेस के मंत्री जगत सिंह नेगी थुनाग पहुंचे, तो वहां स्थानीय लोगों ने मंत्री से बात की कि थुनाग हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री कालेज को यहां से दूसरी जगह न ले जाएं। इस पर नेगी ने कहा कि यह फैसला कैबिनेट का है और यह फैसला कैबिनेट में होगा। इसके बाद लोग भड़क गए। इस दौरान लोगों ने एक ही मांग रखी कि मंत्री महोदय बाहर आकर यह कह दें कि हॉर्टिकल्चर कॉलेज को यहां से नहीं उठाया जाएगा, तो वे वापस चले जाएंगे, लेकिन मंत्री बाहर निकले और सीधे गाड़ी में बैठ गए। इस दौरान लोग काफिले के आगे खड़े होकर विरोध करते रहे। क्या स्थानीय जनता को अपना अधिकार मांगने का हक भी नहीं है? अगर कोई अपना अधिकार मांगता है तो क्या सरकार उस प्रत्येक व्यक्ति के ऊपर केस दर्ज करेगी? अगर एक कॉलेज को कुछ नुकसान हो गया, तो उसकी मरम्मत करने के बजाय उसको कहीं और शिफ्ट कर दिया जाएगा। सोचने का विषय यह है कि जनता भड़की क्यों? जब जनता ने जगत नेगी से बात करने का प्रयास किया, तो उन्होंने सीधा-सीधा कह दिया कि तुम्हारी भूमि जिस पर आपदा का कहर बरसा है। उसका मुआवजा नहीं मिलेगा क्योंकि तुम्हारी भूमि तो कब्जाई है।

## 4 छात्रों का डॉक्टोरल कार्यक्रम में चयन

अनंत ज्ञान, सोलन। डॉ. वाईएस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के खाद्य विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग के चार एमएससी (पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट) के छात्रों ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट द्वारा आयोजित रिसर्च एंट्रेंस टेस्ट सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर संस्थान के डॉक्टोरल कार्यक्रम में प्रवेश प्राप्त किया है। इन छात्रों में प्रियंका ठाकुर, तनवीन कौर, रितेश वर्मा और अजय कुमार का चयन तीन चरणों की चयन प्रक्रिया के माध्यम से हुआ। इसमें सामान्य योग्यता परीक्षा, विभागीय स्तर की स्क्रीनिंग और व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल था। पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के उपरांत प्रत्येक छात्र को 22,000 मासिक छात्रवृत्ति तथा अनुसंधान कार्य के लिए अतिरिक्त आकस्मिक अनुदान प्राप्त होगा। यह सफलता विभाग के शिक्षकों द्वारा दिए गए उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षणिक मार्गदर्शन और निरंतर प्रोत्साहन को दर्शाती है। विभाग लगातार छात्रों को उन्नत अनुसंधान के अवसरों की ओर मार्गदर्शन कर रहा है।

# रोटरी क्लब बद्दी के अध्यक्ष बने जगदीप अरोड़ा

अनंत ज्ञान, बद्दी

रोटरी क्लब बद्दी के नवीन सत्र के लिए जगदीप अरोड़ा को अध्यक्ष व संजीव वर्मा को सचिव नियुक्त किया गया। इस अवसर पर आयोजित भव्य अधिष्ठापन समारोह में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3080 के गवर्नर रोटेरियन रवि प्रकाश मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ फर्स्ट लेडी शालिनी प्रकाश भी समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए उपस्थित रहीं। विशेष रूप से सामाजिक सेवा, स्वास्थ्य शिविर, पौधरोपण व शिक्षा क्षेत्र में क्लब के योगदान को सराहा। उन्होंने नई कार्यकारिणी को आगामी वर्ष के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा समाज हित में अधिक प्रेरणादायक कार्य करने का आह्वान किया। नव-निर्वाचित अध्यक्ष जगदीप अरोड़ा ने कहा कि रोटरी क्लब बद्दी आने वाले वर्ष में समाज के जरूरतमंद वर्गों के लिए खेल, चिकित्सा सेवाएं एवं पौधरोपण जैसे क्षेत्रों में विशेष रूप से कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि क्लब की पूरी टीम सेवा



रोटरी क्लब बद्दी की नई कार्यकारिणी के भव्य अधिष्ठापन समारोह में मौजूद लोग।

कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है और मिलकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयत्न करेगी। इस भव्य समारोह में रोटरी क्लब बद्दी के सभी सदस्यों के साथ-साथ बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्तियों एवं रोटरी परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। प्रमुख उपस्थित जनों में सीएल भारद्वाज, अक्षत भारद्वाज, विमला भारद्वाज, नरेश शर्मा, कामिनी शर्मा, कार्तिक शर्मा, तन्वी शर्मा, कर्ण शर्मा, सोनम शर्मा, विपिन गुप्ता, अल्का गुप्ता, अतुल गुप्ता, सुमेधा गुप्ता, राजेश बंसल, रेनू बंसल, रतन सूद, संगीता सूद, दिनेश बंसल, कविता बंसल आदि शामिल रहे। समारोह की गरिमा को और बढ़ाने के लिए आसपास के रोटरी क्लबों से भी प्रतिनिधित्व रहा। रोटरी क्लब नालागढ़, कलका, पिंजौर तथा न्यू चंडीगढ़ से उनके-उनके अध्यक्ष एवं सचिव समारोह में विशेष रूप से उपस्थित रहे। इन क्लबों ने रोटरी क्लब बद्दी की नई टीम को बधाई दी एवं भविष्य में संयुक्त सेवा कार्यों की आशा व्यक्त की।

**लक्ष्य** पिंजौर-नालागढ़ फोरलेन और अन्य मुद्दों को लेकर केंद्रीय मंत्री से मिले भाजपाई

# सड़क परियोजनाओं पर तेजी से होगा काम

अनंत ज्ञान, बद्दी

पिंजौर-नालागढ़ निर्माणाधीन फोरलेन के कार्य और अन्य हल्के के मुद्दों को लेकर सांसद सुरेश कश्यप के नेतृत्व में पूर्व विधायक दून परमजीत सिंह और नालागढ़ के पूर्व विधायक केएल ठाकुर और अन्य केंद्रीय सड़क परिवहन और राज मार्ग मंत्री नितिन गडकरी से दिल्ली में उनके निवास स्थान पर मिले। उन्होंने बताया कि 2022 में पिंजौर-नालागढ़ निर्माणाधीन फोरलेन का कार्य शुरू हुआ था और करीब 31 किलोमीटर लंबे रोड पर 469 करोड़ रुपए की इस योजना का कार्य गुजरात की पटेल इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी को मिला।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत अप्रैल 2022 में हुई थी। इसे पहले सितंबर 2024 और फिर अगस्त 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन तीन साल बीत जाने के बावजूद मात्र 45 फीसदी कार्य ही हो पाया है। जगह-जगह फोरलेन निर्माण का काम चलने से वाहनों को निकलने में



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिलते पूर्व विधायक व अन्य।

दिक्कत होती है। लोग बुरी तरह परेशान हैं। वर्तमान निर्माणाधीन कंपनी पटेल इंफ्रास्ट्रक्चर ने 6 जून को यह कार्य छोड़ दिया।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा समय पर भूमि का अधिग्रहण और बिजली के ट्रांसफार्मर, तारें और हाई टेंशन तारें हटाई नहीं गई। इसके चलते कार्य प्रभावित हुआ। इसके अलावा परमजीत सिंह पम्मी ने बरोटीवाला, पट्टा, बनलगी, शालाघाट में करीब 80 किलोमीटर लंबे ओल्ड बेदर मार्ग पर राष्ट्रीय उच्च मार्ग बनाने की मांग रखी, जबकि केएल ठाकुर ने नालागढ़ से स्वारघाट राष्ट्रीय उच्च मार्ग को फोरलेन बनाने की मांग रखी। इस पर केंद्रीय मंत्री ने कड़ा संज्ञान लेते हुए तुरंत फोन के माध्यम से पिंजौर नालागढ़ निर्माणाधीन फोरलेन का स्टेटस जाना और अथॉरिटी को तुरंत आदेश दिए।

जल्द इस कार्य की औपचारिकताएं पूर्ण कर नया टेंडर लगवाएं, ताकि लोगों को परेशानी न हो। गडकरी ने कहा कि इस कार्य के लिए जब तक नया टेंडर नहीं लग जाता, तब तक सड़क की मरम्मत और आवश्यक रखरखाव के लिए अन्य रोड टेकर कंपनी इसका रखरखाव करेगी। इस कार्य का टेंडर भी पहले 23 जून को लगा, लेकिन एक ही बिड के आने से इसे दोबारा 30 जून को लगाया और रोड टेकर कंपनी ने तुरंत कार्य शुरू कर दिया, जहां पर पानी की दिक्कत है, वहां पर टाइल वर्क भी शुरू कर दिया और मौसम ठीक रहता है, तो जहां पर आवश्यक होगा तार कोल डाली जाएगी।

सरकार का उद्देश्य लोगों को सुविधा प्रदान करना है। फिर भी इस कार्य में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। परमजीत सिंह पम्मी और केएल ठाकुर ने बताया कि पिंजौर नालागढ़ फोरलेन और अन्य मुद्दों को लेकर केंद्रीय मंत्री से मिले। इस दौरान विस्तार से चर्चा की गई और बद्दी बस स्टैंड में इकट्ठा होने वाला पानी की समुचित निकासी के लिए कहा गया कि इस पानी को बजाए लोगो के खेतों और अन्य स्थानों की बजाय ट्रक यूनियन के साथ लगते नाले में डाला जाए, जिस पर तुरंत उन्होंने विभाग को आदेश जारी किए।

## दिसंबर 2024 से शुरू हुई चिकित्सा मोबाइल इकाई से 1592 लोगों को लाभ

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान



नाहन। प्रदेश सरकार राज्य के लोगों के समग्र कल्याण पर बल दे रही है और राज्य में पारंपरिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ और संरक्षित करने के विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कल्याण पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला सिरमौर में आयुष विभाग के तहत चिकित्सा मोबाइल इकाई को संचालित किया जा रहा है।

आयुष विभाग के तहत चिकित्सा मोबाइल इकाई वाहन का शुभारंभ दिसंबर, 2024 में हुआ था, जो विशेष रूप से जिले के ग्रामीण, दूरदराज और वंचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए है। चिकित्सा मोबाइल इकाई आवश्यक दवाओं और प्रयोगशाला परीक्षणों के साथ पूरी तरह से सुसज्जित है। इसमें आयुष चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट/कंपाउंडर, योग प्रशिक्षक और जागरूकता के लिए अन्य सामग्रियां भी हैं। जिले के विभिन्न भागों में लगभग 30 चिकित्सा मोबाइल इकाई शिविर आयोजित किए गए हैं। विशेष रूप से शिलाई विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा मोबाइल इकाई शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अब तक जिला सिरमौर में 1592 लोगों ने चिकित्सा मोबाइल इकाई शिविरों का लाभ उठाया है। इनमें 497 पुरुष, 756 महिलाएं और 339 बच्चे शामिल हैं। एमएमयू के माध्यम से प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाएं ओपीडी परामर्श, दवा वितरण, मूलभूत नैदानिक सेवाएं जैसे रक्तचाप, शुगर स्तर आदि हैं। जिला आयुष अधिकारी डॉ. इंदु शर्मा ने बताया कि आयुष विभाग जिले के दूरदराज और वंचित क्षेत्रों में लोगों को पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को उनके घर-द्वार पर पहुंचाकर सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा मोबाइल इकाईकैंप जिले के लोगों के लिए अत्यधिक लाभकारी साबित हो रहे हैं और जिले के अन्य क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### एचटेट परीक्षा को लेकर जिले में बनाए 41 सेंटर

**अनंत ज्ञान, रोहतक।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित तीन लेवल की एचटेट परीक्षा 30 व 31 जुलाई को दो सत्रों में होगी। एचटेट परीक्षा को लेकर जिले में 41 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। हाल ही में सीईटी परीक्षा का जिस तरह से सफल आयोजन किया गया है, उसी प्रकार से जिला प्रशासन ने एचटेट परीक्षा को भी सफल बनाने के लिए तमाम प्रबंध किए हैं। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि एचटेट के परीक्षा केंद्रों से संबंधित शैक्षणिक संस्थाओं में 30 व 31 जुलाई को अवकाश रहेगा। उन्होंने बताया कि 30 जुलाई को लेवल तीन के लिए हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन सायं कालीन सत्र में करवाया जाएगा। जिला में लेवल तीन परीक्षा 27 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी तथा इन परीक्षा केंद्र पर 312-312 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसी प्रकार 31 जुलाई को प्रातःकालीन सत्र में लेवल दो की परीक्षा के लिए 41 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इस सत्र में परीक्षा केंद्रों में 190 से 312 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसी तरह इसी दिन सायंकालीन सत्र में लेवल एक के लिए 15 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इन परीक्षा केंद्रों पर 105 से लेकर 312 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि एचटेट परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट पर है।

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के उल्लंघन पर चालान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** यह स्पष्ट संदेश देते हुए कि कानून से कोई ऊपर नहीं है, नगर निगम चंडीगढ़ ने सेक्टर 11 पुलिस स्टेशन के खिलाफ ठोस कचरा प्रबंधन (MSW) नियम, 2016 के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की है। निरीक्षण के दौरान एमसीसी टीम ने पाया कि पुलिस स्टेशन परिसर में मिश्रित कचरा अव्यवस्थित ढंग से इकट्ठा किया गया था, जो कचरा छंटाई के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुसार, सभी संस्थानों और घरों के लिए यह अनिवार्य है कि वे अपने स्रोत पर ही गीले (जैसे रसोई/जैविक अपशिष्ट) और सूखे (जैसे प्लास्टिक, कागज आदि) कचरे को अलग-अलग छांटकर संग्रहित करें। इस गंभीर चूक पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर निगम ने संबंधित पुलिस स्टेशन को चालान जारी किया, साथ ही यह दोहराया कि यह नियम सरकारी कार्यालयों, संस्थानों और आम नागरिकों पर समान रूप से लागू होते हैं। एमसी अधिकारियों ने पुलिस स्टेशन को तत्काल प्रभाव से कचरे की उचित छंटाई और निपटान सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया है, अन्यथा आगे और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने एक बार फिर सभी विभागों, संस्थानों और निवासियों से अपील की है कि वे कचरा छंटाई के नियमों का पालन करें और जुर्माने से बचें। स्वच्छता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी सामूहिक कर्तव्य है, जिसे सभी को निभाना चाहिए।

### एमसी चंडीगढ़ ने कचरा न छांटने पर की कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** ठोस कचरा प्रबंधन नियमों को सख्ती से लागू करने के उद्देश्य से नगर निगम चंडीगढ़ ने आज शहर के विभिन्न हिस्सों में एक विशेष चालान अभियान चलाया। यह अभियान उन निवासियों के खिलाफ था जो घरों में कचरे को आवश्यकतानुसार अलग-अलग नहीं कर रहे थे। इस अभियान के तहत 205 चालान उन व्यक्तियों को जारी किए गए जो बिना कचरा छंटाई किए ही घर-घर कचरा इकट्ठा करने वालों को कचरा दे रहे थे। इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने पर 34 चालान जारी किए गए। यह कार्रवाई ठोस कचरा प्रबंधन नियमों, 2016 के तहत की गई, जिनके अनुसार हर नागरिक को कचरे को स्रोत पर ही सूखा (जैसे कागज, प्लास्टिक, धातु आदि) और गीला (जैसे रसोई व खाद्य अपशिष्ट) कचरा अलग-अलग इकट्ठा करना आवश्यक है। अभियान के दौरान अधिकारियों ने न केवल दंडात्मक कार्रवाई की, बल्कि नियमों का उल्लंघन करने वालों को कचरा छंटाई के महत्व के बारे में भी जागरूक किया जैसे पर्यावरणीय खतरों में कमी, रीसाइक्लिंग की क्षमता में सुधार, और शहर की स्वच्छता में योगदान। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने कहा कि इस तरह की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भविष्य में सभी सेक्टरों में नियमित रूप से ऐसे अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा, 'स्वच्छ चंडीगढ़ की दिशा में योगदान देना हर निवासी की जिम्मेदारी है। स्रोत पर कचरा छंटाई करना विकल्प नहीं, कानून है।' नगर निगम ने सभी निवासियों से अपील की है कि वे कचरा छंटाई के नियमों का कड़ाई से पालन करें और चंडीगढ़ को स्वच्छ, हरा-भरा और टिकाऊ बनाए रखने के मिशन में सहयोग दें। नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना अवश्य लगेगा।

#### मुख्य सचिव ने धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की बैठक, कहा-

# अतिक्रमण मुक्त कर मार्गों का हो चौड़ीकरण

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन ने मंगलवार को सचिवालय स्थित अपने सभागार में प्रदेश के महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन आदि के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

मुख्य सचिव ने कहा कि हरिद्वार के मनसा देवी में श्रद्धालुओं में हुई भगदड़ जैसी घटनाओं पर काबू पाने के लिए प्रदेश के ऐसे सभी धार्मिक स्थलों, जहां महत्वपूर्ण दिवसों में श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ के कारण भगदड़ जैसी घटनाओं की आशंका बनी रही है, को चिन्हित कर उन में अंशकालिक एवं दीर्घकालिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

मुख्य सचिव ने कहा कि धार्मिक स्थलों के मार्गों में सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कर मार्गों का चौड़ीकरण कराया जाए। मार्गों से अतिक्रमण हटाने के लिए लगातार अभियान चलाए जाएं। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों में भीड़ प्रबंधन के लिए तकनीक का प्रयोग भी किया जाए। कहा कि धार्मिक स्थलों में अत्यधिक भीड़ होने पर मार्गों में श्रद्धालुओं को रोके जाने हेतु स्थल तैयार किए जाएं।

मुख्य सचिव ने कहा की प्रत्येक धार्मिक स्थल के लिए रूट और सर्कुलेशन प्लान तैयार किया जाए, ताकि धार्मिक स्थलों में अचानक भीड़ न हो। भीड़ होने की संभावना को देखते हुए श्रद्धालुओं को रोके जाने के लिए पूर्वनिर्धारित स्थानों में रोका जाए। मुख्य सचिव ने श्रद्धालुओं की संख्या का आंकलन करने के लिए तकनीक का उपयोग करते हुए भीड़ प्रबंधन तंत्र तैयार किए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए सभी प्रकार की भौतिक एवं तकनीकी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

मुख्य सचिव ने अधिक महत्वपूर्ण मंदिरों को प्राथमिकता पर लेते हुए पहले चरण में मनसा देवी, चंडी देवी, नीलकंठ, कैंचीधाम और पूर्णागिरि मंदिर का विशेषज्ञों के माध्यम से विश्लेषण करा लिया जाए।

### प्रॉपर प्लान और एसओपी हो तैयार

स्थानीय प्रशासन एवं धार्मिक स्थलों के हितधारकों को विशेषज्ञों की टीम को हर प्रकार की सहायता उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह विशेषज्ञों की टीम मंदिर क्षेत्र का विश्लेषण कर भीड़ प्रबंधन, निकासी योजना और बॉटल नेक एरिया के लिए सिविल इंजीनियरिंग और तकनीकी पहलुओं का परीक्षण कर विभिन्न जगहों पर रुकने के स्थान आदि के लिए एक प्रॉपर प्लान और प्रॉपर एसओपी तैयार करेगी। इस दौरान पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु सचिव शैलेश बगौली, धीराज सिंह गरब्याल, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में माध्यम से कमिश्नर कुमायूं दीपक रावत सहित अन्य उपस्थित थे।

# चंडीगढ़ प्रशासन स्मार्ट तकनीक को बढ़ावा देने से बढ़ रहा आगे



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ रिन्यूएबल एनर्जी एंड साइंस एंड टेक्नोलॉजी प्रमोशन सोसायटी की गवर्निंग बॉडी की बैठक आज राजीव वर्मा, मुख्य सचिव, संघ शासित प्रदेश चंडीगढ़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान इलेक्ट्रिक वाहन का औपचारिक शुभारंभ किया गया।

यह पोर्टल ईवी लाभार्थियों के लिए बेहतर पहुंच और पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु एक उपयोगकर्ता-अनुकूल डिजिटल मंच प्रदान करता है। यह पात्र नागरिकों को चंडीगढ़ ईवी नीति के अंतर्गत सबसिडी के लिए ऑनलाइन आवेदन करने, अपने आवेदन की स्थिति रीयल-टाइम में ट्रैक करने तथा पूरे चंडीगढ़ में सभी सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों का लोकेशन-आधारित नक्शा (गूगल मैप्स से एकीकृत) देखने की सुविधा देता है। मुख्य सचिव ने अवगत कराया कि चंडीगढ़ ने सभी सरकारी भवनों में सोलर फोटो संयंत्रों की स्थापना का संतृप्तिकरण हासिल कर लिया है जो सतत ऊर्जा और निम्न-कार्बन भविष्य की दिशा में शहर की प्रतिबद्धता को दर्शाने वाला एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

उन्होंने इस बात पर बल दिया कि जैसे नवाचारी तकनीकी परियोजनाएं जैसे साइकिल ट्रैकों पर प्रस्तावित एसपीवी संयंत्र उनकी व्यवहार्यता, प्रदर्शन और सौंदर्यात्मक पहलुओं की गहनता से समीक्षा की जाए।

चंडीगढ़ प्रशासन स्मार्ट तकनीक, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने तथा सतत् गतिशीलता व सौर ऊर्जा विस्तार के माध्यम से शहर को एक आदर्श स्वच्छ ऊर्जा नगर के रूप में विकसित करने के अपने लक्ष्य को प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रहा है।

# निजी स्कूल में कार्यरत टीचर का स्कूल वैन से किया अपहरण

**अनंत ज्ञान, फतेहाबाद**

जिले के शहर रतिया में भूना रोड पर गांव मुंशीवाली के पास मंगलवार दोपहर बाद उस समय हडक़ंप मच गया, जब एक कार में सवार कुछ युवकों ने गांव चंदों खुर्द के एक निजी स्कूल में कार्यरत टीचर का स्कूल वैन से अपहरण कर लिया और उसे अपने गाड़ी में लेकर फरार हो गए।

स्कूल वैन के चालक ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी, जिसके बाद सिटी थाना अध्यक्ष रणजीत सिंह व पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और नाकाबंदी कर जांच शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार गांव चंदो खुर्द स्थित निजी स्कूल की वैन दोपहर को स्कूल की छुट्टी के बाद बच्चों को लेकर गांव से रतिया की तरफ आ रही थी। इस स्कूल वैन में बच्चों के अलावा गांव सुखमनपुर निवासी एक टीचर भी वैन में मौजूद थी। जैसे ही वैन डिग्गी ढाणी और मुंशीवाली गांव के बीच में पहुंची तो एक कर में सवार कुछ युवकों ने स्कूल वैन को रुकवा लिया और वैन में मौजूद स्कूल टीचर को जबरदस्ती अपनी गाड़ी में अपहरण कर अज्ञात स्थान की तरफ ले गए। इस पर स्कूल वैन के चालक ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। सूचना मिलते ही सिटी थाना अध्यक्ष रणजीत सिंह व अन्य पुलिस कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और ड्राइवर से पूछताछ के आधार पर जांच शुरू कर दी है। सिटी थाना अध्यक्ष रणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम पर स्कूल वैन से टीचर के अपहरण की सूचना मिली थी।

## सोनीपत कोर्ट परिसर हमले में दो वकील बार से निष्कासित

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** जिला बार एसोसिएशन सोनीपत की मंगलवार को आपातकालीन जनरल हाउस बैठक आयोजित की गई, जिसमें हाल ही में हुए एक गंभीर घटनाक्रम पर चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि अधिवक्ता राकेश सरोहा पर उनकी पत्नी अधिवक्ता प्रीति दुगल व उनके भाई अधिवक्ता अमित दुगल ने आपसी विवाद के चलते कुछ बाहरी लोगों को बुलाकर कोर्ट परिसर में जानलेवा हमला करवाया। इस हमले में अधिवक्ता राकेश सरोहा घायल हो गए। एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने एकमत होकर इस कृत्य की कठोर शब्दों में निंदा की और इसे अधिवक्ता पेशे की गरिमा के विरुद्ध बताया। निर्णय के तहत अधिवक्ता प्रीति दुगल और अमित दुगल को जिला बार एसोसिएशन की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया है।

# राजीव गांधी भवन में जुटे दलित समुदाय के नेता और कार्यकर्ता, एकजुटता का संकल्प

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग द्वारा मंगलवार को राजीव गांधी कांग्रेस भवन, सेक्टर 35, चंडीगढ़ में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक एससी सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन एससी विभाग के अध्यक्ष धर्मवीर के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

इसमें चंडीगढ़ और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शोभा एआईसीसी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजिंदर गौतम और चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एचएस लक्की ने बढ़ाई, जिनका धर्मवीर और वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

राजिंदर गौतम ने भारत में अनुसूचित जाति आंदोलन के इतिहास और विकास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने ज्योतिबा फुले, डॉ. भीमराव अंबेडकर और अन्य सामाजिक सुधारकों के योगदान को याद किया, जिन्होंने समानता, शिक्षा और सशक्तिकरण की ज्योति जलाकर वंचितों को नई दिशा दी। उन्होंने वर्तमान सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियों में उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। लक्की ने अपने संबोधन में अनुसूचित जाति समुदाय की सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने देश के विभिन्न दलित नेताओं के योगदान को याद करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा कमजोर वर्गों के अधिकारों और गरिमा के प्रति समर्पित रही है। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी ने सिर्फ शब्दों में नहीं, बल्कि नीतियों, प्रतिनिधित्व और सकारात्मक कार्यों के माध्यम से एससी समुदाय के लिए कार्य किया है।

लक्की ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ऐतिहासिक रूप से अनुसूचित जातियों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया है और राहुल गांधी आज दलितों, आदिवासियों और वंचितों के अधिकारों की रक्षा तथा भारतीय संविधान की रक्षा के लिए सबसे मजबूती से आवाज उठा रहे हैं।

### लंदन में चाकू से हमला; दो की मौत, दो घायल

**एजेंसी, लंदन।** यूनाइटेड किंगडम में लॉन्ग लेन स्थित एक व्यावसायिक परिसर में चाकूबाजी की एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। सूत्रों के मुताबिक, मेट्रोपॉलिटन पुलिस को सोमवार दोपहर करीब 1 बजे (स्थानीय समय) हमले की सूचना मिली। आपातकालीन सेवाओं ने तुरंत प्रतिक्रिया की और पैरामेडिक्स ने घटनास्थल पर चाकू के हमले से घायल हुए चार लोगों का इलाज किया। इस हमले में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस चाकूबाजी में दो अन्य व्यक्ति भी घायल हुए हैं, जिनमें एक की हालत गंभीर है। (अनंत ज्ञान)

### कनाडा में विमान दुर्घटना में भारतीय की मौत

**एजेंसी, कनाडा।** टोरंटो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि कनाडा के न्यूफाउंडलैंड में एक वाणिज्यिक सर्वेक्षण विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, 26 जुलाई की शाम को कनाडा के न्यूफाउंडलैंड स्थित डियर लेक हवाई अड्डे के पास एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। टोरंटो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने मंगलवार को बताया कि इस दुर्घटना में एक भारतीय नागरिक गौतम संतोष की मौत हो गई। भारतीय दूतावास ने भी अपनी संवेदना व्यक्त की और मृतक के परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। (अनंत ज्ञान)



### पाक गोलीबारी में अनाथ हुए बच्चों को 'गोद' लेंगे राहुल

**एजेंसी, पुंछ।** पाकिस्तान और भारत के बीच में पहलगाम आतंकी हमले के बाद जबरदस्त तनाव देखने को मिला था। हालात ऐसे बन चुके थे कि दोनों तरफ से एक-दूसरे पर मिसाइल दागी जा रही थीं। अब इस बीच नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक बड़ी पहल की है। असल में राहुल गांधी उन 22 बच्चों को गोद लेने जा रहे हैं जिन्होंने पाक गोलीबारी में अपने माता-पिता गंवा दिए थे। इस बारे में जम्मू-कश्मीर कांग्रेस चीफ तारिक हामिद कर्रा ने कहा कि राहुल गांधी पुंछ के उन 22 बच्चों की शिक्षा का पूरा खर्चा उठाएंगे, जिन्होंने अपने दोनों माता-पिता पाक गोलीबारी में गंवा दिए थे। तारिक के मुताबिक पहली किस्त बुधवार को जारी की जाएगी। जब तक बच्चे ग्रेजुएट नहीं हो जाएंगे, मदद जारी रहेगी। राहुल गांधी ने मई में पुंछ दौरे के दौरान स्थानीय नेताओं से अपील की थी कि वे प्रभावित बच्चों की एक सूची तैयार करें, उसके बाद ही सर्वे कर एक लिस्ट बनी है। (अनंत ज्ञान)

### चीन में बाढ़ और भूस्खलन से 34 लोगों की मौत

**एजेंसी, बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग और आसपास के इलाकों में भारी बारिश और बाढ़ से अब तक 34 लोगों की मौत हो चुकी है। सूत्रों के मुताबिक बीजिंग के मियुन जिले में 28 और यानछिंग जिले में 2 लोगों की जान गई है। ये दोनों इलाके शहर के बाहरी हिस्सों में स्थित हैं। बाढ़ के चलते बीजिंग से 80 हजार से ज्यादा लोगों को निकाला गया है। इनमें से करीब 17 हजार मियुन जिले से हैं। लगातार बारिश की वजह से बीजिंग के कुछ हिस्सों में मंगलवार सुबह तक 30 सेंटीमीटर तक पानी गिरने की संभावना जताई गई थी। बीजिंग से लगे हपेई प्रांत की लुआनपिंग काउंटी में सोमवार को भूस्खलन हुआ। इसमें 4 लोगों की मौत हुई और 8 लोग लापता हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इलाके में नेटवर्क बंद है और संपर्क साधना मुश्किल हो गया है। (अनंत ज्ञान)



### पुतिन को अब 10-12 दिन का दिया जाएगा समय: ट्रंप

**एजेंसी, एडिनबर्ग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन में हत्याएं रोकने के लिए 10 से 12 दिन का समय दे रहे हैं, जो उन्होंने दो सप्ताह पहले रूसी नेता को दी गई 50 दिन की समय सीमा को कम कर दिया है। यूक्रेनी वायु सेना ने कहा कि रूस ने रात भर 300 से ज्यादा ड्रोन, चार क्रूज मिसाइलें और तीन बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जबकि ट्रंप के दबाव के बावजूद रूसी बमबारी यूक्रेनी शहरों पर जारी रही। अमेरिका के नेतृत्व वाले शांति प्रयास भी गति नहीं पकड़ पाए हैं। ट्रंप ने 14 जुलाई को कहा था कि अगर सितंबर की शुरुआत तक शांति समझौता नहीं हो जाता, तो वे रूस पर कड़े टैरिफ लगाएंगे। (अनंत ज्ञान)



## देश-विदेश

# श्रीलंकाई नौसेना ने 14 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**एजेंसी, चेन्नई**



भारत और श्रीलंका के बीच बार-बार पैदा हो रही टकराव की स्थिति के बीच पिछले 24 घंटों के भीतर धनुषकोडी से सटी समुद्री सीमा के पास श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के 14 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार सोमवार सुबह जैसे ही लगभग 350 मछुआरे रामेश्वरम से समुद्र में उतरे और धनुषकोडी और तलाईमन्नार के बीच के जलक्षेत्र में मछली पकड़ना शुरू किया वैसे ही श्रीलंकाई नौसेना ने कई मछली पकड़ने वाली नौकाओं को रोका और उनका पीछा किया।

जानकारी के मुताबिक अधिकांश नौकाएं अपने जाल निकालने के बाद सुरक्षित तट पर लौटने में सफल रहीं। हालांकि, थंगाचिमादम के 51 वर्षीय मछुआरे जस्टिन की एक नाव को घेर लिया गया और उसे पकड़ लिया। नौसेना ने नाव पर सवार सभी पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

वहीं, मंगलवार को तड़के एक अलग घटना में एक नाव में सवार नौ और मछुआरों को ऐसी ही परिस्थितियों में गिरफ्तार कर लिया गया। इसके साथ ही 24 घंटों के दौरान हिरासत में लिए गए भारतीय मछुआरों की कुल संख्या बढ़कर 14 हो गई है, जिससे तमिलनाडु के तटीय मछुआरा समुदायों में काफी अशांति फैल गई है। (अनंत ज्ञान)

## फिंगरप्रिंट के जरिए कर सकेंगे यूपीआई पेमेंट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** यूपीआई का इस्तेमाल करने वाले करोड़ों लोगों के लिए राहत की खबर है। जल्द ही यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के इस्तेमाल में पिन डालने की जरूरत नहीं होगी। फेस या फिंगरप्रिंट के जरिये पेमेंट्स कर पाएंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम यूपीआई में बायोमेट्रिक अपडेट लाने की तैयारी कर रहा है। इसके बाद यूपीआई से लेन-देन में पिन की जरूरत ऑप्शनल हो जाएगा, यानी यूजर्स पिन का ऑप्शनल इस्तेमाल कर पाएंगे। पिन मैनडेटरी नहीं होगा। यूजर्स बायोमेट्रिक के जरिये आसानी से पेमेंट कर पाएंगे। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम यूपीआई में यह अपडेट जारी करने की तैयारी कर रहा है, जिससे सुरक्षा और सुविधा में वृद्धि होने की उम्मीद है।

#### राष्ट्रपति रेफरेंस मामला

# 19 अगस्त से दलीलें सुनेगा सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए राष्ट्रपति रेफरेंस मामले पर सुनवाई का शेड्यूल तय कर दिया है। यह रेफरेंस इस अहम सवाल को उठाता है कि क्या अदालतें राज्य विधानसभाओं की ओर से पारित बिलों को मंजूरी देने के लिए गवर्नर या राष्ट्रपति के लिए समयसीमा तय कर सकती हैं। इस मामले में केंद्र और राज्यों को 12 अगस्त तक अपने लिखित जवाब दाखिल करने का आदेश दिया गया है।



चीफ जस्टिस बीआर गवई की अगुवाई वाली पांच जजों की बेंच ने साफ कर दिया है कि सुनवाई 19 अगस्त से शुरू होगी। कोर्ट ने सभी पक्षों को निर्देश दिया है कि वे अपनी दलीलें तय समय में पूरी करें, ताकि इस अहम मामले में जल्द और सटीक फैसला हो सके। कोर्ट ने सुनवाई के लिए सख्त समयसीमा तय की है। सीजेआई ने अपने आदेश में कहा कि रेफरेंस का समर्थन करने वाले पक्षों की सुनवाई 19, 20, 21 और 26 अगस्त को होगी। वहीं, रेफरेंस का विरोध करने वाले पक्षों की दलीलें 28 अगस्त और 3, 4, 9 सितंबर को सुनी जाएंगी। अगर केंद्र की ओर से कोई जवाबी दलील होगी, तो उसे 10 सितंबर को सुना जाएगा। सीजेआई ने जोर देकर कहा कि इस शेड्यूल का सख्ती से पालन होगा और सभी वकीलों को अपनी दलीलें तय समय में पूरी करनी होंगी। (अनंत ज्ञान)

# झारखंड में बस-ट्रक की टक्कर में 18 श्रद्धालुओं की मौत

**एजेंसी, झारखंड**



झारखंड में श्रावण मास में बाबा बैद्यनाथ धाम में चल रही कांवड़ यात्रा के दौरान एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। देवघर-बासुकीनाथ मुख्य पथ पर स्थित जमुनिया चौक के पास कांवड़ियों से भरी एक बस और ट्रक की भीषण टक्कर हो गई।

जानकारी के अनुसार, इस हादसे में कम से कम 18 कांवड़ियों की मौत हो गई है, जबकि दर्जनों श्रद्धालु घायल हुए हैं। कुछ अन्य रिपोर्टों में मृतकों की संख्या 9 और 30 से अधिक घायलों का जिक्र है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। सांसद निशिकांत दुबे ने ट्वीट किया है कि मेरे लोकसभा के देवघर में श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के दौरान बस और ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण 18 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। बाबा बैद्यनाथ जी उनके परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस और एंबुलेंस की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। सभी घायलों को देवघर के विभिन्न अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। जिला प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य जारी है। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिका में गोलीबारी पांच लोगों की मौत

**एजेंसी, न्यूयॉर्क सिटी।** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के मिडटाउन मैनहटन में एक ऑफिस बिल्डिंग में हुई गोलीबारी की घटना में कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक ऑफ-ड्यूटी न्यूयॉर्क पुलिस अधिकारी भी शामिल है। हमले के मुख्य संदिग्ध की पहचान नेवादा के शेन तमुरा के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, उसने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से लास वेगास का कंसील्ड कैरी परमिट भी बरामद हुआ है।

# जीसीसी कंपनियां देंगी 28 लाख नौकरियां

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) 2030 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 2 प्रतिशत का योगदान देंगे और 28 लाख रोजगार सृजित करेंगे। यह जानकारी मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।

चार्टर्ड सर्टिफाइड अकाउंटेंट्स एसोसिएशन (एसीसीए) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत में जीसीसी बैक-ऑफिस सपोर्ट हब से ग्लोबल वैल्यू क्रिएटर्स के रूप में विकसित हुए हैं, जो अब ग्लोबल कंपनियों के लिए इनोवेशन, टेक्नोलॉजी एडवांसमेंट और रिसर्च एवं डेवलपमेंट सेंटर्स के रूप में काम कर रहे हैं। जीसीसी देश के सर्विसेज निर्यात को बढ़ावा देकर और हाई-क्वालिटी वाली फाइनेंस नौकरियां सृजित करके भारत की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा दे रहे हैं और ये वैश्विक परिचालन के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और दुनिया भर की टीमों के साथ मिलकर काम करते हैं। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 447 अंक बढ़कर बंद, निफ्टी 24800 के पार

**एजेंसी, मुंबई**



लगातार तीन दिनों की गिरावट के बाद मंगलवार को 29 जुलाई को भारतीय शेयर बाजारों में तेजी लौटी। निवेशकों ने निचले स्तरों पर जमकर वैल्यू बाइंग की, जिसके चलके बाजार में चौतरफा खरीदारी देखने को मिली। कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 446.93 अंकों या 0.55 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,337.95 पर बंद हुआ।

वहीं, एनएसई निफ्टी 140.20 अंक या 0.57 प्रतिशत चढ़कर 24,821.10 के स्तर पर बंद हुआ। इस बीच, वोलैटिलिटी इंडेक्स इंडिया में 4 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट देखी गई और यह 11.54 के स्तर पर आ गया। वोलैटिलिटी इंडेक्स में गिरावट इस बात का संकेत है निवेशकों के अंदर घबराघट कम हो रही है।

ब्रॉडर मार्केट्स ने भी जबरदस्त प्रदर्शन किया। कई दिनों की लगातार गिरावट के बाद निफ्टी मिडकैप 100 में आज 0.8 प्रतिशत की तेजी आई। वहीं, निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स ने आठ दिनों की गिरावट को तोड़ते हुए लगभग एक प्रतिशत की बढ़त हासिल की। (अनंत ज्ञान)

**कवायद** 50 वर्षीय विजन के साथ होगा अनेक नई सुविधाओं का विकास

# श्री अंबाजी मंदिर से गब्बर तक बनेगा भव्य कॉरिडोर

**एजेंसी, गांधीनगर**



गुजरात सहित समग्र देश एवं विश्व में विख्यात तथा करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के प्रतीक अंबाजी यात्राधाम में भाद्रपदी पूर्णिमा मेला सहित सभी पूर्णिमाओं पर और लगभग पूरे वर्ष भी लाखों श्रद्धालु उमड़ते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में इस यात्राधाम का बहुमुखी विकास होता रहा है और राज्य सरकार अब अंबाजी यात्राधाम को मॉडल टेम्पल टाउन के बेंचमार्क के रूप में विकसित करना चाहती है।

इसके लिए राज्य सरकार ने 1632 करोड़ रुपए का मेगा मास्टर प्लान तैयार किया है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल इस मास्टर प्लान के क्रियान्वयन पर सीधी देख-रेख रख रहे हैं, तो युवा, सेवा एवं सांस्कृतिक मामलों के राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने भी हाल ही में मास्टर प्लान के क्रियान्वयन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की है।

प्रधानमंत्री मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने भी अंबाजी के विकास के लिए अनेक सफल प्रयासों का सूत्रपात किया था। राज्य सरकार के पर्यटन विभाग के अंतर्गत कार्यरत गुजरात पवित्र यात्राधाम विकास बोर्ड इस समग्र मास्टर प्लान पर कार्य कर रहा है। इस मास्टर प्लान के केंद्र में हैं, गब्बर पर्वत, जहां माना जाता है कि देवी सती का हृदय है और अंबाजी माता का मंदिर, जो विशा यंत्र का स्थान है। यह मास्टर प्लान इन दोनों पवित्र स्थलों के आध्यात्मिक रूप से एकीकरण की कल्पना करता है, जिसके अंतर्गत इन दोनों तीर्थस्थलों को भव्य एवं दिव्य रूप से परस्पर जोड़ा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### विश्व चैंपियनशिप में भारतीय तैराकों का निराशाजनक प्रदर्शन जारी

**एजेंसी, सिंगापुर।** भारतीय तैराकों का दोहा में चल रही विश्व तैराकी चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा जब कोई भी तैराक अपनी हीट से आगे नहीं बढ़ पाया। अनुभवी साजन प्रकाश अपने पसंदीदा 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में 24वें स्थान पर रहे और सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूक गए। प्रकाश ने 1:59.33 सेकंड का समय लिया। शीर्ष 16 तैराकों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस परिणाम के साथ ही 31 साल के प्रकाश का मौजूदा चैंपियनशिप में अभियान समाप्त हो गया। वह इससे पहले वह सोमवार को वह 200 मीटर फ्रीस्टाइल में 43वें स्थान पर रहे थे। पुरुषों की 800 मीटर फ्रीस्टाइल में आर्यन नेहरा 8:21.30 सेकंड के सामान्य से कम समय के साथ 23वें स्थान पर रहे। फाइनल में केवल शीर्ष आठ तैराक ही आगे बढ़े। नेहरा ने चैंपियनशिप के पिछले सत्र (2023) में 08:00.76 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। उनका अभियान भी समाप्त हो गया। वह 50 मीटर बटरफ्लाई में 91 तैराकों में से 57वें स्थान पर रहे थे। एसपी लिकित ने पुरुषों की 50 मीटर बैकस्ट्रोक में 28.45 सेकंड के समय के साथ 50वां स्थान हासिल कर अपना अभियान समाप्त किया। (अनंत ज्ञान)

### भारतीय तेज गेंदबाज उमेश यादव ने उज्जैन पहुंचकर महाकाल के किए दर्शन

**एजेंसी, दिल्ली।** भारत के तेज गेंदबाज उमेश यादव नाग पंचमी के मौके पर मंगलवार को श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचे। जहां उन्होंने भस्म आरती में शामिल होकर टीम इंडिया में वापसी की मन्नत मांगी। बता दें मौजूदा समय में भारतीय टीम इंग्लैंड के दौरे पर पांच टेस्ट मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी खेल रही है। वहीं, उमेश यादव ने अपना आखिरी टेस्ट 2023 में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेला था। उसके बाद से वह मौके का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, टेस्ट करियर में यादव ने 57 मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने 30.95 के औसत से 170 विकेट अपने नाम किए हैं। उन्होंने भारत के लिए आखिरी बार 2023 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। उस मैच में यादव ने 40 ओवरों में 131 रन देकर 2 विकेट लिए थे। इसके बाद से उन्हें फिर टीम में नहीं चुना गया और वे एक और मौके का इंतजार कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### वानखेड़े स्टेडियम से आईपीएल टीमों की 261 जर्सी चोरी होने से मचा हड़कंप

**एजेंसी, मुंबई।** मरीन ड्राइव पुलिस ने वानखेड़े स्टेडियम में स्थित बीसीसीआई के आधिकारिक मर्चेंडाइज स्टोर से 261 आईपीएल जर्सी चोरी होने की एफआईआर दर्ज कराई है। चोरी की गई जर्सी कीमत 6.52 लाख रुपए बताई जा रही है। इस हिसाब से एक जर्सी की कीमत 2500 रुपए है। इस चोरी के आरोप में 46 वर्षीय सुरक्षा प्रबंधक फारुख असलम खान के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, बीसीसीआई कर्मचारी हेमंग भरत कुमार अमीन ने शिकायत दर्ज कराई है। अमीन ने आरोप लगाया कि फारुख ने स्टोर में अनधिकृत रूप से प्रवेश कर दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, कोलकाता नाइट राइडर्स, पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स जैसी आईपीएल टीमों की आधिकारिक जर्सी चुराई हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों की मदद से घटना की तह तक जाने की कोशिश कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### आकर्षक अंदाज में नीना स्टोजानोविक

**सर्बियाई** खिलाड़ी नीना स्टोजानोविक एक आकर्षक और प्रतिभाशाली महिला हैं। अपनी मनमोहक मुस्कान और गहरे सुनहरे बालों के साथ, वह कोर्ट पर एक ताकत हैं। स्टोजानोविक 17 जनवरी, 2022 को डब्ल्यूटीए युगल रैंकिंग में शीर्ष 37 में पहुंच गईं। उन्होंने आईटीएफ सर्किट पर दस एकल और चौबीस युगल खिताब जीते हैं।



### गौतम गंभीर और ओवल के क्यूरेटर ली फोर्टिस के बीच तीखी बहस

**एजेंसी, लंदन।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर और ओवल मैदान के मुख्य क्यूरेटर ली फोर्टिस के बीच तीखी बहस हो गई और गंभीर को मैदानकर्मियों की ओर उंगली उठाकर यह कहते सुना गया, ''तुम नहीं बताओगे कि हमें क्या करना है।'' ओवल पर भारत और इंग्लैंड के बीच बृहस्पतिवार से पांचवां और



आखिरी टेस्ट खेला जायेगा। मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट में हार की कगार पर पहुंचकर ड्रॉ कराने वाली भारतीय टीम ने दो दिन पहले अभ्यास शुरू कर दिया है। गंभीर और क्यूरेटर के बीच की बहस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक को बीच बचाव करना पड़ा था। यह स्पष्ट नहीं है कि दोनों के बीच बहस का कारण क्या था लेकिन समझा जाता है कि अभ्यास पिचों की हालत को देखकर यह बहस शुरू हुई। बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने बीच बचाव किया और फोर्टिस को दूसरे कोने पर ले जाकर उनसे लंबी बात की। इसके बाद फोर्टिस और गंभीर अलग अलग रास्ते चले गए लेकिन गंभीर अभ्यास सत्र के लिये लौटे। साइ सुदर्शन पहुंचे जबकि स्पिनर कुलदीप को भी अभ्यास करते देखा गया।(अनंत ज्ञान)

## तेंदुलकर एंडरसन ट्रॉफी — पांचवां और आखिरी टेस्ट कल से शुरू

# ओवल में हिसाब बराबरी का मौका

**एजेंसी, दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां और आखिरी टेस्ट 31 जुलाई से खेला जाएगा। मुकाबला लंदन के द ओवल स्टेडियम में होगा, जिसके लिए दोनों ही टीमें लंदन पहुंच चुकी हैं। भारत ने यहां 15 टेस्ट खेले और महज 2 जीते। हालांकि, पिछली जीत 2021 में ही मिली थी। भारत ने द ओवल टेस्ट जीत लिया तो टीम सीरीज को 2-2 से बराबर कर लेगी। वहीं मुकाबला ड्रॉ हुआ या इंग्लैंड जीती तो सीरीज भी होम टीम के नाम हो जाएगी। पांचवें टेस्ट में भारतीय कप्तान शुभमन गिल के पास 3 बड़े रिकॉर्ड्स बनाने का मौका भी है। (अनंत ज्ञान)



**ओवल में भारत का प्रदर्शन**

| टेस्ट | जीत | हार | ड्रॉ |
|---|---|---|---|
| 15 | 2 | 6 | 7 |

**इंग्लैंड का प्रदर्शन**

| टेस्ट | जीत | हार | ड्रॉ |
|---|---|---|---|
| 106 | 45 | 24 | 37 |

### ओवल में भारत ने 2 टेस्ट जीते

**लंदन** के द ओवल स्टेडियम में भारत ने 1936 में पहला टेस्ट खेला था, तब टीम को 9 विकेट से हार मिली थी। टीम को इस मैदान पर पहला टेस्ट जीतने में 35 साल लग गए। भारत ने 1971 में अजीत वाडेकर की कप्तानी में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया था। 1971 के बाद भारत ने द ओवल में 5 टेस्ट ड्रॉ कराए, जबकि 3 गंवाए। टीम को फिर इस मैदान पर 2021 में विराट कोहली की कप्तानी में दूसरी जीत मिली। उन्होंने 157 रन से टीम को जीत दिलाई थी। इस मैदान पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 14 टेस्ट खेले, 2 जीते और 5 गंवाए। इस दौरान 7 मुकाबले ड्रॉ रहे।

### डब्ल्यूटीसी फाइनल भी यहीं गंवाया था

**भारत** ने द ओवल में आखिरी टेस्ट 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। यह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल था, जिसमें भारत को 209 रन से हार का सामना करना पड़ा था। रोहित शर्मा टीम इंडिया के कप्तान थे, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज की टीम अनाउंस होने से पहले ही इस फॉर्मेट को अलविदा कह दिया।

### ओवल स्टेडियम में 43 प्रतिशत टेस्ट जीता है इंग्लैंड

इंग्लैंड ने द ओवल स्टेडियम में 106 टेस्ट खेले। 45 में टीम को जीत और महज 24 में हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान 37 मुकाबले ड्रॉ भी रहे। हालांकि, इंग्लैंड यहां 52 रन पर ऑलआउट भी हो चुका है। टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1948 में इस स्कोर पर आउट हुई थी। भारत के खिलाफ टीम 1971 में इस मैदान पर 101 पर सिमट चुकी है।

### पहले बैटिंग करने वाली टीमों ने 37 प्रतिशत मैच जीते

**द** ओवल में अब तक 107 टेस्ट हुए। 37 प्रतिशत में यानी 40 मुकाबलों में पहले बैटिंग करने वाली टीमों को जीत मिली। वहीं 30 मैच पहले बॉलिंग करने वाली टीमों के नाम रहे। यहां 37 मैच ड्रॉ रहे। 2011 के बाद से द ओवल में 14 टेस्ट हुए, जिनमें महज 1 मुकाबला ड्रॉ रहा। 8 में पहले बैटिंग और 5 में पहले बॉलिंग करने वाली टीमों को जीत मिली। ऐसे में टीमें टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुन सकती हैं।

## मंधाना की जगह महिला वनडे में नंबर वन बल्लेबाज बनी इंग्लैंड की स्किवर ब्रंट

**एजेंसी, दुबई**

भारत-इंग्लैंड विमेंस के बीच खेली गई वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शतक (102) लगाया था। इंग्लैंड की कप्तान नेटली स्किवर-ब्रंट आईसीसी विमेंस रैंकिंग में टॉप पर पहुंच गई हैं। उन्होंने भारत की स्मृति मंधाना को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया है। स्किवर-ब्रंट के अब 731 रेटिंग प्वाइंट्स हो गए हैं, जबकि मंधाना के 728 अंक हैं।





यह दूसरी बार है जब स्किवर-ब्रंट वनडे रैंकिंग में टॉप पर पहुंची हैं, इससे पहले 2023 में भी वह नंबर-1 पर थीं। स्किवर-ब्रंट ने डरहम में भारत के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में 98 रन बनाकर यह उपलब्धि हासिल की है। इस ऑलराउंडर ने पारी को संभाला, हालांकि इंग्लैंड 13 रनों से हार गया और भारत ने सीरीज 2-1 से जीत ली। (अनंत ज्ञान)

### हरमनप्रीत को 10 स्थान का फायदा

**इंग्लैंड** के खिलाफ आखिरी वनडे में भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शानदार और मैच जिताने वाली शतकीय पारी खेली थी। उन्होंने 84 गेंदों में 102 रन बनाए थे। हरमनप्रीत भी बल्लेबाजों की लिस्ट में 10 स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर पहुंच गई हैं। जेमिमा रोड्रिग्स दो स्थान ऊपर 13वें स्थान पर पहुंचीं, जबकि रिचा घोष नौ स्थान की छलांग लगाकर 39वें स्थान पर पहुंचीं और 516 अंकों के साथ करियर की बेस्ट रैंटिंग हासिल की।

### बॉलर्स में सोफी टॉप पर

**वनडे** की बॉलर्स रैंकिंग में इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टन टॉप पर हैं। उन्होंने 3 वनडे में 5 विकेट झटके, जिनमें दूसरे मैच में 3/27 के आंकड़े शामिल हैं। उनकी रेटिंग बढ़कर 795 हो गई और उन्होंने टॉप स्थान और मजबूत कर लिया।

## सात्विक, चिराग बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में शीर्ष दस में लौटे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी बीडब्ल्यूएफ पुरूष युगल विश्व रैंकिंग में फिर शीर्ष दस में पहुंच गए। दोनों पिछले सप्ताह चीन ओपन में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे जिससे उन्हें तीन पायदान का फायदा मिला।





**पीवी सिंधु का 15वां स्थान बरकरार**

दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी और फिलहाल दसवें नंबर पर काबिज चिराग और सात्विक को मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूइ यिक ने 21 . 13, 21 . 17 से हराया। इससे पहले वे सिंगापुर ओपन और इंडिया ओपन में भी सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। पुरुष एकल में भारत के शीर्ष खिलाड़ी लक्ष्य सेन 17वें स्थान पर पहुंच गए जबकि एचएस प्रणय 33वें स्थान पर हैं। (अनंत ज्ञान)

**महिला** एकल में उन्नति हुड्डा करियर की सर्वश्रेष्ठ 31वीं रैंकिंग पर पहुंच गई जिन्होंने पिछले सप्ताह दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधु को हराया था। सिंधु 15वें स्थान पर बनी हुई हैं। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद 11वें नंबर पर बने हुए हैं जबकि तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा दो पायदान चढ़कर 45वें स्थान पर आ गए।

## युजिनी बुकार्ड, रादुकानू और ओसाका दूसरे दौर में पहुंचे

**एजेंसी, दिल्ली**

**कैनेडियन ओपन 2025**

युजिनी बुकार्ड ने मंगलवार को 'कैनेडियन ओपन' में एमिलियाना अरांगो को तीन सेटों में 6-4, 2-6, 6-2 से शिकस्त दी। 2014 विंबलडन फाइनलिस्ट युजिनी इस महीने की शुरुआत में घोषणा कर चुकी थीं कि यह उनके करियर का अंतिम टूर्नामेंट होगा। पूर्व वर्ल्ड नंबर 5 बुकार्ड, इस टूर्नामेंट में बतौर वाइल्ड कार्ड खेल रही हैं।

डब्ल्यूटीए में उनकी कोई रैंकिंग नहीं है। अब अगले दौर में उनका सामना 17वीं वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेंचिच से होगा। (अनंत ज्ञान)



### एम्मा रादुकानू ने दर्ज की जीत

**रादुकानू** ने नॉर्थ अमेरिकन समर हार्ड-कोर्ट सीजन की मजबूत शुरुआत को जारी रखते हुए रोमानिया की एलेना-गैब्रिएला रुसे को 6-2, 6-4 से हराया। पीआईएफ डब्ल्यूटीए सिंगल्स रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर 33 तक पहुंच चुकी हैं।

### नाओमी ओसाका ने एरियाना को हराया

**मॉन्ट्रियल** के सेंटर कोर्ट पर खेले गए अगले मुकाबले में जापान की चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने कनाडा की क्वालिफायर एरियाना आर्सेनॉल्ट को 6-4, 6-2 से हराया। यह मैच 1 घंटे 16 मिनट तक चला। दूसरे दौर में ओसाका का सामना नंबर 13 सीड ल्यूडमिला समसोनोवा से होगा। दोनों के बीच अब तक चार मुकाबले हुए, जिनमें से दो ओसाका ने जीते।

## मानसिक दृढ़ता और जीतने की इच्छाशक्ति से दिव्या ने जीता विश्व कप : सुसैन पोल्गर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

महान शतरंज खिलाड़ी सुसैन पोल्गर ने कहा है कि दिव्या देशमुख को मानसिक दृढ़ता और जीत की ललक के कारण विश्व कप खिताब जीतने में मदद मिली। उन्नीस वर्ष की दिव्या ने अपने से कहीं अनुभवी और ऊंची रेटिंग वाली कोनेरू हम्पी को हराकर जॉर्जिया के बातुमी में सोमवार को खिताब जीता।



इसके साथ ही उन्होंने 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया और भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर भी बन गई। सुसैन ने पीटीआई वीडियो से कहा, ''दिव्या को ऐतिहासिक जीत पर बधाई। शानदार प्रदर्शन। टूर्नामेंट से पहले वह खिताब की प्रबल दावेदार नहीं थी लेकिन उसने अपनी मानसिक दृढ़ता और जीतने की ललक के चलते यह कारनामा कर दिखाया।''

हंगरी और अमेरिका की ग्रैंडमास्टर ने कहा, ''कई मुकाबलों में वह संकट में भी थी और बढ़त का फायदा नहीं उठा सकी लेकिन जीतने के बाद अब वह सब बेमानी है। उसने जुझारूपन नहीं छोड़ा और इसी दृढ़ता से जीत तक पहुंची।''

1996 से 1999 तक विश्व चैम्पियन रह चुकी सुसैन ने स्वीकार किया कि भारतीय शतरंज सफलता के नए आयामों को छू रहा है और विश्वनाथन आनंद जैसे दिग्गज जब नयी पीढ़ी के खिलाड़ियों का मार्गदर्शन दे रहे हैं तो भारत का भविष्य खेल में उज्ज्वल है।

उन्होंने कहा, ''गुकेश जब 12 वर्ष की उम्र में ग्रैंडमास्टर बने तब वह भारतीय संभावितों में सबसे ऊंची रेटिंग वाले खिलाड़ियों में से भी नहीं थे। मैने तभी जान लिया था कि वह बहुत आगे जाएगा। लोगों को अजीब भी लगा लेकिन 50 ग्रैंडमास्टर के साथ काम कर चुकी कोच होने के नाते मैंने उसमें वह गुण देखे थे।''

**भारतीय शतरंज सफलता के नए आयामों को छू रही**

उन्होंने कहा, ''दिव्या के साथ भी ऐसा ही है। वह भारत की सबसे ऊंची रेटिंग वाली खिलाड़ी भले ही नहीं हो लेकिन उसमें जीत के गुण हैं। ये युवा बेखौफ हैं और इनमें जीत की ललक है। इससे उनके खेल की कुछ खामियां भी ढक जाती है। उम्मीद है कि कड़ी मेहनत, अनुभव और अभ्यास से ये कमियां भी छिप जाएंगी।''(अनंत ज्ञान)

## आर्चर को 5वें टेस्ट के लिए आराम देकर एटकिंसन को उतारें : ब्रॉड

**एजेंसी, लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि भारत के खिलाफ निर्णायक पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड को तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को आराम देना चाहिए जिन्होंने चार साल बाद टेस्ट टीम में वापसी की है। आर्चर ने लॉर्ड्स टेस्ट में वापसी करते हुए तीसरी गेंद पर ही विकेट लिया और मैच में पांच विकेट चटकाये। उन्होंने मैनचेस्टर में पिछला टेस्ट भी खेला। ब्रॉड ने स्काय स्पोर्ट्स से कहा, ''हम चार साल तक आर्चर को बाहर नहीं रख सकते और फिर वापसी के बाद उससे इतनी ज्यादा गेंदबाजी कराके फिर अगले चार साल तक बाहर नहीं कर सकते।'' आर्चर ने मैनचेस्टर में चार विकेट लिये जबकि इंग्लैंड के बाकी गेंदबाज लय के लिये जूझते नजर आए।

ब्रॉड ने कहा, ''मुझे लगता है कि गस एटकिंसन को खेलना चाहिये। उस पर इतना कार्यभार नहीं रहा है और उसे मौका मिलना चाहिये। टेस्ट क्रिकेट में अभी तक शीर्ष स्तर की टीमों के खिलाफ उसे आजमाया नहीं गया है।'' उन्होंने कहा, ''ब्रायडन कार्स ने चौथे टेस्ट में पूरी कोशिश की लेकिन वह थका हुआ लग रहा था। जोश टंग ने पहला टेस्ट खेला और निचले क्रम के बल्लेबाजों के ही विकेट लिये लेकिन वह आर्चर का विकल्प हो सकता है।'' इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि चार साल बाद वापसी करने पर आर्चर को तीन टेस्ट खिलाने चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## टी20 मैच में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज का सूपड़ा किया साफ

**एजेंसी, सेंट किट्स**

ऑस्ट्रेलिया ने पांचवां और आखिरी टी20 मैच तीन विकेट से जीतकर वेस्टइंडीज दौरे का अंत 8-0 से जीत के साथ किया है। कंगारुओं ने टेस्ट सीरीज 3-0 से जीती और इसके बाद पांचों टी20 भी अपने नाम किए। ऑस्ट्रेलिया की इस जीत में टॉस ने भी अहम भूमिका निभाई। लगातार आठवीं बार टॉस जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाजी के न्योता दिया। वेस्टइंडीज की टीम दो गेंद बाकी रहते 170 रन पर ऑलआउट हो गई। शिमरोन हेटमायर ने 52 और शेरफान रदरफोर्ड ने 35 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 18 गेंद बाकी रहते सात विकेट पर 173 रन बना लिए और मैच जीत लिया। मिचेल ओवन ने 37 रन और कैमरन ग्रीन ने 32 रन की पारी खेली। (अनंत ज्ञान)



### कैमरन ग्रीन ने संभाली पारी

**कैमरन** ग्रीन ने ऑस्ट्रेलियाई पारी को संभाला और टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। उन्होंने टिम डेविड के साथ चौथे विकेट के लिए 14 गेंदों में 35 रन और मिशेल ओवेन के साथ पांचवें विकेट के लिए 29 गेंदों में 63 रन की साझेदारी की। ग्रीन ने 18 गेंदों में 32 रन, डेविड ने 12 गेंदों में 30 रन और ओवेन ने 17 गेंदों में 37 रन बनाए।

### हेटमायर की साझेदारियां

**शिमरन** हेटमायर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए तीन महत्वपूर्ण साझेदारियां कीं। उन्होंने पहले शेरफेन रदरफोर्ड के साथ चौथे विकेट के लिए 18 गेंदों में 32 रन जोड़े। जेसन होल्डर के साथ पांचवें विकेट के लिए 30 गेंदों में 47 रन और सातवें विकेट के लिए 15 गेंदों में 32 रन की साझेदारी की। इन साझेदारियों की बदौलत वेस्टइंडीज का स्कोर 170 तक पहुंचा।

### ग्रीन ने 18 गेंदों में 32 रन बनाए

**वेस्टइंडीज** की ओर से अकील होसैन ने 4 ओवर में 17 रन देकर 3 विकेट लिए। जेसन होल्डर ने 3 ओवर में 36 रन देकर 2 विकेट और अल्जारी जोसेफ ने 2.1 ओवर में 21 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

## अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला — एथलेटिक्स टूर्नामेंट 2025 में खिलाड़ियों में उत्साह

# टूर्नामेंट में लड़कों की करवाई 1500 मीटर की दौड़

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** चंबा की ऐतिहासिक धरती ने एक बार फिर खेलों के रंग में सराबोर होते हुए अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला एथलेटिक्स टूर्नामेंट 2025 का शानदार आयोजन देखा। जिले और आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में दमदार प्रदर्शन कर खेल भावना और प्रतिभा का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती (आईएएस) ने टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि 'खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का आधार हैं। ऐसे आयोजन न केवल खिलाड़ियों को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि उनमें अनुशासन, नेतृत्व और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को भी



अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला एथलेटिक्स टूर्नामेंट के दौरान 1500 मीटर दौड़ में हिस्सा लेते हुए खिलाड़ी।

प्रोत्साहित करते हैं।

इस दौरान टूर्नामेंट में 1500 मीटर (पुरुष एवं महिला), 800 मीटर (पुरुष एवं महिला), 400 मीटर (पुरुष एवं महिला), 200 मीटर (पुरुष एवं महिला), 600 मीटर (बालक एवं बालिका) तथा 300 मीटर (बालक एवं बालिका) दौड़ का रोमांच देखने को मिला। खिलाड़ियों ने अपनी पूरी ताकत और कौशल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस भव्य आयोजन के पीछे अध्यक्ष शौकत अली और महासचिव उमेश चौना का विशेष योगदान रहा।

उन्होंने कहा कि मिंजर मेला अब सिर्फ सांस्कृतिक पर्व नहीं, बल्कि खेल प्रतिभाओं को पहचान दिलाने का मंच भी बन चुका है।

मिंजर मेला न केवल सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, बल्कि अब यह खेल प्रतिभाओं के उभार का भी सशक्त माध्यम बन चुका है। टूर्नामेंट के सफल आयोजन ने इस परंपरा को और मजबूत किया है।

## सर्जरी के कारण अविनाश विश्व चैंपियनशिप से बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता 3000 मीटर स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले की एड़ी की सर्जरी हुई है। उन्हें यह चोट इस महीने की शुरुआत में मोनाको डायमंड लीग के दौरान लगी थी। यह भारतीय खिलाड़ी अब सितंबर में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप से बाहर हो गया है।



मौजूदा एशियाई चैंपियन और 2023 के हांगझोऊ एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता 30 वर्षीय साबले का मुंबई के एक अस्पताल में ऑपरेशन हुआ। यह ऑपरेशन जाने-माने सर्जन डॉ. दिनशॉ पारदीवाला की देखरेख में किया गया। एसीएल सर्जरी को ठीक होने में आमतौर पर कम से कम छह महीने लगते हैं। इसका मतलब है कि साबले तोक्यो विश्व चैंपियनशिप (13-21 सितंबर) से बाहर हो जाएंगे और अगले साल ही वापसी कर पाएंगे।

साबले ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, ''मोनाको डायमंड लीग के दौरान मेरे दाहिने घुटने में 'एसीएल और मेनिस्कस' की चोट लग गई थी। मैंने कोकिलाबेन अस्पताल में डॉ. दिनशॉ पारदीवाला और उनकी टीम की विशेषज्ञ देखरेख में अपनी सर्जरी पूरी की, जिनका आभार करने के लिए मेरे पास शब्द कम है।''

उन्होंने अस्पताल की बिस्तर से तस्वीर साझा करते हुए लिखा, ''मेरे लिए यह एक बड़ा झटका है, लेकिन मैं कड़ी मेहनत करने और और मजबूत होकर वापसी करने के लिए दृढ़ हूं।'' (अनंत ज्ञान)